जबलपुर

बुधवार 11 मार्च 2026

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






SHOWROOMS: MADHYA PRADESH: JABALPUR: RENAULT JABALPUR WEST Ph: 7291980314. RENAULT AGAR Ph: 8448220030. RENAULT BHOPAL NEW Ph: 9289220870. RENAULT CHHATARPUR Ph: 7603868297. RENAULT CHHINDWARA Ph: 9667215285. RENAULT DAMOH Ph: 9289263623. RENAULT GWALIOR CITY Ph: 8448383235. INDORE: RENAULT INDORE Ph: 9821199958, RENAULT INDORE EAST Ph: 9289263821. RENAULT MANDSAUR Ph: 8448220394. RENAULT SAGAR Ph: 9311340949. RENAULT SATNA Ph: 7290094892. RENAULT SHAHDOL Ph: 7029805696. RENAULT UJJAIN Ph: 8448220031.

# कैबिनेट ने 8.8 लाख करोड़ की परियोजनाओं को दी मंजूरी, रेल यातायात भी होगा आसान

**मंत्री वैष्णव ने बताया कि 8.8 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी**

## बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को नई रफ्तार देंगे, एफडीआई नियमों में दी ढील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र ने विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक अहम कदम उठाते हुए चीन सहित भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों को आसान बना दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। भारत का चीन के साथ व्यापारिक घाटा लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को दी।

### 'प्रेस नोट 3' के प्रावधानों में ढील दी



सरकार ने 2020 में जारी 'प्रेस नोट 3' के प्रावधानों में ढील दी है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय कंपनियों के अवसरवादी अधिग्रहण को रोकने के लिए यह सख्त नियम लागू किया गया था। पुराने नियमों के अनुसार, भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों- चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान- से आने वाले किसी भी निवेश के लिए सरकार की पूर्व मंजूरी अनिवार्य कर दी गई थी। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों में भारी तनाव आ गया था। इसके परिणामस्वरूप, भारत सरकार ने टिकटॉक, वीचैट और यूसी ब्राउजर जैसे 200 से अधिक चीनी मोबाइल ऐप्स पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### कई क्षेत्रों की महत्वाकांक्षी परियोजनाएं होंगी पूरी

देश में रणनीतिक बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को नई रफ्तार देने के लिए भी केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। वैष्णव ने बताया कि 'स्ट्रैटेजिक इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कनेक्टिविटी इन्वेस्टमेंट एजेंडा 2024' के तहत कैबिनेट ने कुल 8.8 लाख करोड़ की विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को अपनी मंजूरी दे दी है। इन फैसलों में रेलवे, हाईवे, एविएशन और ग्रामीण जल आपूर्ति जैसे प्रमुख सेक्टर्स शामिल हैं, जो अर्थव्यवस्था को गति देने में अहम भूमिका निभाएंगे।

#### जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाया

इसमें सबसे बड़ा हिस्सा बुनियादी जरूरतों और ग्रामीण विकास पर केंद्रित है। सरकार ने 'जल जीवन मिशन' के विस्तार के लिए 8.7 लाख करोड़ के भारी-भरकम बजट को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट ने जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है।

### कनेक्टिविटी और यातायात सुविधाओं का होगा विस्तार

- **एविएशन सेक्टर:** एक प्रमुख नीतिगत फैसले के तहत मदुरै एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट घोषित किया गया है।
- **रोड नेटवर्क:** जेवर एयरपोर्ट और फरीदाबाद सेक्शन को जोड़ने वाले एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए 3,631 करोड़ मंजूर किए गए हैं। बदनावर-थांदला-टिमरवानी राजमार्ग को 4-लेन बनाने के लिए 3,839 करोड़ का आवंटन किया गया है।
- **रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर:** रेल यातायात की भीड़ कम करने और माल ढुलाई को तेज करने के लिए संतरागाछी-खड़गपुर के बीच चौथी लाइन बिछाने के लिए 2,905 करोड़ की मंजूरी दी गई है। इसी तरह सैंथिया-पाकुड़ के बीच चौथी रेलवे लाइन के लिए 1,569 करोड़ आवंटित किए गए हैं।

### व्यापार और निवेश के प्रमुख आंकड़े

- ऐतिहासिक रूप से भारत में चीनी निवेश का हिस्सा बहुत कम रहा है। अप्रैल 2000 से दिसंबर 2021 के बीच भारत में हुए एफडीआई इक्विटी प्रवाह में चीन की हिस्सेदारी 2.45 बिलियन डॉलर रही है।
- **बढ़ता व्यापार:** न्यूनतम निवेश के बावजूद, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार कई गुना बढ़ा है और बीजिंग भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनकर उभरा है।
- **आयात-निर्यात:** वर्ष 2024-25 में चीन से भारत का आयात 11.52 फीसदी बढ़कर 113.45 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि निर्यात 14.5फीसदी घटकर 14.25 बिलियन डॉलर रहा।

### अन्य अहम फैसले

कैबिनेट ने कॉरपोरेट सेक्टर को राहत देने वाले दो अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों को भी मंजूरी दी है। दिवाला प्रक्रिया को और अधिक सुचारू बनाने के लिए 'इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड ( बिल 2025' में संशोधनों को मंजूरी दी गई है। यह बदलाव सेलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर किया गया है।कंपनियों के कामकाज को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'कॉरपोरेट कानून संशोधन विधेयक' को भी हरी झंडी दी गई है।

## खबर संक्षेप

### मुंबई में डेंटिस्ट छात्रा ने किया सुसाइड



**मुंबई।** यहां दंत चिकित्सा की छात्रा स्तुति सोनेवाल ने कथित तौर पर अपने बॉयफ्रेंड द्वारा मानसिक उत्पीड़न के कारण आत्महत्या कर ली। उसके सुसाइड नोट में बॉयफ्रेंड द्वारा बेवफाई के शक और चरित्र पर सवाल उठाने का जिक्र है। 24 वर्षीय परास्नातक छात्रा स्तुति ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

### करोड़ का घोटाला! 2 बैंक अधिकारी रिमांड पर



**पंचकूला।** हरियाणा के सरकारी विभागों के बैंक खातों में 590 करोड़ के घोटाले में 4 बैंक अफसरोंको कोर्ट ने 2को एक दिन के रिमांड पर और 2को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा। अनुज कौशल ने एचएसएसपीपी, हरियाणा स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, हरियाणा रूरल डेवलपमेंट फंड एडमिनिस्ट्रेशन में गलती की थी।

### दिल्ली में कार के अंदर बंद मिले दो शव



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक कार में दो शव बरामद हुए हैं। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। आईएनए थाने की पुलिस को कार के अंदर दो शव पड़े होने की जानकारी मिली। सफेद रंग की औरा कार सड़क किनारे नाले के पास खड़ी मिली। गाड़ी के शीशे बंद थे और गाड़ी लॉक नहीं थी। शराब के खाली पाउच भी थे।

### जयपुर के 10 शहरों को बम से उड़ाने की धमकी



**जयपुर।** राजस्थान के 10 से अधिक जिलों में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब कई सरकारी दफ्तरों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। कहीं पासपोर्ट ऑफिस तो कहीं पोस्ट ऑफिस को भेजे गए धमकी भरे ईमेल से पुलिस प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। सुरक्षा बढ़ाई गई।

## लोकसभा में दूसरे दिन स्पीकर बिरला को हटाने के विपक्ष के प्रस्ताव पर चर्चा

# स्पीकर का कार्यालय और पद कभी खाली नहीं रहता, मैंने इतना गैर-जिम्मेदार विपक्ष नहीं देखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में बजट सत्र के दूसरे हिस्से के दूसरे दिन लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को हटाने के विपक्ष के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव देखने को मिला। करीब 40 सालों में किसी स्पीकर के खिलाफ ये पहला अविश्वास प्रस्ताव है। हालांकि नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंसके पास बहुमत होने के कारण यह प्रस्ताव केवल विरोध तक ही सीमित रहा।

**शाह ने विपक्ष को दिया करारा जवाब**

कांग्रेस सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने बिरला को हटाने का प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिरला सदन के सभी वर्गों का विश्वास जीतने के लिए जरूरी निष्पक्षता बनाए रखने में नाकाम रहे हैं। शाह ने गौरव गोगोई को टोका और कहा कि सदन जब चुनाव में जाता है तब भी स्पीकर का ऑफिस चालू रहता है। यह पद खाली नहीं रहता है। गोगोई जो गलत मतलब निकाल रहे हैं मैं उसका खंडन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। शाह ने कहा कि मैं सहमत हूं कि रिजिजू ने संसदीय कार्य मंत्री के तौर पर सबसे ज्यादा बाधा डाली है, लेकिन हमने इतना गैर-जिम्मेदार विपक्ष भी कभी नहीं देखा। शाह ने विपक्ष पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सरकार का बचाव किया।

### कांग्रेस सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने बिरला को हटाने का प्रस्ताव दिया



**रिजिजू का विपक्ष पर पलटवार**

### कुछ लोग खुद को संविधान के ऊपर समझ रहे



विपक्ष के सवालों पर पलटवार करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि पुरानी संसद में एक बार हम लोग 'अफजल गुरू को फांसी देना है' का नारा लगाते हुए बीच में चले गए थे। उस वक्त हमारे नेता प्रतिपक्ष लाल कृष्ण आडवाणी ने हमें बहुत डांटा था और अपनी जगह से प्रोटेस्ट करने को कहा था।आज तो सभी लोग प्रधानमंत्री के आगे आ जाते हैं। रिजिजू ने कहा कि कुछ लोग खुद को संविधान के ऊपर समझते हैं। खुद को ज्यादा ज्ञानी समझते हैं। राहुल गांधी ने कहा था कि मुझे इस सदन में बोलने नहीं दिया जाता। सदन में बोलने के लिए स्पीकर की परमिशन की जरूरत है।

**ललन की विपक्ष को फटकार**

### हाई एंटीबॉयोटिक दिया जाएगा...



स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री और जेडीयू सांसद ललन सिंह ने विपक्ष के हंगामे के बीच न केवल कड़े शब्दों का इस्तेमाल किया, बल्कि इलाज और दवा जैसे जुमलों से विपक्षी बेंचों को सन्न कर दिया। सिंह अपने पुराने अंदाज में नजर आए। उन्होंने विपक्षी सांसदों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि बैठिए न, आपको बता देंगे! पता है न, आपका इलाज हो चुका है। डॉक्टर ने आपकी बीमारी पकड़ ली है और अब आपको दवा दी जाएगीऔर वो भी 'हाई एंटीबायोटिक' दी जाएगी!

**गोगोई अविश्वास प्रस्ताव पर बोले**

### व्यक्तिगत हमला नहीं, यह सदन की मर्यादा बचाने के लिए संकल्प



*कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि विपक्ष को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर होना पड़ा, ताकि संविधान और संसदीय सदन की गरिमा को सुरक्षित रखा जा सके। गोगोई ने बिरला पर पक्षपातपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाते हुए कहा कि संसद में विपक्ष के नेता को अपने विचार रखने की अनुमति नहीं दी जा रही। गोगोई ने बताया कि फरवरी में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान विपक्ष के नेता को लगभग 20 बार रोका गया। स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया और जब वह महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात करने की कोशिश कर रहे थे, तो लगातार बाधा डाली गई। गोवोई ने उदाहरण देते हुए बताया कि राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एम.एम. नरवाने की अप्रकाशित किताब में उठाए गए राजनीतिक हस्तक्षेप और देश की नीति संबंधी मुद्दों पर बात करना चाहा, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली।*

#### स्पीकर का व्यवहार विपक्ष के प्रति पक्षपातपूर्ण

*गोवोई ने बताया कि त्रुटिपूर्ण रूप से पक्षपातपूर्ण व्यवहार के कारण विपक्ष को यह कदम उठाना पड़ा। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के नबाम रेबिया बनाम डिप्टी स्पीकर के उदाहरण का हवाला देते हुए कहा कि स्पीकर को हमेशा उच्च स्तर की स्वतंत्रता, निष्पक्षता और अपराजेय निष्पक्षता के साथ कार्य करना चाहिए।*

#### जो भी आसन पर होगा उसे अध्यक्ष की तरह अधिकार होगा: दुबे



*भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि जो भी आसन पर होगा उसे अध्यक्ष की तरह अधिकार होगा। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सदन के नियम के तहत जिन्हें पीठासीन सभापति नियुक्त किया गया है उन्हें सदन के संचालन का पूरा अधिकार है।*

#### पाल की अध्यक्षता पर सरकार का समर्थन

*जगदंबिका पाल की अध्यक्षता को सरकार का समर्थन मिला है। रिजिजू ने कहा कि जब हटाने का प्रस्ताव पेश किया जाता है, तो पैनल का कोई सदस्य सदन की अध्यक्षता कर सकता है।*

## सोनीपत में तनु की खुशी दिखी

# राहुल ने दुल्हन के हाथ से खाया खाना व चाय की चुस्की भी ली

एजेंसी ▶▶ सोनीपत



उन्होंने जो वादा किया था और आज वो निभाया...। यह बात कहते हुए तनु की खुशी का ठिकाना नहीं था। उसके चेहरे का ब्लश और आंखों की चमक इस बात की गवाही दे रही थी कि राहुल गांधी को अपनी शादी के दिन अपने बीच में देखकर वह कितनी खुश है। तनु के पिता के बुलावे पर सोनीपत के गोहाना तनु की शादी में पहुंचे राहुल बेहद आत्मीय ढंग से परिवार से मिले। उन्हें देखकर हर कोई यही कह रहा था कि जैसे परिवार के सदस्य ही हों। खाना भी खाया और चाय पी। विधानसभा चुनाव से पहले जिस किसान के खेत में जीरी (धान) की फसल लगाई थी और उनको 10 जनपथ बुलाकर गांधी परिवार ने खाना खिलाया था, आज राहुल उसी किसान की बेटी की शादी में शामिल होने पहुंचे।

#### तनु के पिता जिनके निमंत्रण पर पहुंचे

*सोनीपत के गोहाना की तनु की आज शादी है। तनु वही लड़की है, जिसके पिता संजय के खेतों में दो साल पहले राहुल ने अचानक पहुंचकर ट्रैक्टर चलाया था। वहां खेत की जुताई करने के साथ ही धान की बुवाई की और महिलाओं के साथ जमीन पर बैठकर खाना खाया।*

**दिल्ली की कोर्ट ने कहा**

## दिल्ली मेट्रो के अंदर हस्तमैथुन, यौन उत्पीड़न करना गंभीर चिंता का विषय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो के अंदर एक पुरुष द्वारा हस्तमैथुन करना और महिला का यौन उत्पीड़न करने को अदालत ने गंभीर मामला बताया है। अदालत ने सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है। दिल्ली की एक कोर्ट ने आरोपी की सजा और दोषी ठहराए जाने के फैसले को बरकरार रखा है। साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरगुरविंदर सिंह जग्गी ने आरोपी के द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि निचली अदालत ने सबूतों का सही आकलन किया था और भारतीय दंड संहिताकी धारा 354 और 354ए के तहत उसे दोषी ठहराया जाना सही था।

#### इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता

*अदालत ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन में इस तरह की घटनाएं चिंताजनक हैं और इन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता। जब महिलाएं अपने हर दिन के सफर के लिए सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर हैं।*

## बुझाने के मिशन पर जुटी आईएएफ, हेलिकॉप्टर से गिराया 66,000 लीटर पानी

**अरुणाचल के पासीघाट के जंगल में आग**

# पासीघाट के मेबो और सिगार क्षेत्रों में एमआई-17 वी 5 हेलीकॉप्टर तैनात

एजेंसी ▶▶

भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने मंगलवार को पासीघाट के मेबो और सिगार क्षेत्रों में लगी भीषण जंगल की आग से निपटने के लिए एक एमआई-17 वी 5 हेलिकॉप्टर तैनात किया। इसके साथ ही आग पर काबू पाने के लिए 66,000 लीटर पानी छोड़ा। एक्स पोस्ट में भारतीय वायु सेना ने उन क्षेत्रों में फैली भीषण आग की तस्वीरें और वीडियो साझा किए। एमआई-17 वी 5 हेलिकॉप्टर की मदद से आग बुझाने के प्रयासों को भी दिखाया। पोस्ट में लिखा था,



अरुणाचल प्रदेश में तुरंत प्रतिक्रिया और सटीक परिचालन क्षमता का प्रदर्शन करते हुए पासीघाट के मेबो और सिगार क्षेत्रों में लगी भीषण जंगल की आग से निपटने के लिए एमआई -17 वी5 हेलीकॉप्टर तैनात किया।

#### आईएएफ और भारतीय सेना ने संयुक्त अभ्यास किया

*18 फरवरी को आईएएफ ने पूर्वोत्तर में दो अलग-अलग मोर्चों पर भयंकर जंगल की आग से मुकाबला किया। इसमें दुर्गम इलाकों और बेहद कठिन उड़ान परिस्थितियों में भारी-भरकम हेलीकॉप्टरों को तैनात किया गया।अरुणाचल प्रदेश के वालॉन्ग में, सेना के हेलीकॉप्टरों ने प्रभावित क्षेत्र पर 139,800 लीटर पानी गिराने के बाद एक भीषण आग को सफलतापूर्वक बुझा दिया। आईएएफ और भारतीय सेना ने 8 मार्च को उत्तराखंड की टिहरी झील के ऊपर कॉम्बैट फ्री-फॉल और स्टैटिक लाइन पैरा-ड्रॉप के माध्यम से अपनी परिचालन क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए एक संयुक्त अभ्यास किया।*

**संगरूर में भीषण आग**

### एलजी सर्विस सेंटर का गोदाम खाक, चपेट में आई साबुन फैक्ट्री

**संगरूर।** संगरूर के नजदीकी उपली रोड पर एलजी के सर्विस सेंटर गोदाम में मंगलवार दोपहर को अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही समय में इसकी लपटें आसमान छूने लगीं और दूर-दूर तक दिखाई देने लगीं। प्रारंभिक जानकारी में शॉर्ट सर्किट या किसी ज्वलनशील सामग्री के कारण हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। गोदाम में एसी, कंप्रेशर व अन्य इलेक्ट्रानिक्स सामग्री राख हो गई। आग ने पास में स्थित साबुन बनाने वाली फैक्ट्री को भी अपनी चपेट में ले लिया।

**केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष ने यह बात कही**

## 'आहार – द इंटरनेशनल फूड एंड हॉस्पिटैलिटी फेयर'

# देश का खाद्य निर्यात 5 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचा, 7वां सबसे बड़ा निर्यातक बना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने खाद्य, कृषि और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र से जुड़े लोगों से भारत को कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों (प्रोसेस्ड फूड) का दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक बनाने की दिशा में मिलकर काम करने का आह्वान किया। भारत के बढ़ते व्यापार समझौते और भारतीय उत्पादों की वैश्विक मांग इस दिशा में बड़े अवसर पैदा कर रहे हैं। दिल्ली में आयोजित 'आहार-द इंटरनेशनल फूड एंड हॉस्पिटैलिटी फेयर' के 40वें संस्करण के उद्घाटन के दौरान गोयल ने कहा कि भारत का खाद्य और कृषि उत्पादों का निर्यात, जिसमें कृषि उत्पाद और मत्स्य पालन शामिल हैं, अब सालाना करीब 5 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। ही भारत दुनिया का सातवां सबसे बड़ा कृषि उत्पाद निर्यातक बन गया है।

#### निर्यात में काफी तेजी देखी गई

उन्होंने बताया कि 2014 से 2025 के बीच पिछले 11 वर्षों में भारत के कृषि और खाद्य निर्यात में काफी तेजी आई है। प्रोसेस्ड फूड का निर्यात चार गुना, फल और दालों का निर्यात तीन गुना, प्रोसेस्ड सब्जियों का निर्यात चार गुना, कोको का निर्यात तीन गुना और अनाज का निर्यात दोगुना हो गया है। वहीं चावल का निर्यात भी इस अवधि में 62 प्रतिशत बढ़ा है। गोयल ने कहा कि ये उपलब्धियां भारत को कृषि और प्रोसेस्ड फूड निर्यात में दुनिया में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए प्रेरित करती हैं। यह लक्ष्य पूरी तरह हासिल किया जा सकता है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन के अनुरूप है, जिसमें भारत को 'दुनिया की फूड बास्केट'बनाने की बात कही गई है।

**पोस्ट-बजट वेबिनार में चर्चा**

## केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने कहा

# स्कूलों और कॉलेजों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब स्थापित करने की योजना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने पोस्ट-बजट वेबिनार के तहत 'सबका साथ, सबका विकास – लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति: शिक्षा, कौशल और विश्वविद्यालय टाउनशिप' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूलों और कॉलेजों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब पर एक ब्रेकआउट सत्र आयोजित किया। इस सत्र में केंद्रीय बजट में घोषित योजना के तहत देश के 15,000 माध्यमिक स्कूलों और 500 उच्च शिक्षण संस्थानों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब स्थापित करने की रूपरेखा पर चर्चा की। वेबिनार श्रृंखला का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया। उन्होंने कहा कि भारत एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स क्षेत्र को नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था के अहम स्तंभ के रूप में आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों से उद्योग के साथ सहयोग और शोध आधारित शिक्षा को मजबूत करने का आह्वान किया>

#### रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना की

*वैष्णव ने कहा कि सरकार ने भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना की है, जो आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे प्रमुख संस्थानों की तर्ज पर विकसित किया गया है। इस संस्थान में विश्व स्तर की आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं, जो रचनात्मक, मीडिया और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में युवाओं को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करेंगी। दूरदर्शन ने' क्रिएटर्स कॉर्नर' शुरू किया है, जिससे कंटेंट क्रिएटर्स को अपनी सामग्री प्रदर्शित करने, आय अर्जित करने और देश-विदेश के दर्शकों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा।*

## अफसरों ने अब तक 10.16 लाख आपत्तियों और दावों पर सुनवाई की

# न्यायिक अधिकारियों के काम में बाधा बर्दाश्त नहीं करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार और चुनाव आयोग से कहा है कि न्यायिक अधिकारियों को अपना काम सुचारू रूप से करने के लिए उचित और निर्बाध परिस्थितियां उपलब्ध कराई जाएं।तीन जजों की पीठ, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस आर. महादेवन और जस्टिस जॉयमाल्या बागची शामिल थे, ने कहा कि एसआईआर में तैनात न्यायिक अधिकारियों ने अब तक मतदाता सूची से हटाए जाने के खतरे का सामना कर रहे लोगों की 10.16 लाख आपत्तियों और दावों पर सुनवाई की है।

### सुप्रीम कोर्ट का ममता सरकार, ईसी को निर्देश



#### कोई भी नया अनिवार्य कदम तब तक लागू न किया जाए

कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि एसआईआर में कोई भी नया अनिवार्य कदम तब तक लागू न किया जाए, जब तक उसे कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की मंजूरी न मिल जाए। आयोग के पोर्टल में आने वाली तकनीकी दिक्कतों को तुरंत दूर किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि आगे ऐसी समस्याएं न हों। न्यायिक अधिकारियों के लिए नए लॉग-इन आईडी जल्द बनाए जाएं। फैसलों की समीक्षा आयोग के प्रशासनिक अधिकारी न करें।

**पिटीशनर पर भड़के सीजेआई**

#### मैं कोर्ट में ही इंग्लिश एग्जाम अरेंज करूंगा, 30 मार्क्स आए तो इसे देखूंगा

*एक मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत ने की। सीजेआई सूर्यकांत याचिकाकर्ता पर भड़क गए और कोर्ट में ही अंग्रेजी का एग्जाम अरेंज करने की बात कही और साथ ही यह भी कहा कि अगर 30 नंबर आते हैं तो इसे देखूंगा। सुनवाई के अंत में सीजेआई ने कहा कि हम ऐसी फालतू पिटीशन के लिए लगातार जांच का आदेश नहीं देते हैं, साथ ही सख्त चेतावनी देते हैं कि भविष्य में ऐसी पिटीशन फाइल न करें।*

**सीईसी ने किया साफ**

#### किसी भी पात्र मतदाता का नाम नहीं हटेगा, चुनाव शांतिपूर्ण होंगे



*बंगाल चुनाव से पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कोलकाता में 24 केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। इस दौरान मसीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा कि पश्चिम बंगाल में किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग की प्राथमिकता राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करना है।संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ज्ञानेश कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य बंगाल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करना है।*

जबलपुर
बुधवार 11 मार्च 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-9
वर्ष : 20, अंक : 309
पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 29
न्यून. 18

10 खाड़ी देशों में पानी पर हमले से संकट



मैट्रो
6 हाई कोर्ट ने पीएम के बिना शव ...

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## अमेरिका-इजराइल व ईरान युद्ध से दुनिया भर में तेल व गैस संकट गहराया, भारत में भी असर

पीएम मोदी ने की आपात बैठक

# देश में 10 फीसदी एलपीजी उत्पादन बढ़ाया, औद्योगिक आपूर्ति में कटौती

*भारत में हर साल करीब 31.3 मिलिटन टन एलपीजी की खपत होती है। घरेलू क्षेत्र यानी घरों में इस्तेमाल होनी वाली गैस कुल खपत का 87 फीसदी है। वहीं, होटल, रेस्तरां और उद्योग जैसे व्यावसायिक क्षेत्र 13 फीसदी गैस का इस्तेमाल करते हैं*



पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते एलएनजी आपूर्ति में आई बाधा के बीच केंद्र सरकार ने एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए देश की तेल रिफाइनरियों को उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। यह मार्ग भारत की उर्जा सुरक्षा के लिए बहुत अहम है, क्योंकि देश अपनी कुल एलपीजी जरूरत का करीब 62 फीसदी आयात करता है। घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस (एलपीजी) की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए देश की तेल रिफाइनरियों ने एलपीजी का उत्पादन करीब 10 प्रतिशत बढ़ा दिया है। सभी रिफाइनरियां 100 प्रतिशत क्षमता पर काम कर रही हैं। एलपीजी की आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में रसोई गैस की संभावित कमी से निपटने के उपायों पर चर्चा की गई।

**सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी रोकने और घरेलू गैस संकट को टालने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम (एस्मा) लागू किया**



देश में ऐसी तस्वीरें

### केंद्र ने कहा- घरेलू उपभोक्ताओं की जरूरतें हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

### भारत कई देशों के संपर्क में

स्थिति की निगरानी और एलपीजी के सही वितरण को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू किया है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि आवश्यक सेवाएं अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा) लागू नहीं किया गया है। ऊर्जा उपलब्धता के मामले में भारत की स्थिति कई अन्य देशों की तुलना में बेहतर है। सरकार देश की ऊर्जा जरूरतों को बिना किसी व्यवधान के पूरा करने के लिए कई देशों के साथ लगातार संपर्क में हपहले कुछ चिंताएं जरूर थीं, लेकिन अब स्थिति सामान्य हो गई है और आपूर्ति श्रृंखला सुचारू रूप से काम कर रही है। सरकार ने लोगों से सोशल मीडिया पर एलपीजी की कमी को लेकर फैल रही अपुष्ट जानकारी पर विश्वास न करने की अपील भी की है।

### भारत में कैसा असर?

1 दिल्ली, बेंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद और मुंबई में 20 फीसदी होटल बंद

2 कुछ होटलों में मैन्यू छोटा किया, वर्कर्स के काम के घंटे भी कम किए

### सरकार ने क्या कदम उठाए?

1 गैस सिलेंडर की बुकिंग के बीच प्रतीक्षा अवधि भी 21 दिनों से बढ़ाकर 25 दिन की

2 उद्योगों में 50 फीसदी व उर्वरक और दूध प्रसंस्करण के लिए गैस आपूर्ति में करीब 40 फीसदी की कटौती

3 स्थिति को संभालने के लिए तेल बाजार की कंपनियों के तीन कार्यकारी निदेशकों की एक समिति बनाई



बेंगलुरु का एक रेस्टोरेंट

### अस्पताल, स्कूल, सरकारी संस्थानों को गैस की सप्लाई लगातार

*आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम (ईसीए) लागू होने के बाद प्राथमिक सेक्टर्स को एलपीजी और अन्य ईंधन की सप्लाई में विशेष प्रायोरिटी दी जाएगी। इसका मतलब है कि अस्पताल, स्कूल, सरकारी संस्थान और अन्य महत्वपूर्ण सेक्टरों को गैस की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा।*

### गैस वितरण तय करेगी समिति

*घरेलू उपभोक्ताओं के अलावा, आयातित एलपीजी को अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों जैसे गैर-घरेलू क्षेत्रों की जरूरतों के लिए भी भेजा जा रहा है। इस स्थिति को संभालने के लिए तेल बाजार की कंपनियों के तीन कार्यकारी निदेशकों की एक समिति बनाई गई है। यह समिति होटल, रेस्तरां और अन्य उद्योगों की मांगों की समीक्षा करेगी और जरूरत, प्राथमिकता और उपलब्धता के आधार पर गैस का वितरण तय करेगी।*

### होटल, रेस्तरां और उद्योगों पर असर

*सरकार ने आम लोगों और घरों को ध्यान मे रखे हुए घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति को प्राथमिकता दी है। इसकी वजह बाजार कीमत पर मिलने वाले वाणिज्यिक सिलेंडर पर निर्भर होटल, रेस्तरां और उद्योगों को भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस कमी का असर मुंबई और बंगलुरू जैसे बड़े शहरों में भी दिखने लगा है। इस पर इंडिया होटल्स एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने भी चिंता जताई है।*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समीक्षा बैठक में किया ऐलान*

## आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी करेगी तीन मंत्रियों की समिति

*कहा, खाद्य पदार्थ, गैस या तेल आपूर्ति के लिए पैनिक होने की जरूरत नहीं*

*सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति संसाधन उपलब्ध, कोई समस्या नहीं*



डॉ. मोहन यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में आपूर्ति व्यवस्था में कहीं किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं है। सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति संसाधन उपलब्ध हैं। किसी को भी खाद्य पदार्थ, गैस या तेल आपूर्ति के लिए परेशान या पैनिक होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने मंत्रियों और अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रदेश में बेहतर से बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करें। मंत्री प्रभार वाले जिलों की सतत समीक्षा करें। डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में खाड़ी देशों में उपजी परिस्थितियों के मद्देनजर मध्यप्रदेश में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की स्थिति पर नजर रखने और केंद्र सरकार व आयल कंपनियों से समन्वय के लिए तीन मंत्रियों की समिति बनाई गई है। समिति में उप मुख्यमंत्री वित्त जगदीश देवड़ा, खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप को रखा गया है। समिति प्रदेश की आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी करेगी और आपूर्ति बहाल रखने के लिए सभी कदम उठाएगी।

### इन 3 मंत्रियों की समिति

- उप मुख्यमंत्री वित्त जगदीश देवड़ा
- खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप

### नागरिकों की वापसी के लिए प्रयास तेज

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खाड़ी देशों में रह रहे या वर्क वीजा पर गए या पर्यटन के लिए गए भारतीय नागरिकों विशेषकर मध्यप्रदेश के निवासियों की स्वदेश वापसी के लिए मध्यप्रदेश सरकार लगातार केंद्र सरकार के सम्पर्क में है। राज्य सरकार से हेल्पलाइन के जरिए अब तक 255 लोगों ने संपर्क किया है, जिनकी सकुशल स्वदेश वापसी के लिए प्रयास तेज किए जा रहे हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग की अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी ने बताया कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और गैस की उपलब्धता में निरंतरता बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### कुलदीप यादव की मसूरी में वंशिका संग शादी



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने प्रशंसकों को एक और खुशखबरी दे दी। टीम इंडिया के गेंदबाज अब जीवन की नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। कुलदीप जल्द ही बचपन की दोस्त वंशिका के साथ शादी के बंधन में बंधेंगे। 13 मार्च को हल्दी और मेहंदी की रस्मों के बाद 14 मार्च को उत्तराखंड के खूबसूरत हिल स्टेशन मसूरी में दोनों सात फेरे लेंगे।

### आईटी नियम-2023 पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को आईटी नियम-2023 के रूल-3 को रद्द करने के बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ केंद्र सरकार की चुनौती वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और अन्य पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। आईटी नियम 2023 के रूल 3 के याचिका दाखिल हुई थी।



### अज्ञात वाहन की टक्कर से पति-पत्नी की मौत

**शहडोल।** जिले में एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना सामने आई है, जहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी 13 वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मासूम बेटी कई घंटों तक अपने माता-पिता के शव के पास बैठकर मदद और पुलिस के आने का इंतजार करती रही। इस मार्मिक दृश्य को देखकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं...जानकारी के अनुसार अनूपपुर जिले के कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत देंवगवा गांव निवासी लल्लू बैगा अपनी पत्नी सरस्वती बैगा और 13 वर्षीय बेटी सोहनी के साथ बाइक से धनपुरी स्थित अपने भाई के घर जा रहे थे,जैसे ही वे शहडोल जिले के केशवाही चौकी क्षेत्र के मंझौली गांव के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर इतनी भीषण थी कि लल्लू बैगा और उनकी पत्नी सरस्वती बैगा की मौके पर ही मौत हो गई,



## परिवारिक कलह पर उठाया आत्मघाती कदम

# परिवार ने खाने में जहर मिलाकर खाया, मासूम की मौत, 3 गंभीर

*माता-पिता और दूसरा बच्चा अस्पताल में भर्ती*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना



अस्पताल का दृश्य

रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम को पारिवारिक विवाद के चलते एक ही परिवार के चार लोगों ने जहरीला भोजन खा लिया। इस दर्दनाक घटना में एक मासूम बच्चे की मौत हो गई, जबकि माता-पिता और दूसरा बच्चा गंभीर हालत में अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बांधा निवासी कुंदन शर्मा अपनी पत्नी ज्योति शर्मा और दो बेटों के साथ रहता था। मंगलवार शाम पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि इसके बाद पत्नी ने घर में खाना बनाया और उसमें कुछ मिला दिया। परिवार के चारों सदस्यों ने उसे खा लिया। कुछ देर बाद परिवार के सदस्य अचेत होने लगे। इस दौरान सबसे छोटे बच्चे अभिषेक ने किसी तरह पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो घर के अंदर कुंदन शर्मा, उसकी पत्नी ज्योति शर्मा, बड़ा बेटा आकाश शर्मा और छोटा बेटा अभिषेक अचेत हालत में पड़े मिले।

## गुना में ट्रक ने मारी एलपीजी टैंकर को टक्कर

# टैंकर का वॉल्व टूटा, 20 टन गैस रिसाव से मचा हड़कंप

### गैल की रेस्क्यू टीम ने रिसाव को रोका, टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



रेस्क्यू में जुटी टीम

जिले की गादेर घाटी में मंगलवार को एक भीषण दुर्घटना टल गई, जो किसी बड़े जानलेवा हादसे में बदल सकती थी। एलपीजी गैस से भरे एक टैंकर को पीछे से अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टैंकर का मुख्य वॉल्व टूट गया और करीब 20 टन ज्वलनशील गैस का तेजी से रिसाव शुरू हो गया। हालांकि, ड्राइवर की तत्परता और रेस्क्यू टीम की त्वरित कार्रवाई ने समय रहते खतरे को टाल दिया। जानकारी के अनुसार टैंकर गैल विजयपुर बॉटलिंग प्लांट से एलपीजी भरकर बनारस की ओर जा रहा था। गादेर घाटी क्षेत्र में पहुंचने पर पीछे से आए एक अज्ञात ट्रक ने टैंकर को टक्कर मार दी। जिससे वॉल्व टूट गया और गैस तेजी से लीक होने लगी। स्थिति गंभीर होती देख चालक शैलेंद्र सिंह ने तुरंत गैल प्लांट को सूचना दी।

*सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी, कहा- पहले भी कई बार न्यायालय संसद से इस पर विचार करने की सिफारिश कर चुका*

# समान नागरिक संहिता लागू करने का सही समय

***कोर्ट- शरीयत कानून की धाराओं को रद्द करने के मुद्दे पर अंतिम फैसला लेना विधायिका का अधिकार क्षेत्र***

***प्रशांत भूषण- यदि शरियत कानून की विवादित धाराएं हटाई जाती हैं तो भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम लागू किया जा सकता है***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि देश में अब इस विषय पर विचार करने का समय आ गया है। हालांकि कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शरीयत कानून की धाराओं को रद्द करने जैसे संवेदनशील मुद्दे पर अंतिम फैसला लेना विधायिका का अधिकार क्षेत्र है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने की, जिसमें जॉयमाल्या बागची और आर. महादेवन भी शामिल थे। पीठ 1937 के मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 की कुछ धाराओं को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें इन्हें मुस्लिम महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण बताया गया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यदि न्यायालय शरियत कानून के उत्तराधिकार संबंधी प्रावधानों को रद्द कर देता है।



सुप्रीम कोर्ट

*कोविड वैक्सीन के दुष्प्रभाव पर 'सुप्रीम' निर्देश*

### केंद्र सरकार मुआवजा नीति बनाए

कोविड-19 वैक्सीन से जुड़े गंभीर दुष्प्रभावों के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को बड़ा निर्देश दिया है। अदालत ने मंगलवार को कहा कि सरकार ऐसी नीति तैयार करे, जिसके तहत कोविड वैक्सीन लेने के बाद अगर किसी व्यक्ति को गंभीर नुकसान होता है तो उसे नो-फॉल्ट मुआवजा दिया जा सके। यह फैसला जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सुनाया। कोर्ट ने कहा कि फिलहाल टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए जो मौजूदा व्यवस्था है।



## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को फिर से धमकी

# तेल की आपूर्ति रुकी तो तबाही तय, 20 गुना बड़ा हमला करेंगे

# आईआरजीसी बोला- युद्ध का अंत हम ही तय करेंगे, यूएस नहीं

### युद्ध को लेकर अमेरिका का प्लान 'समय से आगे' चल रहा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा किया है। ट्रंप ने फ्लोरिडा में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि अमेरिका और इजराइल इस युद्ध में निर्णायक बढ़त बना चुके हैं और उनका सैन्य अभियान अपने लक्ष्यों के करीब पहुंच चुका है। उन्होंने दोहराया कि अमेरिका किसी भी हालत में ईरान को परमाणु हथियार बनाने नहीं देगा। ट्रंप ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में अमेरिका और इजराइल ने ईरान के खिलाफ बेहद शक्तिशाली सैन्य अभियान चलाया है। उनके अनुसार इस कार्रवाई से ईरान की कई सैन्य क्षमताओं को बड़ा नुकसान हुआ है। ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान होरमुज जलडमरूमध्य में तेल की आपूर्ति रोकने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, ईरान ने अमेरिका और इजराइल के हमलों के जवाब में होरमुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को रोक दिया है। इसके चलते कच्चे तेल की सप्लाई पर असर पड़ा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ने लगी हैं। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ऐसा कोई कदम उठाता है जिससे होरमुज जलडमरूमध्य में तेल की आवाजाही रुकती है तो अमेरिका इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा और अब तक हुए हमलों से बीस गुना बड़ा हमला ईरान पर करेगा।

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ऐसा जवाब देगा कि ईरान के लिए एक देश के रूप में फिर से खड़ा होना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वहां सिर्फ मौत, आग और गुस्सा ही दिखाई देगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ऐसी स्थिति पैदा नहीं होगी। ट्रंप ने कहा कि इस युद्ध को लेकर अमेरिका का प्लान 'समय से आगे' चल रहा है और ईरान की सैन्य ताक़त को काफ़ी हद तक ख़त्म या निष्क्रिय कर दिया गया है। उनके पास अब कोई नौसेना नहीं है, कम्युनिकेशन नहीं है, कोई एयरफ़ोर्स नहीं है। उनकी मिसाइलें बिखरी पड़ी हैं। उनके ड्रोन हर जगह नष्ट किए जा रहे हैं, यहां तक कि उनके ड्रोन कारखाने भी। अगर आप चारों तरफ देखें, तो उनके पास कुछ भी नहीं बचा है, सैन्य दृष्टि से कुछ भी नहीं। बता दें, ईरान में युद्ध शुरू होने के बाद से होरमुज जलडमरूमध्य के रास्ते खाड़ी देशों से आने वाले कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित हुई है। ईरान ने इस रास्ते को कई देशों के जहाजों के लिए बंद कर दिया है। इसके कारण दुनिया के कई हिस्सों में कच्चे तेल की कमी की चिंता बढ़ गई है। इस वजह से अमेरिका में भी ट्रंप पर घरेलू स्तर पर दबाव बढ़ रहा है।



इजराइल का लेबनान के शहर दहिया पर बड़ा हमला

### आईरिस डेना पर ट्रंप का शर्मनाक बयानः युद्धपोतों को डुबोने में मजा आता है

ईरान के जहाज आईरिस डेना पर हिंद महासागर में हुए हमले को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा है कि उनके सैनिकों को ईरानी जहाजों को डुबोने में मजा आ रहा है। उन्होंने अपने अधिकारियों से हुई बातचीत का किस्सा सुनाते हुए कहा कि उन्हें 'ईरानी जहाजों को मारकर डुबोने में मजा आ रहा है।' डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी दावा किया कि अमेरिकी सेना ने पिछले साढ़े तीन दिनों में ईरानी नौसेना के 46 जहाजों को डुबो दियाहै।


हिंद महासागर में हमले से पूर्व आईरिस डेना फाइल फोटो

**ईरान के विदेश मंत्री की दो टूक**

### अमेरिका से अब 'कूटनीति' की कोई संभावना नहीं बची

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ फिर से वार्ता की संभावना को पूरी तरह खारिज कर दिया। उनका कहना है कि अमेरिका के साथ पिछली बातचीत में भरोसा टूट चुका है और बार-बार हुए हमलों के कारण अब कूटनीति की कोई संभावना नहीं बची। अराघची ने कहा कि इस साल भी अमेरिका ने आश्वासन दिया कि हमला नहीं होगा और परमाणु मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान निकाला जा सकेगा, लेकिन इसके बावजूद अमेरिका ने आक्रमण किया। उन्होंने कहा कि अब अमेरिका के साथ बातचीत उनकी प्राथमिकता में नहीं है। नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के चयन को अराघची ने स्थिरता का संकेत बताया। उन्होंने कहा कि नए नेता की नीतियां धीरे-धीरे सामने आएंगी। अराघची ने कहा कि अमेरिका और इजराइल सोच रहे थे कि कुछ दिनों में शासन परिवर्तन या तेज जीत हासिल कर लेंगे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। तेल की वैश्विक आपूर्ति और कीमतों में वृद्धि के लिए ईरान को दोष देने की बात पर अराघची ने कहा कि यह उनकी योजना नहीं है। तेल उत्पादन और परिवहन में बाधा अमेरिकी और इजराइली हमलों के कारण हुई है। इसी वजह से होर्मुज जलसंधि में जहाज सुरक्षित नहीं महसूस कर रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि ईरान अपने मिसाइल हमलों को तब तक जारी रखेगा जब तक जरूरत होगी और जब तक अपने लोगों और देश की रक्षा जरूरी होगी।



**भविष्य तेहरान के हाथ में : ईरान**

ईरान में युद्ध समाप्त करने के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणी पर तेहरान ने जवाब देते हुए कहा है कि अमेरिकी और इजराइली ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई कब समाप्त होगी, इसका निर्णय वही करेगा। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्र की स्थिति और भविष्य का निर्धारण अब तेहरान की सेनाओं के हाथों में है। युद्ध का अंत हम ही तय करेंगे। क्षेत्र के समीकरण और भविष्य की स्थिति अब हमारी सशस्त्र सेनाओं के हाथों में है, अमेरिकी सेनाएं युद्ध समाप्त नहीं करेंगी। हमें मारने के चक्कर में वे खुद मर जाएंगे।

### इराक को न करें लॉन्चपैड की तरह इस्तेमालः पीएम अल-सुदानी

इराक के पीएम मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से कहा है कि इराक को किसी भी हमले के लिए लॉन्च पैड की तरह इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। सुदानी ने रुबियो को बताया कि उनका देश इलाके में दुश्मनी फैलाने का जरिया नहीं बनेगा। फोन पर हुई इस बातचीत में सुदानी ने एक बड़ी बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह पक्का करना जरूरी है कि इराक की जमीन, आसमान और पानी का इस्तेमाल पड़ोसी देशों पर हमले के लिए न हो।



### पाक घबराया, उतारी नौसेना, ऑपरेशन 'मुहाफिज-उल-बहर' शुरू

ईरान में जारी संघर्ष और समुद्री मार्गों पर बढ़ते सुरक्षा जोखिम के बीच पाकिस्तान ने अपने व्यापारिक जहाजों और ऊर्जा आपूर्ति की सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है। पाकिस्तान नौसेना ने ऑपरेशन मुहाफिज-उल-बहर शुरू किया है, जिसके तहत देश के व्यापारी जहाजों को नौसेना के युद्धपोतों की सुरक्षा में ले जाया जा रहा है। पाकिस्तान नौसेना के अनुसार, क्षेत्र में बदलते समुद्री सुरक्षा हालात और अहम समुद्री मार्गों पर संभावित खतरे को देखते हुए यह अभियान शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य पाकिस्तान की ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री व्यापार को निर्बाध बनाए रखना है। नौसेना के अनुसार यह एस्कॉर्ट ऑपरेशन पाकिस्तान नेशनल शिपिंग कॉरपोरेशन (पीएनएससी) के साथ मिलकर चलाया जा रहा है।




लेबनान में नागरिक सीरिया में प्रवेश करने की प्रतीक्षा करते हुए

### यूनीसेफ का दावाः लेबनान में 2 लाख बच्चों समेत 7 लाख बेघर

मध्य पूर्व में भड़के युद्ध के 11वें दिन पूरे क्षेत्र में स्थिति नाज़ुक बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के अनुसार, हवाई हमलों और बमबारी के बीच ईरान, इसराइल समेत खाड़ी देशों में लोग हताहत हो रहे हैं, लेबनान में विशाल स्तर पर लोग विस्थापित हुए हैं। वहीं, खाद्य सामग्री व ईंधन की क़ीमतों में उछाल आया है, जिससे निर्बल समुदायों के लिए भरपेट भोजन न मिल पाने और पीड़ा गहराने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनीसेफ) ने बताया कि लेबनान में 2 लाख बच्चों समेत 7 लाख लोग बेघर होने के लिए मजबूर हुए हैं। लेबनान के लोग सीरिया में जाने को मजबूर हैं।

### आपकी सेवा में मोजतबा... इजराइल पर दागी जाने वाली मिसाइल पर सिग्नेचर



खामेनेई के बेटे मोजतबा के हस्ताक्षर

अली खामेनेई के बेटे ने मोजतबा ने ईरान के सुप्रीम लीडर का पद संभालते ही अपने तेवर दिखा दिए। सत्ता में आने के बाद पहला हमला इजराइल पर किया। ईरान के नए सर्वोच्च नेता ने इजराइल को निशाना बनाकर दागी जाने वाली मिसाइल पर एक संदेश लिखकर उस पर अपने हस्ताक्षर किए हैं। पावर में आने के बाद अपने पहले कदमों में से एक में उसने एक मिसाइल की तस्वीर जारी की जिस पर एक संदेश लिखकर अपना सिग्नेचर किया। मिसाइल पर लिखा था - आपकी सेवा में सैय्यद मोजतबा। यह पोस्ट सरकारी प्रसारक आईआरआईबी के टेलीग्राम चैनल पर किया गया था।

### कई देशों में ईंधन संकट गहरायाः घर से काम करने के आदेश, विदेश दौरे पर भी लगाई रोक


कच्चे तेल की रिफाइनरी

वैश्विक स्तर पर बढ़ती तेल कीमतों और मध्य पूर्व में जारी संकट जारी को देखते हुए कई देश ईंधन बचाने के लिए अलग-अलग प्रयास कर रहे हैं। पाकिस्तान के बाद थाईलैंड ने भी ईंधन बचाने के लिए सरकारी कर्मचारियों को घर से काम करने का आदेश दे दिया है। सरकारी कर्मचारियों के विदेश दौरे पर भी रोक, लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का इस्तेमाल करने का सलाह दी गई है। वियतनाम ने भी लोगों से ईंधन बचाने के लिए घर से काम करने और गाड़ियों का कम इस्तेमाल करने की अपील की है। बांग्लादेश ने विश्वविद्यालयों को पहले ही बंद करने का ऐलान कर दिया था और ईद-उल-फितर की छुट्टियां आगे बढ़ा दी हैं।

**खबर संक्षेप**

### नेपाल चुनावः आरएसपी ने 125 सीट जीतीं

**काठमांडू।** नेपाल में संसदीय चुनावों में प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत मतगणना मंगलवार को पूरी होने के साथ ही राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने 165 में से 125 सीटें जीत ली हैं जिससे वह बहुमत की सरकार बनाने की स्थिति में आ गई है। आरएसपी ने काठमांडू के मेयर बालेंद्र शाह को पीएम पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है। सरकार गठन की जल्द ही प्रक्रिया शुरू होगी।



### एआई कंपनी एंथ्रोपिक का पेंटागन पर मुकदमा

**वॉशिंगटन।** एआई कंपनी एंथ्रोपिक ने अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन और अन्य संघीय एजेंसियों के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। एंथ्रोपिक ने ट्रंप प्रशासन के उस फैसले के खिलाफ ये मुकदमा दायर किया है, जिसमें एंथ्रोपिक को 'आपूर्ति श्रृंखला जोखिम' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई ने अमेरिकी सरकार के फैसले पर चिंता जाहिर की है।



### घुसपैठ की कोशिश नाकाम, 1 आतंकी मारा

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास सेना ने मंगलवार को घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और इस दौरान एक आतंकवादी मारा गया। व्हाइट नाइट कोर ने कहा कि सुरक्षा बलों ने अपराह्न लगभग तीन बजे नियंत्रण रेखा के पास नौशेरा सेक्टर के झांगर इलाके में दो आतंकी गतिविधि का पता लगाया।



## एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और मॉडर्न ट्रेनिंग के महत्व पर जोर

# रक्षा मंत्री ने सेना के लिए 'डिफेंस फोर्सेज विजन' रोडमैप जारी किया

**रक्षा बलों को आधुनिक, इंटीग्रेटेड और तकनीक से लैस सेना में बदला जाएगा**

**घरेलू रक्षा विनिर्माण और प्रौद्योगिकी क्षमताओं को मजबूत करने पर ध्यान**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को साउथ ब्लॉक में भारतीय सेना के लिए 'डिफेंस फोर्सेज विजन' रोडमैप जारी किया। यह बड़ा ब्लूप्रिंट हेडक्वार्टर इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ ने रक्षा बलों को आधुनिक, इंटीग्रेटेड और तकनीक से लैस सेना में बदलने के लिए तैयार किया है, जो 2047 तक भारत के विकसित देश बनने के सपने को पूरा करने में मदद कर सके। यह डॉक्यूमेंट भविष्य की युद्ध चुनौतियों के लिए ढलने वाली सेना बनाने के लिए इनोवेशन, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और मॉडर्न ट्रेनिंग फ्रेमवर्क के महत्व पर भी जोर देता है।

### सामरिक सुधारों, क्षमता बढ़ाने और संगठनात्मक बदलावों पर बल


'डिफेंस फोर्सेज विजन' रोडमैप जारी करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

इस विजन डॉक्यूमेंट में सशस्त्र बलों में जरूरी सामरिक सुधारों, क्षमता बढ़ाने और संगठनात्मक बदलावों के बारे में बताया गया है, ताकि बदलते भू-रणनीतिक, तकनीकी और सुरक्षा माहौल से अच्छे से निपटा जा सके। इस मौके पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह और दूसरे वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### ज्यादा तालमेल को बढ़ावा मिलेगा

इसमें सेना को एक इंटीग्रेटेड, मल्टी-डोमेन और फुर्तीली फोर्स में बदलने की सोची गई है, जो दुश्मनों को रोकने, हर तरह के झगड़े में जवाब देने और तेजी से बदलते ग्लोबल और रीजनल हालात के बीच बढ़ते स्ट्रेटेजिक हितों की रक्षा करने में काबिल हो। इस विजन का एक मुख्य हिस्सा सेनाओं के बीच तालमेल और तालमेल पर जोर देना है, जिससे प्लानिंग, ऑपरेशन और क्षमता विकास में ज़्यादा तालमेल को बढ़ावा मिलेगा।

### रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर ध्यान

इस विजन में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जो देश की खास सुरक्षा जरूरतों के हिसाब से स्वदेशी तकनीक और समाधान अपनाने को बढ़ावा देता है। घरेलू रक्षा विनिर्माण और प्रौद्योगिकी क्षमताओं को मजबूत करने से ऑपरेशनल तैयारी बढ़ने और देश की वृद्धि में योगदान देने की उम्मीद है। यह विश्व स्तरीय सैन्य बल बनाने के लिए जरूरी सैन्य क्षमताओं, संस्थागत सुधारों और रणनीतिक साझेदारी के विकास में सहयोग करेगा।

### देश की सेना दुनिया में सम्मानित हो

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों की जटिलता को पहचानते हुए यह विजन डॉक्यूमेंट पूरे देश के नजरिए की जरूरत पर जोर देता है, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा पक्की करने के लिए सैन्य ताकत को कूटनीतिक, तकनीकी और आर्थिक ताकत के साथ जोड़ा जाएगा। लगातार सुधारों, इनोवेशन और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के जरिए इसका मकसद यह पक्का करना है कि भारत की आजादी की सौवीं सालगिरह तक देश की सेना दुनिया भर में सम्मानित, टेक्नोलॉजिकली एडवांस्ड और लड़ाई के लिए तैयार मिलिट्री के तौर पर खड़ी हो, जो मजबूत विकसित भारत में योगदान दे।

## पूर्वी अफ्रीका के देश में बाढ़ से जनजीवन ठप

# राहत सामग्री और दवाइयों की बड़ी खेप भेजी, सहायता में 500 टन चावल भेजे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी अफ्रीका के देश मोजाम्बिक के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में आई भीषण बाढ़ का जनजीवन पर बुरा असर पड़ा है। हजारों लोग प्रभावित हुए हैं, और कई इलाकों में राहत एवं पुनर्वास की तत्काल जरूरत महसूस की जा रही है। इस कठिन परिस्थिति में भारत ने मानवीय सहायता का हाथ बढ़ाते हुए बड़े पैमाने पर राहत सामग्री भेजी है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि अपनी ह्यूमनिटेरियन असिस्टेंस और डिजास्टर रिलीफ कोशिशों के तहत, भारत ने मोजाम्बिक को सहायता सामग्री पहुंचाई है। इस सहायता में 500 मीट्रिक टन चावल, अस्थायी आश्रय के लिए टेंट, हाइजीन किट और पुनर्वास कार्यों में उपयोगी कई अन्य आवश्यक सामान शामिल हैं। इसके अलावा आपदा प्रभावित लोगों की तात्कालिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 10 मीट्रिक टन आवश्यक राहत सामग्री भी भेजी गई है। राहत अभियान के तहत भारतीय नौसेना के एक जहाज के माध्यम से लगभग 3 टन दवाइयां भी पहुंचाई जा रही हैं।


मोजाम्बिक को भेजी गई सामग्री

### पहले भेजी थीं 86 मीट्रिक टन दवाएं

भारत पहले ही समुद्री मार्ग के जरिए 86 मीट्रिक टन जीवन रक्षक दवाइयों की खेप मोजाम्बिक भेज चुका है। इन दवाइयों का उद्देश्य आपदा-प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और पीड़ितों को आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना है। बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के बाद खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाएं सबसे बड़ी चुनौती बन जाती हैं। ऐसे में भारत द्वारा भेजी गई खाद्य सामग्री, स्वच्छता किट और दवाइयां राहत कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। भारत ने हमेशा प्राकृतिक आपदाओं के समय अपने मित्र देशों की सहायता की है। हिंद महासागर क्षेत्र और अफ्रीकी देशों के साथ भारत के मजबूत संबंध रहे हैं, और मानवीय सहायता इन संबंधों को और मजबूत करती है।

## दक्षिण अफ्रीका के मंत्री गोडलिम्पी का दावा

# भारत अब एक अलग और खास स्थिति में, नई अर्थव्यवस्था का 'सह निर्माता'

एजेंसी ▶▶ जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय के उप मंत्री जुको गोडलिम्पी ने प्रिटोरिया में उद्योग जगत के दिग्गजों, शिक्षाविदों और नीति-निर्माताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की विश्व व्यवस्था के पुनर्निर्माण में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है जो अब पतन के कगार पर है। गोडलिम्पी ने भारतीय उच्चायोग और 'सीआईआई-इंडिया बिजनेस फोरम' द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दूसरे वार्षिक भारत-दक्षिण अफ्रीका व्यापार सम्मेलन को संबोधित किया। मंत्री ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के दो वर्ष बाद स्वतंत्र भारत का जन्म उस वैश्विक व्यापार प्रणाली के ढांचे के बीच हुआ, जिसे पश्चिमी देशों ने तैयार किया था। उन्होंने कहा कि प्रमुख शक्तियों द्वारा आकार दी जा रही दुनिया में भारत उभरता हुआ लोकतंत्र है। भारत अब एक अलग और खास स्थिति में है। उन्होंने कहा कि भारत खुद को ऐसी स्थिति में पाएगा, जहां वह सिर्फ मौजूदा वैश्विक व्यवस्था पर चलने के बजाए एक नई वैश्विक व्यवस्था के सह-निर्माता की भूमिका निभाने का दायित्व भी संभालेगा।



## यूएन में भारत के स्थाई प्रतिनिधि ने पाक को जमकर लताड़ा

# अफगानिस्तान पर हमले अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने अफगानिस्तान पर पाकिस्तान के हवाई हमलों की निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का 'स्पष्ट उल्लंघन' करार दिया और कहा है कि रमजान के दौरान नागरिकों की जान लेने वाले हमले करते समय इस्लामी एकजुटता का आह्वान करना पाखंड है। सोमवार को अफगानिस्तान की स्थिति पर सुरक्षा परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वतनेनी ने अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के अनुपालन और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के आह्वान के प्रति नई दिल्ली के समर्थन को दोहराया।


यूएन में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वतनेनी फाइल फोटो

### हमलों से 1 लाख लोग विस्थापित

अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) के अनुसार, इन हमलों में 6 मार्च तक 185 निर्दोष नागरिक मारे गए हैं जिनमें से लगभग 55 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे हैं, और हमलों के कारण 100,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। पर्वतनेनी ने अफगानिस्तान जैसे भूमि से घिरे देश में व्यापार के लिए रास्ता देने से इनकार करने और पहुंच को जानबूझकर बाधित करने को पारगमन आतंकवाद का रूप करार देते हुए इस पर गंभीर चिंता व्यक्त की। इसे विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानदंडों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया।

**अफगानिस्तान की संप्रभुता पर हमला**

पी. हरीश ने कहा कि भारत अफगानिस्तान की धरती पर हुए हवाई हमलों की कड़ी निंदा करता है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और देश की संप्रभुता के सिद्धांत का घोर उल्लंघन हैं। एक ओर अंतरराष्ट्रीय कानून और इस्लामी एकजुटता के उच्च सिद्धांतों का समर्थन करना और दूसरी ओर रमजान के पवित्र महीने के दौरान बर्बर हवाई हमले करना पाखंड है।

### हमले की निंदा की

पी. हरीश ने कहा कि भूमि से घिरे विकासशील देशों (एलएलडीसी) की व्यापार और पारगमन संबंधी मजबूरियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। हम इन कृत्यों की निंदा करते हुए, अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और स्वतंत्रता के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि करते हैं।


एआई फोटो

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




## ईरान को बायपास कर यूएई-ओमान बना सकते हैं नया होर्मुज स्ट्रेट

# तो... 'तेल का खेल' ही पलट जाएगा

**यह कैसे होगा?**

काटने पड़ेंगे 60 मील लंबी चट्टानों वाले पर्वत, इस पर खर्च होंगे करीब 200 अरब डॉलर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अलग खबर

फारस की खाड़ी और अरब सागर के बीच स्थित स्ट्रेट ऑफ होर्मुज एशिया के कई देशों के लिए रणनीतिक और सामरिक रूप से सबसे अहम जलमार्ग है। दुनिया का लगभग पांचवें हिस्से का कच्चा तेल इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है और अलग-अलग देशों तक पहुंचता है। फिर इस तेल की रिफाइनिंग होती है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का असलियत में 11 किलोमीटर चौड़ा जलमार्ग ही कई देशों के लिए ईंधन सप्लाई का सबसे अहम मार्ग है।

### चट्टानें लगभग 9 से 10 करोड़ साल पुरानी

यूएई और ओमान के बीच जो जमीन है, वहां ऊंची और कठोर चट्टानों वाली हजर पर्वत श्रृंखला फैली हुई है। इस इलाके में समुद्र से समुद्र तक नहर बनाने का मतलब होगा सैकड़ों किलोमीटर लंबी खुदाई और पहाड़ों को काटना। विशेषज्ञों का मानना है कि यह इंजीनियरिंग की दृष्टि से बेहद कठिन और खर्चीला प्रोजेक्ट होगा। अगर यहां नहर बनानी हो तो सिर्फ जमीन काटनी ही नहीं पड़ेगी, बल्कि कई जगह ऊंचे पहाड़ों को भी काटना होगा, जिसकी ऊंचाई कई सौ मीटर तक है। भूवैज्ञानिकों के अनुसार इस इलाके की चट्टानें लगभग 9 से 10 करोड़ साल पुरानी मानी जाती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इसमें नहर बनाने के लिए 60 मील तक चट्टानों वाले पर्वतों को काटना पड़ेगा।

### कुल उपयोग का रास्ता लगभग 11 किमी

गौरतलब है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज जहां सबसे संकरा है वहां उसकी चौड़ाई लगभग मात्र 39 किलोमीटर रह जाती है। यह ईरान और ओमान के बीच का सबसे तंग हिस्सा है। जहाजों के चलने वाले असली रास्ते के लिए यहां ट्रैफिक सेपरेशन स्कीम लागू है। इसके तहत आने वाले जहाजों को 2 मील चौड़ा रास्ता चाहिए, जबकि जाने वाले जहाजों को भी 2 मील चौड़ा रास्ता चाहिए और इन दोनों जहाजों के बीच 2 मील का गैप होता है। यानी, कुल उपयोगी रास्ता सिर्फ 6 मील (लगभग 11 किलोमीटर) का है।

**एक और विकल्प है?**

### अबु धाबी से सोहार तक नहर बना दी जाए

एक और विकल्प है। क्यों न यूएई की ओर से अबु धाबी और ओमान की ओर से सोहार तक नहर बनाया जाए और दो सागरों को जोड़ दिया जाए। इससे जहाज सीधे फारस की खाड़ी से निकलकर अरब सागर में पहुंच सकते हैं और स्ट्रेट ऑफ होरमजु को बायपास किया जा सकता है। अबु धाबी और सोहार के बीच सीधी दूरी लगभग 300–350 किमी के आसपास पड़ती है। अगर जहाजों के लिए नहर बनानी हो तो उसे चौड़ा, गहरा और सुरक्षित बनाना पड़ेगा।

**खबर संक्षेप**

### 15 मार्च से बदल रहा है 4 वंदे भारत ट्रेनों का समय



**नई दिल्ली।** रेलवे ने चार प्रमुख वंदे भारत ट्रेनों के समय में आंशिक बदलाव किया है। यह नया टाइम-टेबल 15 मार्च से प्रभावी होगा। काचीगुड़ा–यशवंतपुर (20703): हिंदुपुर स्टेशन पर 15:48 के बजाय 15:55 बजे पहुंचेगी। यशवंतपुर–काचीगुड़ा (20704): हिंदुपुर में आगमन का समय अब 12:08 के स्थान पर 12:17 होगा। कलबुर्गी-एसएमवीटी बेंगलुरु यलहंका स्टेशन पर 12:58 बजे आएगी।

### नहर में डूबे नाबालिग का 45 घंटे बाद शव मिला



**सतना।** रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरमारी गांव से निकली बाणसागर परियोजना की पुरवा नहर में डूबे दो नाबालिग बच्चों में से एक का शव लगभग 45 घंटे बाद मंगलवार सुबह बरामद कर लिया गया। दूसरे बच्चे की तलाश जारी है। बच्चे रविवार को पुरवा नहर में नहाने के लिए गए थे। इसी दौरान वे तेज बहाव में बह गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया।

### एयरलाइंस ने फ्लाइट्स का किराया 15% बढ़ाया



**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव का असर अब सीधे आम आदमी की जेब पर भी पड़ते दिखाई दे रहा है। भारतीय एयरलाइंस ने इंटरनेशनल फ्लाइट्स के किराए में करीब 15% की बढ़ोतरी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ती जंग और होर्मुज रूट प्रभावित होने के कारण कच्चे तेल की कीमतों और जेट फ्यूल के दाम में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

## कैबिनेट बैठक : मोहन सरकार का युवाओं के लिए बड़ा फैसला

# इंटर्नशिप में 'हर महीने' मिलेंगे 10 हजार, हर ब्लॉक से 15 युवा जोड़ेंगे

*इस योजना को अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन संस्थान के माध्यम से संचालित किया जाएगा*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में युवाओं के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया। बैठक में नई योजना यंग इंटर्नस फॉर गुड गवर्नेंस प्रोग्राम को मंजूरी दी गई। इसके तहत युवाओं को इंटर्नशिप के लिए प्रति माह 10 हजार रुपए दिए जाएंगे।

योजना को अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन संस्थान के माध्यम से संचालित किया जाएगा। इसमें युवाओं को ब्लॉक स्तर पर सरकार की योजनाओं का जमीन स्तर पर इम्पैक्ट और क्रियान्वयन में आने वाली कठिनाइयों की जानकारी को एकत्रित करना होगा। इसमें 4,865 युवा इंटर्न के रुप में काम करेंगे। प्रारंभ में हर ब्लॉक से 15 युवाओं को योजना से जोड़ा जाएगा। सरकार द्वारा जनता के लिए कई तरह की स्कीम और सरकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इंटर्नशिप करने वाले युवाओं को इन योजनाओं की जमीनी हकीकत पता करनी होगी।


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कैबिनेट बैठक में निर्देशित करते हुए

**कैबिनेट ने दी मुख्यमंत्री यंग इंटर्नस फॉर गुड गवर्नेंस प्रोग्राम को मंजूरी**

*4865 इंटर्न के रूप में करेंगे काम*

*एक साल के लिए होगा एग्रीमेंट 3 साल तक की रहेगी निरंतरता*

### डिजिटलाइजेशन के माध्यम से एकत्र होंगे आंकड़े

इस योजना में एक साल तक के लिए युवाओं को इंटर्नशिप के लिए रखा जाएगा। इसकी निरंतरता 3 साल तक की रहेगी। युवा डिजिटलाइजेशन के माध्यम से सारे आंकड़े एकत्रित करेंगे। जिन युवाओं को सिलेक्ट किया जाएगा, वे स्थानीय होंगे। इससे युवाओं में नई तकनीक के बारे में जानकारी विकसित होगी।

**मुख्यमंत्री, विभागों तक सीधे पहुंचेगी जानकारी**

इंटर्नशिप कर रहे युवाओं द्वारा सरकारी योजनाओं के जो आंकड़े एकत्रित किए जाएंगे, उनका एक डैशबोर्ड और पोर्टल बनेगा। यह रिपोर्ट सीधे सुशासन स्कूल के माध्यम से मुख्यमंत्री और संबंधित विभागों तक पहुंचेगी। इस योजना का उद्देश्य है कि इसके माध्यम से युवा गुड गवर्नेंस का हिस्सा बनें और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### क्रियान्वयन के लिए 190 करोड़ की स्वीकृति

मंत्रिमंडल द्वारा 'मुख्यमंत्री यंग इंटर्नस फॉर गुड-गवर्नेस प्रोग्राम' को 3 वर्ष के लिए क्रियान्वयन के लिए लगभग 190 करोड़ रूप, की स्वीकृति प्रदान की गई है। लोक सेवा प्रबंधन विभाग को अग्रिम कार्यवाही तथा प्रक्रिया निर्धारण कर नियमों एवं निर्देशों को जारी कर क्रियान्वयन के लिए अधिकृत किया गया है।

## लोकसभा में सरकार ने बताया

# केंद्र की नौकरियों में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण तय

**आरक्षण नीति को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग लागू करता है**



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में बताया कि केंद्र सरकार के अधीन नागरिक पदों और सेवाओं में सीधी भर्ती में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाता है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि आरक्षण नीति को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग लागू करता है। उन्होंने बताया कि 8 सितंबर 1993 के कार्यालय ज्ञापन तथा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार केंद्र सरकार के अधीन नागरिक पदों और सेवाओं में सीधी भर्ती के 27 प्रतिशत पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हैं।

## जहरीले कफ सिरप कांड पर सरकार का जवाब

# देश भर में 1100 सिरप फैक्ट्रियों में जांच, मप्र में 139 केस में सजा

**राज्यसभा सांसद विवेक के. तन्खा ने उठाया मामला**


विवेक के. तन्खा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप के सेवन से 35 से ज्यादा मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत का मामला फिर राज्यसभा में उठा। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद विवेक के. तन्खा ने संसद में केंद्र सरकार को घेरा। तन्खा के सवालों के जवाब में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कफ सिरप विवाद और देश भर में खाद्य एवं औषधि सुरक्षा की विस्तृत रिपोर्ट पेश की।

## मार्केट से पूरी पुस्तकें वापस मंगाई

### एनसीईआरटी ने सार्वजनिक रूप से कोर्ट से मांग ली माफी



**'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' से जुड़े अध्याय का मामला**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' से जुड़े विवादित अध्याय को लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। इसके साथ ही परिषद ने बताया कि बाजार से पूरी किताबें वापस मंगा ली गई हैं। अब इस पुस्तक में वह अध्याय शामिल नहीं किया गया है। इसकी जानकारी एनसीईआरटी ने सोशल मीडिया के माध्यम से दी है।

## आत्महत्या की वजह का खुलासा नहीं

### मां ने 3 बेटियों संग की खुदकुशी उसके सीने से बंधी थी एक बेटी



**पड़ोसी ने कुए के पास देखीं थी चप्पलें**

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

फिरोजपुर झिरका के खंड फिरोजपुर झिरका के गांव बदोपुर में रविवार देर शाम एक महिला अपनी तीन मासूम बेटियों के साथ खेत में बने कुए में कूद गई। सोमवार सुबह कुए से चारों के शव बरामद हुए। महिला के पिता की शिकायत पर पुलिस ने पति, सास, ससुर समेत सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मृतक महिला की पहचान रामगढ़ तहसील के गांव कोटा निवासी साहिला (28 वर्ष) के रूप में हुई है।

## इंडिगो संकट के 2.5 महीने बाद बदलाव

### सीईओ पीटर एल्बर्स का इस्तीफा अब राहुल भाटिया संभालेंगे कमान


राहुल भाटिया

**उन्हें 10 मार्च को जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिगो एयरलाइंस के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर यानी सीईओ पीटर एल्बर्स ने इस्तीफा दे दिया है। कुछ महीने पहले ही इंडिगो संकट के बाद उन्होंने यह कदम उठाया है। उनको तत्काल प्रभाव से 10 मार्च 2026 को जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है। एल्बर्स ने बोर्ड को लिखे एक लेटर में कहा कि हमारी बातचीत के मुताबिक, पर्सनल कारणों से मैं आज से इंडिगो के सीईओ के पद से अपना इस्तीफा दे रहा हूं।

## फाइनल मैच में डेरिल मिचेल को मारी थी गेंद

# गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर मैच फीस का '15 फीसदी' जुर्माना

**आईसीसी कोड के लेवल-1 तोड़ने का आरोप**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को टी-20 विश्वकप के फाइनल में न्यूजीलैंड के बैटर डेरिल मिचेल पर गेंद से निशाना साधना भारी पड़ा है। सिंह पर आईसीसी कोड के लेवल-1 तोड़ने का आरोप लगा है उनपर मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए।


अर्शदीप सिंह

## प्रश्न पत्र की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई सेंध नहीं

# सीबीएसई: 12वीं के गणित का पेपर असली और सुरक्षित

**कुछ प्रश्नपत्रों के क्यूआर कोड स्कैन करने पर यूट्यूब वीडियो खुल रहा था**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीबीएसई के कक्षा 12 के गणित प्रश्नपत्र को लेकर सोशल मीडिया पर कई शंकाएं साझा की जा रही हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई ने मंगलवार को इन शंकाओं पर स्पष्टीकरण देते हुए बताया कि बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र पूरी तरह असली और सुरक्षित हैं।

बोर्ड के मुताबिक प्रश्न पत्र की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई कमी या सेंध नहीं लगी है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब प्रश्नपत्र पर दिए गए




एक क्यूआर कोड को स्कैन करने पर वह यूट्यूब वीडियो से जुड़ने लगा। इसके कारण प्रश्नपत्र की प्रामाणिकता पर सवाल उठने लगे। सीबीएसई ने मंगलवार को जारी आधिकारिक बयान में बताया कि प्रश्नपत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड द्वारा कई सुरक्षा व्यवस्था की जाती हैं। इन सुरक्षा उपायों में क्यूआर कोड भी शामिल हैं। क्यूआर कोड का उपयोग किसी संभावित सुरक्षा उल्लंघन की स्थिति में प्रश्नपत्र की सत्यता की पुष्टि करने के लिए किया जाता है। गौरतलब है कि 9 मार्च को कक्षा 12 के छात्रों की गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई थी। बोर्ड ने कहा कि इस घटना को गंभीरता से लिया गया है और सीबीएसई ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति दोबारा न बने।

## लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश

**आज संभवतः वोटिंग, भाजपा ने व्हिप जारी किया**

# चर्चा के लिए 10 घंटे, 7 घंटे चर्चा हुई बिरला पर 'पक्षपात' करने का आरोप

**बिरला पर गोगोई बोले**

**राहुल को 20 बार टोका गया रिजिजू का जवाब- प्रियंका को नेता प्रतिपक्ष बनाते तो अच्छा होता**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया। 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया। इसके बाद पीठासीन ने प्रस्ताव पेश करने की परमिशन दे दी। प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 10 घंटे का समय तय हुआ। मंगलवार को करीब 7 घंटे चर्चा हुई। इसके बाद सदन की कार्रवाई बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।


किरेन रिजिजू


गौरव गोगोई

### किस आधार पर महिला सांसदों पर आरोप लगाए: गोगोई

बहस की शुरुआत कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने की। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान 20 बार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को रोका-टोका गया। उन्हें बार-बार रूलिंग बुक दिखाई गई।

### सेशन के दौरान राहुल विदेश चले जाते हैं: रिजिजू

*संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं कहता हूं 15वीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष केवल 2 बार बोले। जब सेशन चलता है, तो विदेश चले जाते हैं। नेता प्रतिपक्ष अपनी बात बोल के सदन से भाग जाते हैं। किसी और की बात नहीं सुनते हैं। फिर कहते हैं कि मुझे बोलने नहीं दिया जाता है। पहली बार मैंने ऐसा दृश्य देखा कि नेता प्रतिपक्ष पीएम को गले लगा रहा है। अपनी सीट पर बैठकर अपने सांसद को आंख मारता है। जैसा लीडर है तो बाकी के सांसद भी वैसे ही होंगे। मेंबर चेयर को यार कहते हैं। फिर कहतें हैं कि इसमें गलत क्या है (वेणुगोपाल ने चेयर को यार कहा था) प्रियंका को नेता प्रतिपक्ष बनाते तो कुछ अच्छा होता।*

## खबर संक्षेप

### एआईजी में जिरोस्कोपिक न्यूरो रेडियोसर्जरी प्लेटफॉर्म लांच

**हैदराबाद।** एआईजी हॉस्पिटल्स ने आज जिरोस्कोपिक न्यूरो-रेडियोसर्जरी प्लेटफॉर्म के शुभारंभ की घोषणा की। यह दक्षिण भारत में अपनी तरह की पहली और पूरे देश में दूसरी स्थापना है। इस उन्नत तकनीक के आने से ब्रेन ट्यूमर और जटिल न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के उपचार में एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। मस्तिष्क के भीतर होने वाली बीमारियों के उपचार के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया यह सिस्टम डॉक्टरों को अत्यंत सटीकता के साथ ट्यूमर और अन्य असामान्य ऊतकों का इलाज करने में सक्षम बनाता है। सबसे खास बात यह है कि इस प्रक्रिया में किसी प्रकार की ओपन सर्जरी, चीरा या टांकों की आवश्यकता नहीं होती और मरीज का उपचार डे-केयर प्रक्रिया के रूप में किया जा सकता है।

### डाबर का नया अभियान वाटिका आई एम मोर

**नई दिल्ली।** डाबर वाटिका ने 'वाटिका आई एम मोर'नाम से एक नई और प्रभावशाली मुहिम शुरू की है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों को कम आंकने वाली भाषा को चुनौती देना है। 'वाटिका आई एम मोर' इन शब्दों को हटाकर एक ऐसी नई सोच बनाना चाहता है, जहां महिलाओं के साहस और उनकी बहुमुखी पहचान का सम्मान हो। डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग हेड , अंकुर कुमार ने कहाकि वाटिका में हमारा हमेशा से मानना रहा है कि एक महिला की पहचान बहुत गहरी और बहुआयामी होती है। यह अभियान उन बंदिशों के खिलाफ खड़ा होने का हमारा तरीका है।

## शहर में रोजाना 10 हजार कमर्शियल सिलेंडर का इस्तेमाल

# रसोई गैस की कीमत बढ़ने के साथ कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई बंद होने से इंडक्शन कुकर की मांग दो गुना बढ़ी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य पूर्व में चल रहे ईरान-इजराइल संघर्ष का असर अब गैस सप्लाई व्यवस्था पर भी दिखाई देने लगा है। ऑयल कंपनियों ने एहतियातन कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी फिलहाल रोक दी है।

इस फैसले से भोपाल के होटल, रेस्त्रां, मैरिज गार्डन और छोटे-बड़े उद्योगों की चिंता बढ़ गई है, खासतौर पर ऐसे समय में जब शहर में शादियों का सीजन शुरू हो चुका है। राजधानी भोपाल में करीब दो हजार से ज्यादा छोटे-बड़े होटल और रेस्त्रां हैं, जहां रोजाना 10 हजार से अधिक कमर्शियल गैस सिलेंडर का इस्तेमाल किया जाता है। अतः भोपाल में इस 10 हजार कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति कंपनियों द्वारा बाधित किए जाने सेइंडक्शन कुकर की मांग दोगुना बढ़ गई है। गर्ग ट्रेडर्स के संचालक राधेश्याम गर्ग ने कहाकि रसोई गैस की कीमत बढ़ने और भविष्य में सप्लाई को लेकर बनी अनिश्चितता का असर बाजार में दिखाई देने लगा है।



फाइल फोटो

शहर के रिटेल बाजारों में इलेक्ट्रिक किचन उपकरण जैसे- इंडक्शन कुकर की बिक्री दो गुना तक बढ़ गई है। दुकानदारों के मुताबिक रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी और आपूर्ति में अनिश्चितता के चलते भारत में इंडक्शन चूल्हों की बिक्री में भारी उछाल आया है। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक ऊर्जा लागत बढ़ने के कारण, लोग अब एलपीजी के भरोसेमंद और किफायती विकल्प के रूप में बिजली से चलने वाले उपकरणों को अपना रहे हैं।

### आगे सिलेंडर की कमी का डर

बताया जा रहा है कि घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई चैन प्रभावित होने के साथ कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ताओं को आगे सिलेंडर की कमी का डर है, जिससे वे पैनिक बाइंग (घबराहट में खरीदारी) कर रहे हैं। लोग गैस पर निर्भरता कम करने के लिए इंडक्शन के साथ-साथ इलेक्ट्रिक राइस कुकर, केतली और माइक्रोवेव ओवन की भी खरीदी कर रहे हैं। अगर एलपीजी की आपूर्ति में सुधार नहीं होता है, तो मांग और बढ़ सकती है। बाजार जानकारों के अनुसार राजधानी भोपाल जैसे शहरों में इंडक्शन कुकर की बिक्री में 40 फीसदी तक का उछाल देखने को मिल रहा है। भारत का इंडक्शन कुकटॉप बाजार 2025-2033 के दौरान 8.33 फीसदी से अधिक की सीएजीआर से बढ़ने की उम्मीद है।

### होटल कारोबारियों ने उठाए सवाल

कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई रुकने से होटल और रेस्त्रां संचालकों में नाराजगी है। उनका कहना है कि हाल ही में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1773 रुपए से बढ़ाकर 1888 रुपए कर दी गई है और वे बढ़ी हुई कीमत चुकाने के लिए भी तैयार हैं। इसके बावजूद अचानक सप्लाई रोकना समझ से परे है, खासकर तब जब शहर में शादियों का सीजन चल रहा है। मार्च के बाकी दिनों में भोपाल और आसपास के इलाकों में करीब एक हजार से ज्यादा शादियां होने वाली हैं। ऐसे में मैरिज गार्डन और कैटरिंग कारोबार पर इसका असर पड़ सकता है।

### रोजाना 10 हजार सिलेंडर की खपत

एलपीजी डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष आरके गुप्ता ने बताया कि राजधानी भोपाल में संचालित गैस एजेंसियों में अगले आदेश तक कमर्शियल सिलेंडरों की डिलीवरी रोक दी गई है। सामान्य दिनों में भोपाल में रोजाना करीब 10 हजार कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई होती थी।

## जेईई एवं नीट की कोचिंग में 100 प्रतिशत तक मिलेगी छात्रवृत्ति

# रेजोनेंस और नेवी वेलफेयर एंड वेलनेस एसोसिएशन के बीच शैक्षणिक समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा

देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान रेज़ोनेंस, कोटा और भारतीय नौसेना की नेवी वेलफेयर एंड वेलनेस एसोसिएशन के बीच एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक सहयोग समझौता संपन्न हुआ है। इस समझौते के अंतर्गत रेजोनेंस द्वारा भारतीय नौसेना के कर्मचारियों के बच्चों को जेईई एवं नीट की कोचिंग में 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर नेवी वेलफेयर एंड वेलनेस एसोसिएशन की अध्यक्ष शशि त्रिपाठी ने समझौते पर हस्ताक्षर कर इस पहल को




औपचारिक रूप दिया। कार्यक्रम में कमोडोर एसएम उरूज अथर (नेवल एजुकेशन) की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। रेज़ोनेंस के एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट एवं केमिस्ट्री विभागाध्यक्ष शिव प्रताप रघुवंशी ने बताया कि देश की सुरक्षा में समर्पित सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विभिन्न सामाजिक वर्गों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि वे जेईई एवं नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर अपने सपनों को साकार कर सकें। रेजोनेंस द्वारा समाजहित में कई विशेष छात्रवृत्ति कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। इसके अंतर्गत पुलिस, आर्मी, पैरामिलिट्री बलों, सीआरपीएफ तथा भारतीय रेल सेवा के कर्मचारियों के बच्चों को भी विशेष छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

## टाटा कम्युनिकेशंस के अध्यक्ष सुब्रमणियन ने कहा

# भारत है एक स्थिर और भरोसेमंद एआई भागीदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तंजावुर

टाटा कम्युनिकेशंस और टाटा एलेक्सी के चेयरमैन एन.जी. सुब्रमणियन (एनजीएस) ने कहा कि भारत वैश्विक एआई इकोसिस्टम में भू-राजनीतिक रूप से स्थिर और भरोसेमंद भागीदार है और एआई से जुड़े सही डिजिटल उपकरणों का उपयोग करने की इसकी क्षमता निर्णायक साबित होगी।

तंजावुर स्थित सस्त्रा विश्वविद्यालय में आयोजित सस्त्रा पैक्ट फॉर इम्पैक्ट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, उन्होंने एआई के बढ़ते अवसरों का लाभ उठाने और स्वदेशी रूप से क्षमता और लचीलापन विकसित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न संगठनों के साथ सहयोग करने के लिए सस्त्रा की सराहना की। एनजीएस ने एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के बजाय उन्हें सिखाने की आवश्यकता पर भी बल दिया और धार्मिक एआई की आवश्यकता पर जोर दिया।




समझौता ज्ञापन के दौरान

### समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

*सस्त्रा ने जोहो कॉर्पोरेशन, सिटी यूनियन बैंक और सेंटिफिक इंक. के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। आईआईटी रोपड़, ग्रीव्स कॉटन, प्रोडेप्ट और एनस्टोर ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), भौतिक एआई, कृषि स्थिरता, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, उन्नत विनिर्माण और गणितीय मॉडलिंग के क्षेत्र में सहयोगात्मक कार्य के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर जोहो के सीईओ शैलेश कुमार डेवी, सिटी यूनियन बैंक के सीईओ और एमडी डॉ. एन. कामाकोडी, आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रोफेसर राजीव आहूजा, सेंटिफिक इंडिया के प्रमुख आर.एल. नरसिम्हन और प्रोडेप्ट की सीडीओ धनशरी भट उपस्थित थे। शास्त्र के कुलपति डॉ. एस. वैद्यसुब्रमण्यम ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया।*

# बीपीसीएल बीना रिफाइनरी की स्माइल ट्रेन इंडिया से साझेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) बीना रिफाइनरी ने स्माइल ट्रेन इंडिया के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से मध्य प्रदेश के सागर और भोपाल संभाग के बच्चों को जीवन बदलने वाली कटे होंठ और तालू कि उपचार सेवाएं उपलब्ध करा रहा है।



इस पहल की नींव इस विश्वास पर आधारित है कि हर बच्चे को स्वस्थ जीवन की शुरुआत और आगे बढने का समान अवसर मिलना चाहिए। यह कार्यक्रम कॉर्पोरेट प्रतिबद्धता, गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सेवाओं और जमीनी स्तर पर जागरूकता प्रयासों को एक साथ लाकर यह सुनिश्चित कर रहा है कि संसाधनों की कमी या सेवाओं की अनुपलब्धता के कारण कोई भी कटे होंठ और तालू से प्रभावित बच्चा उपचार से वंचित न रहे। हर कटे होंठ और तालू कि सर्जरी किसी बच्चे के लिए जीवन का दूसरा अवसर और एक परिवार के लिए उम्मीद की नई किरण होती है। हम बीपीसीएल-बीना रिफाइनरी, के आभारी हैं, जिन्होंने यह समझा कि स्थायी बदलाव तब संभव होता है जब कॉर्पोरेट क्षेत्र सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं के समर्थन में सक्रिय भूमिका निभाता है।

## ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने कहा

# युद्ध तनाव से भारत की अर्थव्यवस्था एवं ट्रांसपोर्ट उद्योग पर प्रभाव संभावित

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारत सहित संपूर्ण विश्व इस समय मध्य-पूर्व में संयुक्त राज्य अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध जैसे हालात को गहरी चिंता के साथ देख रहा है। इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय संघर्ष का सीधा प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा आपूर्ति और व्यापारिक गतिविधियों पर पड़ता है। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयात के माध्यम से पूरा करता है, उसके लिए ऐसी परिस्थितियां गंभीर आर्थिक चुनौती पैदा कर सकती हैं। यह बात ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने कही।

कपूर के अनुसार यदि यह तनाव लंबे समय तक बना रहता है या युद्ध का दायरा बढ़ता है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र वृद्धि की संभावना है। भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें वैश्विक बाजार से प्रभावित होती हैं, इसलिए डीज़ल, पेट्रोल और अन्य ईंधन की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर देश की परिवहन व्यवस्था और आम उपभोक्ता पर पड़ सकता है। उन्होंने कहाकि भारत का सड़क परिवहन क्षेत्र देश की आर्थिक गतिविधियों की रीढ़ माना जाता है और देश में लगभग 85 प्रतिशत माल परिवहन ट्रकों के माध्यम से होता है। ट्रांसपोर्ट परिचालन में लगभग 55 प्रतिशत लागत केवल ईंधन पर निर्भर करती है। ऐसे में यदि डीज़ल की कीमतों में वृद्धि होती है तो ट्रक संचालन की लागत में भारी बढ़ोतरी होना स्वाभाविक है।

### सरकार से मांग, परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उठाए यह कदम

उन्होंने कहाकि ऐसी परिस्थितियों में यह आवश्यक है कि सरकार और नीति-निर्माता समय रहते आवश्यक कदम उठाएं ताकि ट्रांसपोर्ट उद्योग पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े और देश की आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित न हो। उन्होंने संगठन की ओर से भारत सरकार से मांग की, कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए डीजल पर करों की समीक्षा कर ट्रांसपोर्ट सेक्टर को राहत प्रदान की जाए। माल परिवहन क्षेत्र को आर्थिक स्थिरता देने के लिए आवश्यक नीतिगत सहायता प्रदान की जाए। टोल टैक्स और अन्य परिचालन लागतों में यथासंभव राहत पर विचार किया जाए। छोटे और मध्यम ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों को वित्तीय सहायता और आसान ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाए। देश की आपूर्ति श्रृंखला को सुचारु बनाए रखने के लिए ट्रांसपोर्ट उद्योग को रणनीतिक महत्व के क्षेत्र के रूप में देखा जाए।

### परिवहन महंगा हुआ तो आम उपभोक्ता आएगा महंगाई की चपेट में

कपूर ने कहाकि ईंधन महंगा हुआ तो माल भाड़े में वृद्धि होगी, लॉजिस्टिक्स लागत में बढ़ोतरी निश्चित है। इसके साथ ही आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ेगा। व्यापार और उद्योग की लागत में वृद्धि होगी और छोटे ट्रांसपोर्टरों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर दबाव बनेगा। यह प्रभाव अंततः आम उपभोक्ता तक पहुंचता है क्योंकि हर वस्तु की कीमत में परिवहन लागत शामिल होती है। इसलिए यदि ईंधन की कीमतों में लगातार वृद्धि होती है तो इसका प्रभाव खाद्य पदार्थों, निर्माण सामग्री, कृषि उत्पादों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों पर भी दिखाई दे सकता है।

# चेंबर का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर से मिला सौपा कमर्शियल सिलेंडर आपूर्ति बहाल करने का पत्र



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष गोविंद गोयल की अध्यक्षता में संस्था का प्रतिनिधिमंडल भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से मिला और कमर्शियल गैस सिलेंडर आपूर्ति को बहाल करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि तेल-गैस कंपनियों द्वारा भोपाल सहित समूचे प्रदेश और देश में कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बंद कर दी है। कंपनियों द्वारा उठाए गए इस कदम राजधानी के होटल, रेस्टोरेंट, खाद्य, मिष्ठान, टेंट-केटर्स सहित मैरिज गार्डन पर दुष्प्रभाव पड़ा है। भोपाल जिले में लगभग 2000 होटल एंड रेस्टोरेंट बिना कमर्शियल गैस के अपना भोजन एवं नास्ता आदि कैसे तैयार कर पाएंगे। भोपाल जिले में शादी, ब्याह, होली मिलन समारोह एवं अन्य प्रसांगिक कार्यक्रम भी चल रहे हैं। अतः बिना कमर्शियल गैस सिलेंडर के ये सब कार्य संपन्न नहीं होंगे। इसलिए कमर्शियल गैस के सिलेंडर की सप्लाई जारी रखी जाए। चेंबर के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जिन्होंने महीनों से शादी -ब्याह आदि के निमंत्रण बांटे है वो कैसे होंगी एवं होटलों द्वारा भोजन की व्यवस्था कैसे होगी। अतः अनुरोध है कि उपरोक्त परिस्थितियों के निवारण के लिए कोई ठोस निर्णय लिया जाए ।

## राशिफल


**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।


**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।


**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।


**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता


**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।


**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।


**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।


**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।


**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।


**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

### 24 कैरेट सोने के दाम में उछाल, चांदी 13,000 रुपए बढ़ी

**नई दिल्ली।** सराफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है। दिल्ली सराफा एसोसिएशन के अनुसार, 24 कैरेट सोने का भाव 1,64,500 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। सोमवार को इसका दाम 1,63,700 रुपये था। इसी तरह 22 कैरेट सोने की कीमत भी बढ़कर 1,52,990 रुपये हो गई है। कीमतों में इस उछाल से खरीदारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। चांदी के दाम में भी जोरदार उछाल देखने को मिला है। सोमवार को जहां चांदी 2,68,300 रुपये प्रति किलो थी, वहीं मंगलवार को यह बढ़कर 2,81,500 रुपये पर पहुंच गई। यानी एक दिन में चांदी करीब 13,000 रुपये महंगी हो गई है।

# वाणिज्यिक सिलेंडरों की किल्लत पर पेट्रोलियम मंत्रालय ने समिति बनाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की अचानक किल्लत होने से होटल और रेस्तरां उद्योग में चिंता बढ़ने के बाद पेट्रोलियम मंत्रालय ने आपूर्ति से जुड़े मुद्दों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की है। मंत्रालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि रेस्तरां, होटलों और अन्य उद्योगों को एलपीजी आपूर्ति से संबंधित मांगों की समीक्षा के लिए तेल विपणन कंपनियों के तीन कार्यकारी निदेशकों की एक समिति बनाई गई है। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण ईंधन आपूर्ति श्रृंखला पर बड़ा असर पड़ा है। ऐसे हालात में सरकार ने घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति को प्राथमिकता दी है, जिससे बाजार मूल्य वाले वाणिज्यिक एलपीजी का उपयोग करने वाले होटल एवं रेस्तरां को आपूर्ति संकट का सामना करना पड़ रहा है। सरकार इस समय वैकल्पिक आपूर्ति स्रोत की तलाश कर रही है, लेकिन सीमित उपलब्धता के कारण घरेलू क्षेत्र को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे वाणिज्यिक प्रतिष्ठान प्रभावित हो रहे हैं। भारत में सालाना करीब 3.13 करोड़ टन एलपीजी की खपत होती है। इसमें लगभग 87 प्रतिशत हिस्सा घरेलू रसोई गैस का है ।

## शब्द पहेली - 6161



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

### शब्द पहेली- 6160 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ज | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 6171

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6170 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |



## इगा ने मारिया को 6-3, 6-2 से शिकस्त देकर चौथे दौर में बनाई जगह

# इंडियन वेल्स में लगातार छठी बार राउंड ऑफ 16 में पहुंची स्वियातेक, बनीं पहली महिला खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया)

दो बार की चैंपियन इगा स्वियातेक ने 32वीं वरीयता प्राप्त मारिया साकारी को 6-3, 6-2 से शिकस्त देकर इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बना ली है। स्वियातेक अब एग्निज्का राडवांस्का और कैरोलिना वोज्नियाकी के बाद इंडियन वेल्स में लगातार छह वर्षों तक राउंड ऑफ 16 में पहुंचने वाली पहली महिला बन गई हैं। डब्ल्यूटीए के अनुसार, साल 2009 में इस फॉर्मेट की शुरुआत के बाद से, डब्ल्यूटीए-1000 इवेंट्स में जीत प्रतिशत के मामले में (कम से कम 10 मैच) स्वियातेक (129-31, .806) केवल सेरेना विलियम्स (148-28, .841) से पीछे हैं।



### हार के बाद मीरा ने खोया आपा तोड़ा रैकेट, दर्शकों पर चिल्लाई

मौजूदा चैंपियन मीरा एंड्रीवा ने बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के तीसरे दौर में हारने के बाद अपना रैकेट कई बार पटका और फिर दर्शकों पर चिल्लाती हुई कोर्ट से बाहर चली गई। एंड्रीवा गैर वरीयता प्राप्त कैटेरीना सिनियाकोवा से 4-6, 6-7(5), 6-3 से हार गई। मैच के दौरान भी उनका व्यवहार अच्छा नहीं रहा और हारने के बाद वह अपना आपा खो बैठी। दूसरे सेट का टाईब्रेकर हारने के बाद एंड्रीवा ने अपना रैकेट फेंक दिया और फिर उसे तोड़ दिया, जो नियमों का उल्लंघन था। उन्होंने मैच प्वाइंट के बाद अपना रैकेट फिर से फेंक दिया। वह सिनियाकोवा से हाथ मिलाने के लिए नेट पर गई। इसके बाद एंड्रीवा दर्शकों की ओर इशारा करते और चिल्लाते हुए कोर्ट से बाहर चली गई। एंड्रीवा ने बाद में कहा, 'मैं अपने व्यवहार से वास्तव में खुश नहीं हूं। मैंने आखिर में जो कुछ किया उस पर मुझे गर्व नहीं है। यह ऐसी चीजें हैं जिन पर मुझे वास्तव में जल्द से जल्द काम करने की जरूरत है।'

### मारिया का शानदार प्रदर्शन

मारिया साकारी का प्रदर्शन शानदार रहा था, उन्होंने अपने सभी सर्विस गेम जीते और सभी छह ब्रेक प्वाइंट्स बचाए। स्वियातेक के खिलाफ भी उन्होंने इसी तरह शुरुआत की। पहले गेम में अपने चौथे ब्रेक प्वाइंट को भुनाया और 2-0 की बढ़त बनाने के लिए एक लंबा होल्ड किया। इसके बाद स्वियातेक ने अपने फोरहैंड की गति बढ़ाई और आखिरी सात में से छह गेम जीत लिए। दूसरा सेट भी कुछ ऐसा ही रहा, जिसमें स्वियातेक ने साकारी की सर्विस को तीन बार तोड़ा। साकारी का आखिरी बैकहैंड शॉट कोर्ट से बाहर चला गया था। टॉप 20 से बाहर रैंक वाली प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने पिछले 34 मुकाबलों में, स्वियातेक को केवल एक हार का सामना करना पड़ा था, जो पिछले महीने दोहा क्वार्टरफाइनल में साकारी के खिलाफ मिली थी।

### राउंड ऑफ 16 में पहुंचीं जेसिका

दूसरी ओर, अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन येलेना ओस्तापेंको के खिलाफ एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की और 4-6, 6-3, 6-2 से जीत दर्ज करके राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है। चौथे दौर में उनका मुकाबला 12वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिक से होगा। 2019 की सेमीफाइनलिस्ट बेंसिक ने एलिस मर्टेंस को 6-2, 6-3 से हराकर चौथी बार राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई है।



### कोवासेविक को हराकर जोकोविच पहुंचे चौथे दौर में

नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी खिलाड़ी अलेक्जेंडर कोवासेविक के खिलाफ 6-4, 1-6, 6-4 से जीत दर्ज करते हुए इंडियन वेल्स ओपन के चौथे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली। हालांकि, इस मुकाबले के दौरान पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 नोवाक जोकोविच को कोवासेविक ने कड़ी चुनौती जरूर दी, लेकिन जोकोविच ने दबाव में भी सूझबूझ का परिचय दिया। जोकोविच को इस हफ्ते लगातार दूसरे मैच में जीत के लिए तीन सेट तक संघर्ष करना पड़ा। टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में उन्होंने कामिल माजचर्जाक के खिलाफ भी कड़ा मुकाबला जीतकर अभियान की शुरुआत की थी। मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट्स में 113वीं बार प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचकर जोकोविच ने राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया और इस सूची में अकेले शीर्ष पर पहुंच गए। वह साल 2017 के बाद पहली बार इंडियन वेल्स के चौथे दौर में पहुंचे हैं, जहां उनका सामना मौजूदा चैंपियन जैक ड्रेपर से होगा।

---

## खबर संक्षेप



### क्वार्टर फाइनल में भिड़ेंगे मैनचेस्टर सिटी और लिवरपूल

**लंदन।** मैनचेस्टर सिटी एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में लिवरपूल की मेजबानी करेगा जबकि चेल्सी का सामना तीसरी श्रेणी की टीम पोर्ट वेल से होगा। पोर्ट वेल ने रविवार को सुंदरलैंड पर चौंकाने वाली जीत दर्ज की थी। उसे अब अंतिम आठ के मुकाबले के लिए चेल्सी का दौरा करना होगा। आर्सेनल क्वार्टर फाइनल में साउथेम्प्टन का सामना करेगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में लीड्स का सामना वेस्ट हैम से होगा। वेस्ट हैम ने ब्रेंटफोर्ड को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर एक दशक में पहली बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप: नागर ने जीते दो गोल्ड मेडल

**हैदराबाद।** पैरालंपिक चैंपियन कृष्णा नागर ने सातवीं सीनियर राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप के एसएच 6 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते। कृष्णा ने पुरुषों के एकल एसएच 6 फाइनल में सुदर्शन एमएस को 21-10, 21-19 से हराकर खिताब अपने नाम किया। कृष्णा ने इसके बाद मिश्रित एसए 6 वर्ग में नित्या सुमति सिवन के साथ मिलकर अपना दूसरा स्वर्ण पदक मेडल जीता। इस जोड़ी ने सुदर्शन एमएस और श्रेया कुमारी को 21-7, 21-11 से हराया।

### राष्ट्रीय चयन ट्रायल : पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष पर मनु

**नई दिल्ली।** ओलंपियन मनु भाकर राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (ग्रुप ए) की महिला 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में शीर्ष पर रहीं। ट्रायल दो की विजेता संयम दूसरे स्थान पर रहीं जबकि ईशा सिंह ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में तीसरा स्थान हासिल किया। अंतिम क्वालीफायर के रूप में फाइनल में जगह बनाने वाली मनु ने दूसरी सीरीज के अंत में बढ़त बनाई और फिर 246.1 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने संयम को 4.2 अंक से पछाड़ा जिन्होंने 241.9 अंक जुटाए।



---

# टीम इंडिया पर धनवर्षा, बीसीसीआई ने दी 131 करोड़ की पुरस्कार राशि

सहयोगी स्टाफ के सदस्यों में वितरित किए जाएंगे 41 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने तीसरी बार पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए मंगलवार को 131 करोड़ रुपए के पुरस्कार की घोषणा की। यह पुरस्कार राशि 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहयोगी स्टाफ में वितरित की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि का बड़ा हिस्सा मिलना तय है, जबकि सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के लिए पुरस्कार राशि उनके पद के अनुसार तय की जाएगी। यह राशि 2024 में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली चैंपियन टीम को दिए गए 125 करोड़ रुपए से छह करोड़ रुपए अधिक है।



### 15 खिलाड़ियों को मिलेंगे 6-6 करोड़ रुपए

सूत्रों के अनुसार 15 खिलाड़ियों में से प्रत्येक को छह करोड़ रुपए मिलेंगे जबकि शेष 41 करोड़ रुपए सहयोगी स्टाफ के सदस्यों में वितरित किए जाएंगे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बयान में कहा, 'बोर्ड इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और चयनकर्ताओं को एक बार फिर बधाई देता है और भविष्य में उनकी निरंतर सफलता की कामना करता है।'

### बीसीसीआई ने की कप्तान-कोच की तारीफ

बीसीसीआई के मुताबिक, कप्तान सूर्यकुमार यादव के शानदार नेतृत्व में भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में निडर और जोशीला खेल दिखाया। धमाकेदार बल्लेबाजी, अनुशासनात्मक गेंदबाजी और शानदार क्षेत्ररक्षण समेत टीम ने टी20 विश्व कप के सभी चरणों में निरंतरता बनाए रखी और सबसे मुश्किल पलों में भी अच्छा प्रदर्शन किया। बीसीसीआई ने मुख्य कोच गौतम गंभीर और पूरे सपोर्ट स्टाफ की भी उनकी लीडरशिप, प्लानिंग और तैयारी के लिए तारीफ की। बोर्ड ने पुरुष चयन समिति की भी तारीफ की।

### एएफसी महिला एशियाई कप से बाहर भारतीय टीम

**सिडनी।** खराब फॉर्म से जूझ रही भारतीय टीम एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में चीनी ताइपे से 1-3 से हारकर बाहर हो गई। भारतीय टीम को मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रहने की भारी कीमत चुकानी पड़ी। मैच के बड़े हिस्से में हावी रहने और कई मौके बनाने के बावजूद भारतीय टीम को मौकों को भुनाने में नाकामी का खामियाजा भुगतना पड़ा और टीम पहली बार मेरिट के आधार पर इस बड़े टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के बाद जल्दी बाहर हो गई।



### नहीं टलेगा फुटबॉल विश्व कप स्थगित करना नहीं आसान: फीफा

एजेंसी ▶▶| डलास

फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के मुख्य संचालन अधिकारी हेइमो शिर्गी ने कहा कि यह बहुत बड़ा टूर्नामेंट है तथा अमेरिका और इजरायल के ईरान के खिलाफ युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक उथल-पुथल के चलते इसे स्थगित करना आसान नहीं होगा।

विश्व कप 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा, जिसमें पहली बार 48 देश भाग लेंगे। इनमें ईरान भी शामिल है। शिर्गी ने कहा कि फीफा ईरान युद्ध और उसके नतीजों पर करीबी नजर रखे हुआ है। शिर्गी ने कहा, 'अगर मैं भविष्यवक्ता होता मैं अभी बता सकता था कि क्या होने वाला है, लेकिन जाहिर है कि स्थिति बदल रही है।' उन्होंने कहा, ' हालात दिन-प्रतिदिन बदल रहे हैं और हम उन पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हम अपने सभी संघीय और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं। हम हर दिन के हिसाब से चल रहे हैं और किसी न किसी स्तर पर हमें इसका समाधान मिल जाएगा। विश्व कप तो होगा ही, है ना? विश्व कप बहुत बड़ा टूर्नामेंट है और हम उम्मीद करते हैं कि क्वालीफाई कर चुके सभी देश इसमें भाग लेंगे।'

---

गोल्फ प्रीमियर लीग

## आज से आईजीपीएल, भुल्लर गिल, कोचर पर रहेगी नजर

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

मौजूदा चैंपियन गगनजीत भुल्लर 11 से 13 मार्च तक होने वाले इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) के पहले चरण में आकर्षण का केंद्र होंगे, जिसमें कई अन्य शीर्ष खिलाड़ी भी भाग लेंगे।

भुल्लर ने 2025 में आईजीपीएल में खिताब जीता था और इस बार उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। एशियाई टूर में 11 जीत के साथ भारत के सबसे सफल खिलाड़ी रहे भुल्लर के अलावा इस प्रतियोगिता में पुखराज सिंह गिल भी भाग लेंगे, जिन्होंने 2025 में आईजीपीएल ऑर्डर ऑफ मेरिट जीता था। इनके अलावा एशियाई टूर के स्टार करणदीप कोचर और अमन राज भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। इस प्रतियोगिता में 2025 में मुकाबला इतना करीबी था कि शीर्ष तीन खिलाड़ियों पुखराज (81,90,652 रुपए), अमन राज (81,81,708 रुपए) और भुल्लर (81,30,000 रुपए) के बीच केवल 60,000 रुपए से कुछ अधिक का अंतर था। इस प्रतियोगिता में कुल 58 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें नौ एमेच्योर खिलाड़ी भी शामिल हैं। इसमें कोई कट नहीं होगा।



### इंडियन ओपन गोल्फ की राशि बढ़ी, पहुंची 2.55 मिलियन डॉलर पर

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फ खिलाड़ी अक्षय भाटिया हीरो इंडियन ओपन में चुनौती पेश करने वाले दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल होंगे। एशिया के सबसे प्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंटों में से एक इंडियन ओपन का आयोजन 26 से 29 मार्च के बीच गुरुग्राम के 'डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब' में होगा। आयोजकों ने बताया कि इस बार टूर्नामेंट की इनामी राशि बढ़ाकर रिकॉर्ड 2.55 मिलियन डॉलर (लगभग 23.42 करोड़ रुपए) कर दी गई है, जिसमें से विजेता को 4,33,500 डॉलर (लगभग चार करोड़ रुपए) की पुरस्कार राशि मिलेगी। 'डीपी वर्ल्ड टूर' और भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) से मान्यता प्राप्त इस टूर्नामेंट में भाटिया के अलावा स्पेन के मौजूदा चैंपियन यूजेनियो चाकारा और बेल्जियम के थॉमस डेट्री (2025 में पीजीए टूर पर फीनिक्स ओपन विजेता), डीपी वर्ल्ड टूर के मौजूदा सत्र के विजेता दक्षिण अफ्रीका के केसी जार्विस, स्पेन के नाचो एल्विरा और जर्मनी के फ्रेडी शॉट जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने भाग लेने की पुष्टि कर दी है।

### गुजरात टाइटंस के नए बैटिंग कोच बने हेडन

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने इसकी घोषणा की। दो बार के वनडे विश्व कप विजेता और अपने जमाने के सबसे प्रभावशाली सलामी बल्लेबाजों में से एक हेडन का अंतरराष्ट्रीय करियर शानदार रहा है। उन्हें टी20 में बल्लेबाजी का व्यापक अनुभव है और वह इसकी बारीकियों को समझते हैं। हेडन ने सभी प्रारुपों में 273 अंतरराष्ट्रीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने 15,000 से अधिक रन बनाए और आईसीसी के कई टूर्नामेंट में जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा, ' मैथ्यू की नियुक्ति हमारे सफर के महत्वपूर्ण मोड़ पर की गई है। शीर्ष स्तर पर उनका अनुभव और उभरती प्रतिभाओं को मार्गदर्शन देने की उनकी क्षमता आगामी सत्र में हमारे लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।' हेडन ने कहा, ' अच्छी बल्लेबाजी दबाव बनाती है। शानदार बल्लेबाजी खेल पर अपना दबदबा बनाती है।

## अर्शदीप पर आईसीसी ने लगाया 15 प्रतिशत जुर्माना, मिचेल को गेंद मारने की मिली सजा

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अहमदाबाद में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल के दौरान न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल पर 'आक्रामक और अनुचित तरीके से' गेंद फेंकने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

इसके अलावा अर्शदीप के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने के समय में उनका पहला अपराध है। आईसीसी ने कहा कि अर्शदीप को आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टॉफ से संबंधित आचार संहिता के नियम 2.9 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट से जुड़ी कोई अन्य चीज) फेंकने' से जुड़ा है। यह घटना रविवार को न्यूजीलैंड की पारी के 11वें ओवर में हुई जब अर्शदीप ने गेंद फेंकने के बाद शॉट खेलने पर गेंद को रोका और फिर आक्रामक तरीके से बल्लेबाज की ओर फेंका, जो न्यूजीलैंड के उप कप्तान के पैड पर लगी।



---

### टूर्नामेंट में भारत ने खेले कुल 9 मैच, सैमसन 5 मैच ही खेल पाए

# सैमसन ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनकर बनाया अनोखा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने हाल में समाप्त हुई प्रतियोगिता का 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनकर एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर दिया।

सैमसन पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के पुरुष या महिला वर्ग के किसी टूर्नामेंट में अपनी टीम की तरफ से 4 मैच नहीं खेलने के बावजूद 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार हासिल किया। उनसे पहले चार खिलाड़ी ही ऐसे थे, जिन्होंने अपनी टीम के सभी मैच नहीं खेलने के बावजूद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था। इन खिलाड़ियों ने हालांकि अपनी टीम की तरफ से केवल एक मैच नहीं खेला था।



### टूर्नामेंट में सैमसन ने खेले सिर्फ 5 मैच

सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल की तरह बने मैच में नाबाद 97 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 और फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में भी 89 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। भारत ने इस टूर्नामेंट में कुल 9 मैच खेले, जिनमें से सैमसन 5 मैच ही खेल पाए थे। आईसीसी के पुरुष या महिला वर्ग के टूर्नामेंट में इससे पहले 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनने वाले किसी खिलाड़ी ने या तो अपनी टीम के सभी मैच खेले थे या फिर वे केवल एक मैच से बाहर रहे थे।

### पूरे मैच नहीं खेलने वाले इन खिलाड़ियों को मिला पुरस्कार

जिन खिलाड़ियों ने आईसीसी के किसी टूर्नामेंट में एक मैच नहीं खेलने के बावजूद 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' पुरस्कार हासिल किया था, उनमें ऑस्ट्रेलिया की लिसा कीटली (महिला वनडे विश्व कप 2000, नौ में से आठ मैच खेले), ऑस्ट्रेलिया की ही कारेन रोल्टन (महिला वनडे विश्व कप 2005, आठ में से सात मैच खेले), इंग्लैंड के केविन पीटरसन (पुरुष टी20 विश्व कप 2010, सात में से छह मैच खेले) और न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र ((चैंपियंस ट्रॉफी 2025, पांच में से चार मैच खेले) शामिल हैं।




### दुर्घटना में मृत युवक के भाई ने लगाई अपील

# हाई कोर्ट ने पीएम के बिना शव दफनाने पर मांगा जवाब

**जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने पोस्टमार्टम के बिना शव दफनाए जाने के मामले में संजीदगी दर्शाई है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस रत्नेश चंद्र बिसेन की डिवीजन बेंच ने मामले पर राज्य शासन से जवाब मांगा है। सात दिन का समय दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी।**

अपीलकर्ता जबलपुर निवासी कसीमुद्दीन कुरैशी की ओर से दलील दी गई कि अपीलकर्ता का भाई गयासुद्दीन कुरैशी नरसिंहपुर जिले के बहोरीपार गांव में रहता था। 26 मार्च, 2025 को गयासुद्दीन एक हादसे का शिकार हो गया। जिसके बाद उसे गंभीर हालत में जबलपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। अगले दिन 27 मार्च को इलाज के लिए नागपुर ले जाया गया,



जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल की डिस्चार्ज रिपोर्ट में मृतक के सीने में चोट का निशान दर्ज था। ऐसे में मौत को सामान्य नहीं माना जा सकता। आवेदक ने 10 नवम्बर, 2025 को जबलपुर एसपी को आवेदन देकर मामले की जांच और पोस्टमार्टम की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कब्र से शव निकालकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की गई। पहले हाईकोर्ट की एकलपीठ में याचिका दायर की गई थी, जिसे निरस्त कर दिया गया। इसके बाद आवेदक ने डिवीजन बेंच में अपील दायर की।

## माध्यमिक शिक्षक (खेल) के पदों पर नियुक्तियां हाईकोर्ट के अधीन

**राज्य सरकार सहित अन्य से मांगा**

मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम अंतरिम आदेश के तहत प्रदेश के सरकारी स्कूलों में माध्यमिक शिक्षक (खेल ) के पदों पर होने वाली नियुक्तियों को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है। इस पद पर नियुक्ति के लिए निर्धारित योग्यता को चुनौती देने के मामले में जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, लोक शिक्षण संचालनालय, मप्र कर्मचारी चयन बोर्ड के चेयरमैन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। अगली सुनवाई 15 अप्रैल को होगी।

मुरैना निवासी सुरेन्द्र सिंह कुशवाह और मुरारी लाल शाक्य की ओर से कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ताओं ने माध्यमिक शिक्षक (खेल) भर्ती 2024 में भाग लिया। पात्रता और चयन परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उनका नाम मेरिट में आया। इसके बाद दस्तावेज परीक्षण में उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी गई। याचिकाकर्ताओं के पास डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन की योग्यता है। परीक्षण में यह कहा गया कि उक्त पद के लिए बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (बीपीएड) की योग्यता चाहिए। याचिका में दलील दी गई कि भर्ती अधिसूचना में बीपीएड और डीपीएड को समकक्ष योग्यता का प्रावधान किया गया था। याचिकाकर्ता योग्य थे, तभी चयन प्रक्रिया में सम्मिलित हुए थे। उनका नाम मेरिट सूची में भी आया और दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया भी पूरी की गई, किंतु बाद में मौखिक रूप से यह कहा गया कि उनकी डीपीएड योग्यता को बीपीएड के समकक्ष नहीं माना जाएगा।

### हाईकोर्ट की सुरक्षा में तैनात 4 पुलिस कर्मी निलंबित

**जबलपुर।** सोमवार को एक व्यक्ति के उच्च न्यायालय परिसर में शिशु भ्रूण लेकर पहुंचने की घटना को गंभीरता से लेते हुए जबलपुर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने सुरक्षा डियूटी में तैनात चार पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। गौरतलब हो कि रीवा निवासी दयाशंकर पांडे सोमवार को न्यायमूर्ति हिमांशु जोशी की एकलपीठ में सोमवार को अपनी याचिका के सिलसिले में पहुंचा। यहां वह पालिथिन में शिशु का भ्रूण लेकर



पहुंचा था जिसे देख अफरातफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी। उच्च न्यायालय जैसे अति-संवेदनशील और उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में इस तरह की घटना के बाद पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने सोमवार को न्यायालय की सुरक्षा में तैनात एएसआई मुन्ना अहिरवार, प्रधान आरक्षक ब्रहमदत्त व अरुण उपाध्याय के साथ ही आरक्षक प्रतीक सोनकर को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए।



## पुलिस की रेड पड़ते ही कूद-फांदकर भागने लगे जुआड़ी

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत कटरा मोहल्ले में एक घर की छत पर जमे जुए के फड़ पर उस समय भगदड़ मच गई, जब पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर यहां रेड मारी। पुलिस को देखते ही जुआड़ी कूद-फांदकर भागने लगे। लेकिन पुलिस ने मकान की चारों तरफ से घेराबंदी कर रखी थी। पुलिस ने 11 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर 12 हजार रुपए जब्त किए है। अधारताल थाना प्रभारी प्रवीण कुमार कुमरे ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर नबाम्बे स्कूल के सामने कटरा निवासी मकबूल के घर की छत पर जुआ मन्ना खेल रहे ईशा खान, इब्राहिम मंसूरी, शेख अशफाक, शेख मुस्ताक, शेख अलीम, मोह. सलमान, रहीश अहमद, मोह. सलमान, रमजान खान, गुलाम वारिस, मकबूल खान को गिरफ्तार कर उनके पास से ताश के 52 पत्ते एवं नगदी 12 हजार 700 रूपये जप्त करते हुये जुआड़ियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



# गुजराती मोहल्ले में आग में कई झुग्गियां खाक

**दुर्घटनाः पीड़ितों के सामने अब रोजी-रोटी का संकट**

**जबलपुर।** अधारताल क्षेत्र अतंर्गत गुजराती मोहल्लें में मंगलवार तड़के अचानक आग भड़क उठी। इस आग में लगभग 1 दर्जन से अधिक झुग्गियां जलकर नष्ट हो गई, तो वहीं लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान भी जताया जा रहा है। उक्त बस्ती में रहने वाले लगभग 15 परिवार पुराने कपड़े खरीदकर इन्हें बेचने का काम करते थे। लिहाजा घरों में बड़ी संख्या में पुराने कपड़ो का भी स्टॉक था, जो जलकर खाक हो गया। सुबह क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर नगर निगम दमकल विभाग से 6 गाड़ियों को मौके पर पहुंचाया गया और बड़ी मशक्कत के बाद दमकल दल ने आग पर काबू पाया। इस संबंध में नगर निगम दमकल प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 5 बजे अधारताल गुजराती मोहल्लें में आग लगने की सूचना मिलने पर तत्काल ही दमकल दल को मौके पर रवाना किया गया। दमकल की 6 गाड़ियों ने बड़ी देर की मशक्कत के बाद इस आग पर काबू पा लिया। हालांकि इस दौरान बस्ती की 12 से अधिक झुग्गियां और इनमें रखा गृहस्थी का सामान तथा बड़ी मात्रा में रखे पुराने कपड़ों का स्टॉक जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। क्षेत्रीय रहवासियों के मुताबिक वे पिछले बीसों साल से यहां रहते हुए पुराने कपड़ो का क्रय विक्रय कर अपने परिवारों का भरण पोषण करते हैं। इस अग्नि दुर्घटना के बाद अब उनके सामने रोजी रोटी का संकट आ गया है। पीड़ितों ने जिला प्रशासन से आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# नर्स बहू के नाम से लोन लेकर प्लॉट खरीदा

**दहेज प्रताड़ना : पति, सास, ससुर, नंदोई के खिलाफ मामला दर्ज**

जबलपुर।

अधारताल थाना अतंर्गत जयप्रकाश नगर में एक महिला ने अपने पति, सास, ससुर एवं नंदोई के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट और धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अधारताल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जयप्रकाश नगर निवासी 32 वर्षीय श्रीमती रागिनी चौबे ने लिखित शिकायत में बताया कि उनका विवाह 15 दिसंबर 2023 को जयप्रकाश नगर निवासी रोहित दुबे के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही सास कमला दुबे, ससुर ओंकार दुबे और पति रोहित दुबे दहेज में 5 लाख रुपये की मांग करने लगे। उनका आरोप है कि शादी में 2 लाख रुपये दिए जाने के बावजूद शेष राशि और अन्य सामान को लेकर उन्हें लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। शिकायत के अनुसार ससुर द्वारा प्लॉट खरीदने के लिए 10 लाख रुपये की मांग की गई और दबाव बनाकर उनके नाम से 10 लाख रुपये का लोन निकलवाया गया। आरोप है कि उक्त राशि से प्लॉट खरीदा गया। महिला का कहना है कि वह लंबे समय तक मांगें पूरी करती रहीं और मायके पक्ष को जानकारी नहीं दी। महिला ने बताया कि 22 अक्टूबर 2024 को पति ने गाली-गलौज कर मारपीट की और रात में घर से निकाल दिया। सूचना पर उनका भाई उन्हें मायके ले गया। बाद में सामाजिक समझाइश पर वह दोबारा ससुराल लौटीं, लेकिन प्रताड़ना का सिलसिला जारी रहा। शिकायत में यह भी आरोप है कि उनके नंदोई आशीष चौबे ने 5 लाख रुपये की मांग की और मना करने पर पति, सास और ससुर के साथ मिलकर वेतन का हिसाब रखने, एटीएम कार्ड अपने पास रखने और 10 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग करते हुए प्रताड़ित किया।

महिला, जो पेशे से नर्स हैं, ने आरोप लगाया कि ससुर उसके चरित्र पर संदेह जताकर पति को भड़काते थे और पति उन पर नौकरी छोड़ने का दबाव बनाते थे। विरोध करने पर दोबारा मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। 16 फरवरी 2026 को मायके पक्ष द्वारा समझौते का प्रयास करने पर भी आरोपियों ने उन्हें घर से भगा दिया और पति ने जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 296(बी), 115(2), 85, 351(3) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 एवं 4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया है।



### ऑनलाईन सट्टे का फरार आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** रांझी पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने वर्ल्ड कप क्रिकेट में ऑनलाइन सट्टा खिलाने के मामले में फरार आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है, जहां आरोपी विशाल सराफ भारत और न्यूजीलैंड के बीच में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने का काम कर रहा था तभी संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश देते हुए आरोपी को रंगे हाथों दबोचा। क्राइम ब्रांच के प्रभारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि फरार आरोपी विशाल सराफ रांझी क्षेत्र में घूम रहा था, सूचना मिलने पर आरोपी को दबोचा गया।




### आटो की टक्कर से वृद्ध की मौत

**जबलपुर।** घमापुर थाना अतंर्गत सतपुला के पास एक ई-आटो ने टहलने गए एक वृद्ध को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वृद्ध घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वृद्ध की मौत हो गई। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार लालमाटी सिद्धबाबा रोड घमापुर निवासी 71 वर्षीय खमरिया फैक्ट्री से रिटायर्ड रामपाल सिंह अपने साथी मदन शर्मा और रामनरेश सिंह के साथ रोज की तरह सतपुला तरफ टहलने जाते थे गत शाम 4.30 बजे अपने साथियों के साथ टहलने गये थे टहलकर वापस आ रहे थे जैसे ही सतपुला के पास पहुंचे उसी समय सफेद रंग के बैटरी वाले आटो के चालक ने रामपाल को टक्कर मार दी, जिससे रामपाल रोड़ में गिर गये और उन्हें उपचार हेतु औमेगा हैदराबाद अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार दौरान शाम लगभग 6-45 बजे रामपाल सिंह की मृत्यु हो गयी है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# जबलपुर से मंडला फोर्ट तक सीधी ट्रेन

## नैनपुर में ट्रेन बदलने यात्रियों को नहीं करना पड़ेगा इंतजार

जबलपुर।

जबलपुर से मंडला के लिए जल्द ही रेलवे की एक बड़ी सुविधा शुरु होने जा रही है। इसके बाद यात्रियों को नैनपुर स्टेशन पर ट्रेन बदलने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। दरअसल जबलपुर रेल मंडल ने जबलपुर-नैनपुर और नैनपुर-मंडला फोर्ट के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों को मिलाकर एक ही ट्रेन के रूप में चलाने का प्रस्ताव तैयार किया था, जिसे अब रेलवे बोर्ड की मंजूरी मिल चुकी है। लिहाजा अब जोन स्तर पर ट्रेन की नई समय-सारिणी तैयार की जा रही है। जैसे ही नई टाइम टेबल लागू होगी, यात्रियों को जबलपुर से मंडला फोर्ट तक सीधे पैसेंजर ट्रेन की सुविधा मिलने लगेगी।



### वर्तमान में दो भागों में चलती हैं ट्रेनें

अभी तक जबलपुर से मंडला फोर्ट तक जाने के लिए यात्रियों को दो अलग-अलग ट्रेनों का सहारा लेना पड़ता है। वर्तमान व्यवस्था में पश्चिम मध्य रेलवे की पैसेंजर ट्रेन जबलपुर से नैनपुर तक चलती है। इसके बाद उसी रैक को नया नंबर देकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नैनपुर से मंडला फोर्ट तक चलाता है। इस व्यवस्था के कारण यात्रियों को नैनपुर स्टेशन पर लंबा इंतजार करना पड़ता है। कई बार ट्रेन के बीच में काफी अंतराल होने के कारण यात्रियों को घंटों स्टेशन पर रुकना पड़ता है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद इन दोनों हिस्सों को मिलाकर एक ही ट्रेन बना दी जाएगी। इससे जबलपुर से मंडला फोर्ट तक सीधे ट्रेन चल सकेगी और यात्रियों को बार-बार ट्रेन बदलने की परेशानी नहीं होगी।

अभी की व्यवस्था में कई बार यात्रियों को नैनपुर स्टेशन पर पूरी रात तक इंतजार करना पड़ता है। उदाहरण के तौर पर जबलपुर से शाम 6:55 बजे चलने वाली पैसेंजर ट्रेन रात करीब 11 बजे नैनपुर पहुंचती है और वहीं समाप्त हो जाती है। इसके बाद वही ट्रेन अगले दिन तड़के करीब 3:45 बजे मंडला फोर्ट के लिए रवाना होती है। इस कारण मंडला जाने वाले यात्रियों को पूरी रात स्टेशन पर बितानी पड़ती है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद यह ट्रेन सीधे जबलपुर से मंडला फोर्ट तक जाएगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## हाई कोर्ट ने जताई नाराजगी

# ट्रायल कोर्ट के रीडर की गलती से 12 दिन से अधिक जेल में रहना पड़ा



जबलपुर ।

मप्र हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के रीडर की गलती से आरोपी को 12 दिन से अधिक जेल में रखे जाने के मामले में नाराजगी जताई। दरअसल, आरोपी को हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी थी। किंतु रीडर ने जमानत के दस्तावेज स्पेशल जज के समक्ष प्रस्तुत न करते हुए हाई कोर्ट के आदेश को गलत बताते हुए उसमें सुधार के लिए वापस कर दिया था। इस रवैये को आड़े हाथों लेते हुए जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने कहा कि रीडर की गलत सोच के कारण आवेदक को 12 दिनों से अधिक समय तक गलत तरीके से कस्टडी में रखा गया। रीडर द्वारा अपनाया गया तरीका सही नहीं था।

जबलपुर की हनुमानताल पुलिस ने जीशान खान के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। आरोपी उक्त अपराध में विगत 10 जुलाई, 2025 से न्यायिक अभिरक्षा में है। हाई कोर्ट से आरोपी को उक्त अपराधिक प्रकरण में विगत 18 फरवरी, 2026 को जमानत मिल गई थी। आरोपी की ओर से 20 फरवरी को जमानत के दस्तावेज ट्रायल कोर्ट के स्पेशल जज की अदालत में प्रस्तुत किए गए थे। रीडर ने हाई कोर्ट के आदेश में एक धारा का उल्लेख नहीं किए जाने की त्रुटि निकालते हुए उसे स्पेशल जज के समक्ष प्रस्तुत न करते हुए सुधार कार्य करवाने के लिए वापस कर दिया था। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद अपने आदेश में कहा है कि जमानत दस्तावेज संबंधित विशेष न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत न करते हुए रीडर ने हाई कोर्ट के आदेश पर कमी निकालते हुए उसे वापस कर दिया। रीडर ने जो तरीका अपनाया वह सही नहीं है। आर्डर में कुछ कमी थी तो उनका फर्ज था कि वह कागजात स्पेशल जज के सामने प्रस्तुत करते। स्पेशल जज को कानूनी आर्डर पास करना चाहिए। किसी केस में जरूरी बातें केस नंबर होता है, जिसका ज़क्रि आदेश में था। इसके अलावा क्राइम नंबर और आरोपी के नाम का उल्लेख भी आदेश में था। आदेश आरोपी और उस केस की पहचान करने के लिए काफी था।

## ओबीसी आरक्षण के मामले में सुप्रीम कोर्ट में लगी रिव्यू याचिका

**जबलपुर**। ओबीसी आरक्षण के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सभी केस वापस मप्र हाईकोर्ट भेज दिए हैं। उसी मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक रिव्यू याचिका दाखिल की गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर का कहना है कि कुछ संशोधन की मांग को लेकर यह पुनरीक्षण याचिका दायर की गई है। इस मामले पर मंगलवार को सुनवाई नियत थी, लेकिन समयाभाव के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। शीर्ष अदालत ने अब मामले की सुनवाई 17 मार्च को नियत की है। दरअसल, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा ओबीसी आरक्षण के समस्त प्रकरणों को जबलपुर हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर कराया था। शीर्ष अदालत में उन सभी मामलों की सुनवाई छत्तीगढ़ राज्य के आरक्षण के प्रकरणों के साथ हो रही थी। वरिष्ठ अधिवक्क्ता ने बताया कि विगत 19 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने विस्तृत आदेश पारित कर मध्य प्रदेश के मामलों के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के मामलों को भी मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिए हैं। इसके अलावा विशेष अनुमति याचिकाएं भी वापस कर दी गई हैं। उनका कहना है की सर्वोच्च न्यायालय में दायर एसएलपी को संबंधित हाईकोर्ट का आदेश निरस्त किए बिना वापस नहीं भेजा जा सकता। इसलिए संशोधन के लिए यह रिव्यू याचिका दायर की गई है।

## खाने के तेल, घी और रसोई गैस के दाम बढ़े

# युद्ध का असर : आम आदमी की रसोई पर बढ़ा बोझ

**जबलपुर**। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान से जुड़े युद्ध जैसे हालातों और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर अब जबलपुर की आम रसोई तक महसूस किया जा रहा है। शहर में बीते कुछ दिनों के भीतर खाने के तेल, देसी घी और वनस्पति घी के दामों में सीधे 10 रुपये लीटर तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में लगभग 60 रुपये की वृद्धि ने मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों की चिंता और बढ़ा दी है। शहर के प्रमुख किराना व्यापारियों का कहना है कि कीमतों में यह बढ़ोतरी स्थानीय स्तर पर नहीं, बल्कि थोक बाजार से ही शुरू हुई है। थोक में माल महंगा मिलने के कारण खुदरा दुकानदारों को भी बढ़े हुए दाम पर सामान बेचना पड़ रहा है।पिछले एक सप्ताह में सोयाबीन तेल, रिफाइंड तेल और सरसों तेल के दामों में 8 से 12 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी देखी गई है। इसी तरह देसी घी और वनस्पति घी के पैकेटों के दामों में भी 10 रुपये तक का उछाल आया है।जानकारों का कहना है कि व्यापारियों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और समुद्री मार्गों पर अनिश्चितता के कारण आयात लागत बढ़ी है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा कच्चे तेल और कुछ खाद्य तेलों का आयात करता है, इसलिए वैश्विक अस्थिरता का सीधा असर घरेलू बाजार पर पड़ता है।

### रसोई गैस महंगी, डिलीवरी में भी देरी

खाद्य वस्तुओं के साथ-साथ रसोई गैस की कीमतों में भी बढ़ोतरी ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है। घरेलू 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की कीमत में लगभग 60 रुपये की वृद्धि दर्ज की गई है।इसके अलावा कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की है कि गैस बुक कराने के बाद सिलेंडर की डिलीवरी में 15 से 20 दिन तक का समय लग रहा है। कुछ लोगों का आरोप है कि एजेंसियों में लंबी प्रतीक्षा सूची बन गई है। हालांकि संबंधित एजेंसियों का कहना है कि आपूर्ति सामान्य है और बढ़ती मांग के कारण अस्थायी देरी हो सकती है।

### बजट पर सीधा असर

शहर के गृहणियों का कहना है कि पहले ही महंगाई से राहत नहीं मिल पा रही थी, अब रोजमर्रा की जरूरत की चीजें महंगी होने से मासिक बजट पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। एक मध्यमवर्गीय परिवार जहां पहले महीने का राशन और गैस मिलाकर निश्चित खर्च तय कर लेता था, अब उसे अतिरिक्त 400 से 700 रुपये तक का बोझ उठाना पड़ सकता है।

### पेट्रोल-डीजल भी हो सकता हैं महंगा

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अंतरराष्ट्रीय हालात लंबे समय तक तनावपूर्ण बने रहे तो पेट्रोल और डीजल के दामों में भी बढ़ोतरी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसा होने पर परिवहन लागत बढ़ेगी और अन्य वस्तुओं की कीमतों पर भी असर पड़ सकता है। सरकार और प्रशासन की ओर से आपूर्ति सामान्य होने और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने का दावा किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि घबराने की आवश्यकता नहीं है और बाजार में किसी प्रकार की कृत्रिम कमी नहीं होने दी जाएगी। हालांकि जमीनी स्तर पर उपभोक्ताओं का अनुभव कुछ अलग है। बढ़ते दाम और देरी से मिल रही गैस डिलीवरी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। फिलहाल जबलपुर के लोग बढ़ती महंगाई के बीच राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं। आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय हालात किस दिशा में जाते हैं और सरकार महंगाई पर नियंत्रण के लिए क्या कदम उठाती है, इस पर शहरवासियों की नजरें टिकी हुई हैं।

## कार्रवाई का चौथा दिन : 22 परिवारों को तेवर भेजा गया

# पहाड़ी पर 14 और मकानों पर चला बुलडोजर



**जबलपुर**। मदन महल पहाड़ी पर आज भी अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रही। अभियान के चौथे दिन जिला प्रशासन व नगर निगम की टीम ने बुलडोजर चलाकर पहाड़ी के हिस्से में बने 14 अतिक्रमण जमींदोज कर दिए। नगर निगम की कार्रवाई के दौरान 22 परिवारों को उनके घरेलू सामान सहित तेवर में विस्थापित किया गया। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पालन में जिला प्रशासन, नगर निगम व पुलिस के संयुक्त अभियान के तहत की जा रही है। गौरतलब है जिला प्रशासन, नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रुप से यह अभियान चलाया गया। पूर्व में यहां किए गए सर्वे के दौरान इस क्षेत्र की करीब 21 हेक्टेयर भूमि पर कुल 714 अतिक्रमण चिह्नित किए गए थे। प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने से पहले यहां रहने वाले लोगों को तेवर और भड़पुरा में 450 वर्ग फीट के प्लॉट भी आवंटित किए हैं। इसके अलावा अस्थायी आशियाना बनाने के लिए उन्हें बल्ली, तिरपाल व रस्सी जैसी आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है। अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विस्थापन और पुर्नवास के बड़े बड़े दांवे किए जा रहे हैं लेकिन प्रभावितों द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि पुर्नवास स्थल पर बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। लिहाजा उन्हें भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। ।

## सूने घर का ताला तोड़कर सोने के जेवर व 1 लाख नगद चोरी

**जबलपुर**। हनुमानताल थाना अतंर्गत बाबा टोला ठक्कर ग्राम रविदास मंदिर के पास एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर सहित नगदी 1 लाख रुपए चोरी कर ले गए। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबा टोला ठक्कर ग्राम रविदास मंदिर के पास थाना हनुमानताल निवासी श्रीमति सुषमा सतनामी अपने परिवार के साथ अपने मायके रांझी गई थी। इस दौरान उसके सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर घर के अंदर घुसे और घर में रखी अलमारी के ताले तोड़कर सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी एक लाख रूपये चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## 3 सड़क हादसों में आधा दर्जन घायल

**जबलपुर**। गोसलपुर हनुमानताल व सिहोरा थाना क्षेत्रों में हुए तीन अलग-अलग सड़क हादसों में तेज रफ्तार बेलगाम वाहनों की टक्कर से आधा दर्जन लोग घायल हो गये। तीनों प्रकरणों में वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### कार की टक्कर से 3 घायल

गोसलपुर थानान्तर्गत कल शाम लगभग साढ़े चार बजे बरनू तिराहा के पास तेज रफ्तार कार क्रमांक एम पी 20 जेडसी 6563 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए खदान से काम कर घर लौट रहे श्रमिकों शंभू, विजय अहिरवार व देवांश को पीछे से टक्कर मार दी। घटना में श्रमिकों के हाथ- पैरों में चोटे आयीं है। कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश की जा रही है।

### बाईक की टक्कर से घायल

हनुमानताल थानान्तर्गत कल शाम लगभग चार बजे मोतीनाला निवासी मोहम्मद अफजल जो कबाड़ी का काम करता है अपनी स्कूटी से कहीं जा रहा था तभी भानतलैया में कल्लन के कबाड़खाने के सामने तेज रफ्तार मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 जेडए 7637 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए कबाड़ी अफजल को टक्कर मार दी। घटना में स्कूटी समेत गिरने से अफजल को चोटें आयीं है। घायल अफजल को बाईक चालक मोहित चौधरी ने ईलाज के लिए मेट्रो हास्पिटल में भर्ती कराया है। इसी तरह सिहोरा थाना क्षेत्र में कल सुबह पुराना बस स्टैण्ड के समीप एक संस्थान से लौट रही रिचा पाण्डेय को सड़क पार करते समय तेज रफ्तार मोटर साइकिल ने टक्कर मार दी।

### सूने घर का ताला तोड़कर सोने के जेवर व 1 लाख नगद चोरी

हनुमानताल थाना अतंर्गत बाबा टोला ठक्कर ग्राम रविदास मंदिर के पास एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर सहित नगदी 1 लाख रुपए चोरी कर ले गए। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबा टोला ठक्कर ग्राम रविदास मंदिर के पास थाना हनुमानताल निवासी श्रीमति सुषमा सतनामी अपने परिवार के साथ अपने मायके रांझी गई थी। इस दौरान उसके सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर घर के अंदर घुसे और घर में रखी अलमारी के ताले तोड़कर सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी एक लाख रूपये चोरी कर ले गए।

## समाधान योजना में 31 मार्च तक मिलेगी 90 प्रतिशत तक की छूट

जबलपुर। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि समाधान योजना में अब तक 22 लाख 14 हजार बिजली उपभोक्ताओं में सरचार्ज में छूट का लाभ लिया है। उन्होंने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय व अंतिम चरण को 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है। पूर्व में यह योजना 28 फरवरी तक लागू थी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 3 नवम्बर को समाधान योजना 2025-26 की शुरुआत हुई थी। समाधान योजना में तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है। मंत्री श्री तोमर ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि यदि वे तीन माह से अधिक के बकाएदार हैं और योजना में अभी तक शामिल नहीं हो पाए।

वे अब 31 मार्च तक योजना में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं।

## स्टेट बार काउंसिल की महिला प्रत्याशियों के लिए हों पृथक मतपत्र

**जबलपुर**। एमपी स्टेट बार काउंसिल चुनाव में महिला प्रत्याशियों के लिए पृथक मतपत्र की व्यवस्था की मांग फिर बुलंद की गई है। इसे लेकर पूर्व में मांग-पत्र भेज गया था। लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसीलिए स्मरण-पत्र भेजा गया है। भारत के प्रधान न्यायाधीश, बार काउंसिल आफ इंडिया, हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश व स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन व सचिव को भेजे गए स्मरण-पत्र में 30 प्रतिशत महिला आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत का हवाला दिया गया है। साथ ही इस बात पर आपत्ति दर्ज कराई गई है कि चुनाव प्रक्रिया अंतर्गत अब तक एक ही मतपत्र का प्रविधान है, जो कि अनुचित है। अधिवक्ता ज्योति कुरील का कहना है कि नियमानुसा अविलंब दो मतपत्र की नवाचारी व्यवस्था की अधिसूचना जारी कर दी जानी चाहिए।

## सराफा एसोसियेशन की आम सभा में हुई कार्यशाला व होली मिलन कार्यक्रम




**जबलपुर**। जिलहरी घाट सभागृह में जबलपुर सराफा एसोसिएशन की आम सभा का आयोजन हुआ, जिसमें नगर और उपनगरीय क्षेत्र के करीब 600 व्यापारी शामिल हुए। कार्यक्रम में होली मिलन, बुजुर्गों का सम्मान और ज्वेलरी व्यापार की कार्यशाला संपन्न हुई। पूर्व अध्यक्ष अजय बख्तावर और सुरेश सराफ ने व्यापार से जुड़ी समस्याओं पर सुझाव दिए। प्रदेश अध्यक्ष राजा सराफ ने धारा 411-412 और आगामी ज्वेलरी एग्ज़िबिशन पर जानकारी दी। महाकौशल चेंबर अध्यक्ष रवि गुप्ता ने व्यापार बढ़ाने के उपाय बताए, जबकि कीर्ति अभिलाष पांडे ने साइबर सुरक्षा पर मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया गया और स्वर्ण ऐप (ज्वेलरी एप) के विशेषज्ञों ने व्यापार, अकाउंटिंग, डिजाइनिंग और ग्राहकों तक पहुंच के टिप्स दिए। मंच संचालन ओम सोनी ने किया।

## अपशिष्ट जल अब बनेगा संसाधन, जबलपुर नगर निगम की 'लाल टैंकर' पहल

**जबलपुर**। नगर निगम ने अपशिष्ट जल को शहर के विकास के लिए एक मूल्यवान संसाधन में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशन में, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में वैज्ञानिक प्रक्रियाओं से अपशिष्ट जल को उपचारित किया जा रहा है, जिसे अब विभिन्न विकास कार्यों में उपयोग किया जा रहा है।'लाल टैंकर' के जरिए उपचारित जल को शहर की सड़कों, फुटपाथों की सफाई, पौधों की सिंचाई, नाले-नालियों की सफाई, निर्माण कार्यों और नगर निगम के वाहनों की धुलाई में इस्तेमाल किया जा रहा है। इस पहल से ताजे जल की बचत हो रही है और अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग हो रहा है, जो शहर के पर्यावरणीय दृष्टिकोण से एक सकारात्मक कदम है।




## ए.पी. नर्मदा महाविद्यालय में दो दिवसीय विज्ञान दिवस का आयोजन

**जबलपुर**। ए.पी. नर्मदा महाविद्यालय में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सौजन्य से "वूमन इन साइंसः कैटेलाइजिंग विकसित भारत" विषय पर दो दिवसीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 9 मार्च 2026 को मुख्य वक्ता डॉ. दीप्ति देशपांडे (मंगलायतन विश्वविद्यालय, जबलपुर) ने अपने वक्तव्य में विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नारी ही प्रथम वैज्ञानिक है, जिसकी प्रयोगशाला रसोई से शुरू होकर अंतरिक्ष तक जाती है। द्वितीय दिवस पर शासकीय मॉडल साइंस महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. रवि कटारे ने भारतीय विज्ञान एवं खगोलशास्त्र में ऋषि-मुनियों के योगदान पर विस्तार से जानकारी दी और बताया कि महिलाएं विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. पूजा शर्मा ने दो दिवसीय आयोजन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान रंगोली, पोस्टर मेकिंग, भाषण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनके विजेताओं को संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव द्वारा पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के प्रथम दिवस का संचालन डॉ. सुमन मेहरा तथा द्वितीय दिवस का संचालन डॉ. दिव्या पाराशर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, प्राचार्या डॉ. सोनल खरे, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा, प्रबंधक तुलसीदास द्राविड एवं सीबीएसई प्रभारी प्राचार्य करण खुराना ने आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ और छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

## आर्मी पब्लिक स्कूल की शिक्षिका द्वारा जीवन मूल्यों पर लिखी पुस्तक 'पर्ल्स ऑफ विजडम' कई स्कूलों में निःशुल्क वितरित

# शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक नहीं, बल्कि अच्छे इंसान बनाना : विदिता मेहता

अनुरोध पटेरिया

**जबलपुर**। शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न मानते हुए छात्रों के व्यक्तित्व और नैतिक मूल्यों के विकास को प्राथमिकता देने वाली आर्मी पब्लिक स्कूल की शिक्षिका एवं लेखिका श्रीमती विदिता मेहता पिछले एक दशक से अधिक समय से इस दिशा में कार्य कर रही हैं। रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर और बी.एड. की डिग्री प्राप्त विदिता मेहता ने 23 वर्ष की आयु में अपने शिक्षण करियर की शुरुआत की। एक सेना अधिकारी की पत्नी होने के कारण उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों में पढ़ाने का अवसर मिला, जिससे उन्हें अलग-अलग पृष्ठभूमि के छात्रों के साथ काम करने का अनुभव प्राप्त हुआ।



शिक्षण के साथ-साथ उन्होंने लेखन के माध्यम से भी छात्रों को प्रेरित करने का प्रयास किया है। उनकी पुस्तक 'पर्ल्स ऑफ विजडम' जीवन मूल्यों पर आधारित निबंधों का संग्रह है, जिसकी प्रतियां उन्होंने कई विद्यालयों में छात्रों को निःशुल्क वितरित की हैं। उनके लेख प्रतिष्ठित पत्रिका कम्पटीशन सक्सेस रिव्यू में प्रकाशित होते हैं और वे प्रतिष्ठित समाचार पत्र में अतिथि स्तंभकार भी हैं। छात्रों में जीवन मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए उन्होंने सेना के विभिन्न स्कूलों में विशेष सत्र आयोजित किए, जिनमें कहानी कहने की शैली के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों और महान व्यक्तित्वों के जीवन प्रसंग साझा किए। उनके इस कार्य के लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'वुमन ऑफ सब्सटेंस एंड नेटवर्क' द्वारा सम्मानित किया गया। सामाजिक क्षेत्र में भी वे सक्रिय हैं। आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (AWWA) की सदस्य के रूप में उन्होंने वीर नारियों के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप कई महिलाओं को आर्मी स्कूलों में शिक्षक के रूप में नियुक्ति मिली।

### मुख्य बिंदु

- सेना के जीवन में स्थानांतरण सामान्य बात है। इस कारण विदिता को देश के विभिन्न हिस्सों में पढ़ाने का अवसर मिला। इससे अलग-अलग पृष्ठभूमि और संस्कृतियों के छात्रों को समझने का मौका मिला।
- पढ़ाते समय विदिता को लगा कि छात्रों को केवल पाठ्यक्रम ही नहीं, बल्कि जीवन के मूल्यों की भी जरूरत होती है। इसी विचार से मैंने 'पर्ल्स ऑफ विजडम' लिखी।
- इस पुस्तक में जीवन के महत्वपूर्ण पाठ और नैतिक मूल्यों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है, ताकि छात्र पढ़ाई के साथ-साथ जीवन की सही दिशा भी समझ सकें सामाजिक कार्यों में AWWA के माध्यम से वीर नारियों के कल्याण के लिए काम करती है और उन्हें रोजगार दिलाने के प्रयास करती है।
- भावी योजनाओं में जीवन कौशल और नैतिक मूल्यों पर और पुस्तकें लिखना चाहती है, ताकि अधिक से अधिक छात्रों तक सकारात्मक संदेश पहुंच सके।

## पटवारी ने चारागाह भूमि से कटवा दिए सागौन, चंदन के पेड़

### जनसुनवाई में शिकायत

**जबलपुर**। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में भेड़ाघाट निवासी संतोष कुमार कुचबंधिया ने सनसनीखेज आरोपों के साथ शिकायत की है कि शहपुरा भिटोनी में पदस्थ पटवारी ने बिलहा पंचायत अतंर्गत वन भूमि खसरा क्रमांक 222/5 से लगी हुई शासकीय चारागाह भूमि से 10 सागौन के वृक्ष, 5 चंदन के वृक्ष जेसीबी मशीन लगाकर उखड़वा दिए। आवेदक ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 24 फरवरी 2026 को पटवारी व कुछ अन्य लोग आए और मौके पर बोले यह जमीन बंटी पाठक की है। मशीन लगाकर वहां पेड़ों की कटाई करा दी और जमीन की खुदाई करा दी। वृक्षों के नीचे गाय बछड़े शीतल छाया में रहते थे। आवेदक ने शिकायत में फोटोग्राफी संलग्न की है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई है।

# सिहोरा में उद्देश्य से भटकी दीन दयाल रसोई योजना

## नहीं मिल रहा गरीबों को लाभ, जिम्मेदार अधिकारीयों ने मूंदी आंखें

**सिहोरा।** पांच रुपये में भरपेट भोजन देने की सरकार की मंशा निगरानी के अभाव में केवल पोर्टल पर अपडेट हो रही है। जिसके चलते दीन दयाल रसोई योजना का संचालन अब केवल दिखावा बनकर रह गया है। गरीबों को न तो पर्याप्त भोजन मिल रहा है न ही भोजन की गुणवत्ता का ध्यान रखा जा रहा है। भोपाल से संचालित इस योजना में रोटी,सब्जी और चावल तक सीमित मेन्यू गरीबों का पेट भरने में असमर्थ है। संचालक के फर्जी दावों और फर्जी लाभार्थियों की संख्या दर्ज कर सरकार को धोखा देने की खबरें सामने आई हैं। जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। प्रशासन के नुमाइंदों के गैर जिम्मेदार बयान तथा लापरवाही और संचालक की अनियमितताओं ने गरीबों के लिए बनी इस योजना को मजाक बना दिया है।

### अनेक अनियमितता जिम्मेदार बेखबर

वर्तमान में योजना का संचालन कर रही संस्था ने अपने ढंग से नियमों को बदल दिया है जिससे गरीबों को ना तो भरपेट भोजन मिल रहा है और ना ही भोजन की गुणवत्ता का ध्यान रखा जा रहा है। रसोई में ना तो मीनू के अनुसार खाना बन रहा है, और सिर्फ रोटी,सब्जी और चावल से काम चलाया जा रहा है। गरीबों का कहना है कि दो रोटी और हाफ प्लेट चावल में पेट नहीं भरता। इस योजना का संचालन भोपाल से किया जा रहा है, जो दावा करता है कि उन्होने अब तक 57731 गरीबों को बेहतर भोजन उपलब्ध कराया है वहीं नये वर्क आर्डर जनवरी 2026 से 10 फरवरी तक मात्र 40 दिन जिनमें अवकाश के दिवस भी शामिल है 3717 लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। रसोई की खाली पड़ी कुर्सीया चीख चीख कर बोल रही है की गुणवत्ताहीन भोजन के कारण लाभर्थीयो की संख्या दहाई का आकंड़ा भी पार नहीं करती।इससे यह स्पष्ट होता है कि योजना का संचालन किस प्रकार हो रहा है।

### फर्जी नाम और मोबाइल नम्बर दर्ज कर रहे

लंबे समय से इस तरह की अनियमितताएं हो रही हैं लेकिन जिम्मेदार



अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। नगरपालिका और संचालक के अनुसार दीन दयाल रसोई में रोजाना 150 से 200 लाभार्थी भोजन कर रहे हैं, जबकि सूत्रों की माने तो यहां पर घटिया भोजन की वजह से लगभग 20 से 25 लोग ही भोजन ले रहे हैं। इसके बावजूद संचालक के संचालक फर्जी नाम और मोबाइल नंबर दर्ज करके लाभार्थियों की संख्या बढ़ा रहे हैं। इस प्रकार फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। पहले भी इस तरह की धांधली सामने आ चुकी है लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

### सार्वजनिक स्थल की जगह वाचनालय में संचालित

योजना को क्रियान्वित करने म.प्र.शासन की मंशा थी की दुरदराज ग्रामो से आने वाले दिहाड़ी मजदुर गरीबो को स्वच्छ स्थान पर भरपेट भोजन पानी प्राप्त हो सके।लेकिन संचालक एंव स्थानीय प्रशासन की मिली भगत से बस स्टेंड रेल्वे स्टेशन सिविल अस्पताल जैसे सार्वजनिक स्थल को छोड़कर नगरपालिका के वाचनालय भवन में संचालित किया जा रहा है ताकी भारी संख्या में लाभर्थीयो की संख्या में घालमेल किया जा सके।

### यह है योजना का उद्देश्य

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत प्रदेश सरकार द्वारा प्रति व्यक्ति को पांच रुपये में भरपेट भोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक साफ-सुथरी जगह पर बैठाकर खिलाना है। भोजन करने से पहले लाभार्थियों से पांच रुपये और मोबाइल नंबर लिया जाता है, जिसे रोजाना पोर्टल पर अपडेट किया जाता है। इसके बदले में शासन समूह को प्रति व्यक्ति 125 ग्राम गेहूं,100 ग्राम चावल और दस रुपये देता है। यह योजना गरीबों की भलाई के लिए शुरू की गई थी, लेकिन वर्तमान में इसे केवल कमाई का जरिया बना दिया गया है। प्रशासन को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए ताकि गरीबों को उनका हक मिल सके और दीन दयाल रसोई योजना अपने उद्देश्य को प्राप्त कर सके।

### इनका कहना है

भवन का कार्य चल रहा है कार्य पुर्ण होते ही दीन दयाल रसोई स्थांतरित की जायेगी।
**जयश्री चौहान मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सिहोरा**

योजना भोपाल से संचालित है संचालक जो जानकारी अपलोड करते है हम केवल वो बता सकते हैं कार्यालय में ओर भी काम है रोज चेक नहीं किया जा सकता।
**कल्पना दीक्षित, आजिविका मिशन**

# यंग साइंटिस्ट अवार्ड में जनेकृविवि का जलवा, चार शोधार्थियों ने जीते पुरस्कार




**जबलपुर।** मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) द्वारा भोपाल में 26 से 28 फरवरी 2026 तक आयोजित 41वें यंग साइंटिस्ट अवार्ड कार्यक्रम में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जनेकृविवि) के शोधार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार पुरस्कार अपने नाम किए। कृषि विज्ञान (फार्म मशीनरी एवं पावर) विषय में कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय की शोधार्थी शालिनी चतुर्वेदी को प्रथम पुरस्कार (25,000) प्राप्त हुआ। उन्होंने अपना पीएच.डी. शोध कार्य डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया। वहीं मुस्कान जैन (एम.टेक., पोस्ट-हार्वेस्ट एंड फूड इंजियरिंग) को द्वितीय पुरस्कार (20,000) मिला, जिन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. प्रीति जैन के निर्देशन में किया। तृतीय पुरस्कार (15,000) डॉ. आयुषी सोनी (जेनेटिक्स एवं प्लांट ब्रीडिंग विभाग) को डॉ. स्तुति शर्मा के मार्गदर्शन में प्रदान किया गया। इसी श्रेणी में डॉ. निशी मिश्रा (जैव प्रौद्योगिकी विभाग) को डॉ. शरद तिवारी के निर्देशन में तृतीय पुरस्कार मिला। कार्यक्रम में देशभर से 700 से अधिक शोध-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से लगभग 270 युवा वैज्ञानिकों को प्रस्तुति के लिए चुना गया। इन चारों शोधार्थियों को देश के प्रतिष्ठित शोध संस्थानों में फेलोशिप प्राप्त करने का अवसर भी मिला है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा, अधिष्ठाता कृषि संकाय एवं संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी. के. कोतू, विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. आशीष कुमार तथा डॉ. आर. शिव रामकृष्णन ने सभी शोधार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विश्वकर्मा समाज की महिलाओं ने दिखाई दमदार एकजुटता

**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर श्री विश्वकर्मा महिला महासंगठन द्वारा भव्य और उत्साहपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं को सम्मानित करते हुए नारी शक्ति, आत्मसम्मान और एकता का सशक्त संदेश दिया गया। पूरे आयोजन में महिलाओं का जोश और उत्साह देखने लायक रहा। इस आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष नम्रता विश्वकर्मा के नेतृत्व में गरिमा, स्वाति, छाया, आभा, पूजा, ज्योति, सीमा, मीरा, सरिता, कृष्णा, उर्मिला, संगीता, विमलेश, रचना, रक्षा, स्वाति, पूनम, भारती, निशा, प्रभा, प्रार्थना, आंचल, सुषमा, श्वेता, गीतांजलि, अभिलाषा सहित सभी सदस्याओं ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया।



उनके सामूहिक प्रयासों से यह कार्यक्रम बेहद सफल और यादगार बना। कार्यक्रम का संदेश स्पष्ट था कि जब महिलाएं एकजुट होकर आगे बढ़ती हैं, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मजबूत लहर पैदा होती है और नारी शक्ति समाज की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरती है।

## एरियर्स राशि न मिलने से अध्यापक संवर्ग में नाराजगी

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश सहारिया ने बताया कि माध्यमिक और प्राथमिक शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान के एरियर्स की राशि अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। इससे शिक्षकों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और अध्यापक संवर्ग में रोष व्याप्त है। संगठन ने समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से मांग की है कि एरियर्स से वंचित माध्यमिक और प्राथमिक शिक्षकों को अतिशीघ्र राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, दिनेश गोंड, रउफ खान, राजकुमार यादव, गुडविन चार्ल्स, संतोष चौरसिया, सुरेंद्र चौधरी, उमेश सिंह ठाकुर, सुनील झारिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने इस मांग को बलपूर्वक रखा है।

# सनातन धर्म समरस हिन्दू संगठन ने रंगपंचमी महोत्सव में खेली फूलों की होली



**जबलपुर।** रविवार को सनातन धर्म समरस हिन्दू संगठन, रामपुर जबलपुर के तत्वाधान में रंगपंचमी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फूलों की होली खेली गई और समाजसेवियों तथा विभिन्न अखाड़ों के खलीफा पहलवानों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा धार्मिक संस्थाओं और मां नर्मदा नित्य आरती मंडल के संयोजक ओंकार दुबे को भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में महंत रामजी शरण जी महाराज, श्री त्यागी महाराज, श्री रघुनाथ यादव, श्री लक्ष्मी केशरवानी, वंदना आनंद शामिल थे। आयोजन में श्री राकेश बारी, अनिल धनगर, अशोक पटेल, सूरज माली, एडवोकेट वीरेंद्र पटेल, मोहित बाबरिया, महेश लोखंडे, आनंद नीखर, वरुण ठाकुर, मुन्ना ठाकुर, तेजसिंह ठाकुर, नितिन रजक, एडवोकेट संतोष विश्वकर्मा, अशोक झारिया, डॉ. वीरेंद्र साहू सहित कई लोगों ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में कवियों ने आधी रात तक हास्य-व्यंग और मनोरंजक रचनाओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। कवियों में राजेश पाठक, प्रवीण गोविन्द डागोर, अजय मिश्रा "अजेय", अनुराग दुबे, डॉ. प्रशांत मिश्रा, अर्पित पांडे, डॉ. प्रतिभा पटेल, वंदना सोनी, रजनी कोठारी प्रमुख थे। संयोजक पंडित राममूर्ति मिश्रा ने अपने उद्बोधन में सभी को समरसता के भाव के साथ सनातन धर्म की रक्षा और समाज में भाईचारे को बनाए रखने का आवाहन किया तथा उपस्थित सभी को रंगपंचमी और होली की शुभकामनाएं दी।

## महिला दिवस पर मन्नूलाल जगन्नाथ ट्रस्ट अस्पताल में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मन्नूलाल जगन्नाथ ट्रस्ट अस्पताल में महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विशेष निःशुल्क परामर्श एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने अस्पताल पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. श्रीमति देवानी



तथा डॉ. अजरा खान विशेष रूप से उपस्थित रहीं और महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सलाह दी। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए इस प्रकार के सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। यह शिविर ट्रस्टी श्रद्धा मालपाणी, सीईओ डॉ. मानसी चनपुरिया एवं डॉ. ख्याति के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# श्रीरामलीला समिति गढ़ा का होली मिलन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न

**जबलपुर।**

रंगपंचमी के पावन अवसर पर मनोध्याय निवास में श्रीरामलीला समिति गढ़ा एवं सहयोगी समितियों के सदस्यों की उपस्थिति में होली मिलन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति संयोजक पंडित अशोक मनोध्याय द्वारा प्रभु श्रीराम की आरती-अर्चना के साथ किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पी.पी. सिंह (संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा), नीलेश चौबे (सहायक संचालक), मनोज काशिव एवं आर.के. पांडे सहित महाकवि आचार्य भगवत प्रसाद दुबे, इंजीनियर विनोद नयन, बुंदेली कविराज राज सागरी तथा वरिष्ठ मंच संचालक कवि दीपक तिवारी 'दीपक' का गुलाल, पुष्पमाला और टोपी पहनाकर स्वागत व



सम्मान किया गया।

इस अवसर पर सभी अतिथियों और सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर तथा गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में कवियों ने हास्य-व्यंग्य से भरपूर काव्य पाठ प्रस्तुत कर माहौल को आनंदमय बना दिया। काव्य गोष्ठी में संतोष नेमा, विजय नेमा, अनुज एवं कालीदास ताम्रकार ने भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रणय गुप्ता, संजय तिवारी, श्रीराम पटेल, अजय तिवारी, राकेश पाठक, लोकराम कोरी, राजेश मिश्रा, रमाशंकर कटारे, हरीश मनोध्याय, विजय नेमा, राजेन्द्र प्यासी, कैलाश नेमा, अशोक बघेल 'दादा भाई', एड. अरुण दीक्षित, राजेश नेमा, केदारनाथ शर्मा, मुकेश मिश्रा, नरेश मिश्रा, मदन गोपाल पटेल, नीरज दुबे, देवेन्द्र मनोध्याय, एड. नवीन पाठक, हनुमंत सिंह रघुवंशी, श्रीबर्धन नेमा, प्रीतम झारिया सहित समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## ग्राम पंचायत धनगवां में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**पनागर।** ग्राम पंचायत धनगवां में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान, अधिकार और जागरूकता को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नवांकुर संस्था "आदिवासी जन कल्याण एवं बाल उत्थान समिति, धनगवां" द्वारा किया गया, जिसमें ग्राम की महिलाओं और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला सरपंच शोभा भैया जी सेन ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में महिलाओं की समस्याओं और उनके समाधान पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं से जागरूक होकर अपने अधिकारों के लिए आगे आने का आह्वान किया। वहीं ग्राम पंचायत सचिव बलराम सेन ने उपस्थित महिलाओं को विभिन्न कानूनी प्रावधानों और शासन की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर गांव में महिला जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें महिलाओं और बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं सोनम, संध्या, सृष्टि, महिमा, संजना, अंजनी और मोहिनी ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय गिल्ली-डंडा प्रतियोगिता में ग्राम धनगवां को द्वितीय स्थान दिलाने वाले खिलाड़ियों नीरज, अमित और अमित भूमिया का सरपंच द्वारा सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष नीरज चौधरी, कोषाध्यक्ष अभिषेक पटेल, ग्रामवासी चमेली बाई, ज्योति भूमिया, लज्जो, शेखर भूमिया, संजय, मोहित सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। साथ ही नवरचना समाज सेवी संस्थान से कार्यकर्ता कृष्णा जी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# "उत्कर्ष–26" अंतर-महाविद्यालयीन खेल, सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रतियोगिता शुरु

**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में "उत्कर्ष–26" अंतर-महाविद्यालयीन खेल, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिता–2026 का मंगलवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में शुभारंभ हुआ। 10 से 13 मार्च तक आयोजित इस चार दिवसीय आयोजन में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं खेल, सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. प्रो. मंदीप शर्मा ने की। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि मधु यादव (पूर्व कप्तान, भारतीय महिला




हॉकी टीम) तथा मुस्कान किरार (एशियन गोल्ड मेडलिस्ट, तीरंदाजी) रहीं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.एस. तोमर सहित अनेक अधिकारी, प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं और उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलगुरु डॉ. मंदीप शर्मा ने कहा कि खेल, सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उनमें अनुशासन, परिश्रम व टीम भावना का विकास करती हैं। कार्यक्रम में डॉ. आदित्य मिश्रा (अधिष्ठाता, छात्र कल्याण), डॉ. बृजेश सिंह (क्रीड़ा अधिकारी) तथा प्रवीण सिंह (संयोजक) की आयोजन में विशेष भूमिका रही। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत वॉलीबॉल, बैडमिंटन, क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज, रस्साकशी सहित विभिन्न एथलेटिक स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। चार दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन खेल, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताएं होंगी तथा समापन समारोह में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

## टीईटी अनिवार्यता के आदेश पर शिक्षकों में आक्रोश, मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग

**बरेला।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा जारी उस आदेश के विरोध में शिक्षकों में आक्रोश देखा जा रहा है, जिसमें 30 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके शिक्षकों को आगे सेवा जारी रखने के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करना अनिवार्य बताया गया है। शिक्षकों का कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय के एक अन्य मामले के निर्णय की आड़ लेकर यह आदेश जारी किया गया है, जो नियमों के अनुरूप नहीं है। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश के अध्यापक, माध्यमिक शिक्षक और प्राथमिक शिक्षक पहले शिक्षा कर्मी व संविदा शिक्षक के रूप में नियुक्त होकर नियमित सेवा में आए हैं। भर्ती नियम 1998, 2008 और 2018 में कहीं भी सेवा के दौरान टीईटी परीक्षा अनिवार्य करने का प्रावधान नहीं है। उनका कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार किसी भी कर्मचारी की नियुक्ति के बाद उसकी सेवा शर्तों में बदलाव नहीं किया जा सकता। संघ के प्रतिनिधियों शहजाद सिंह द्विवेदी, दालचंद पासी, रजनीश कुमार पांडेय, रामदास बरकड़े, शुभसंदेश सिंगौर, निर्मल लोधी, अंशुल साहू, सतीश बरकड़े, बृजेश दीक्षित, अजय दुबे, सतीश उपाध्याय, मनोज सिंह, शेर सिंह, मुकेश मेहरा, अर्पित दुबे, अनिकेत नामदेव, विवेक रैकवार, प्रवीण त्रिपाठी, ओ.पी. बरकड़े सहित अन्य शिक्षकों ने मुख्यमंत्री से इस आदेश में हस्तक्षेप कर शिक्षकों को राहत देने की मांग की है।

**श्री रामेश्वर प्रसाद मिश्रा-** सिहोरा शुक्ल जी की बखरी के पास वार्ड क्रमांक 8 निवासी श्री रामेश्वर प्रसाद मिश्रा (बंटू दादा) का 87 शाल की उम्र में निधन हो गया है। अंतिम संस्कार बाबाताल स्थित मुक्तिधाम में सुबह 10 बजे किया जायेगा। वे अतुल मिश्रा के पिता थे।



**श्रीमती कुंवर बाई भाणजी गाला-** नेपियर टाउन हरीराम मार्ग निवासी श्री बीएस गाला की धर्मपत्नी श्रीमती कुंवर बाई भाणजी गाला (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री खेमचंद साहू-** जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक निवासी श्री खेमचंद साहू (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अंजना मलिक-** आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल मनमोहन मलिक की धर्मपत्नी श्रीमती अंजना मलिक (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लीला मोटघरे-** रानीपुर माली मोहल्ला मदनमहल निवासी श्री सदाशिव मोटघरे की धर्मपत्नी श्रीमती लीला मोटघरे (80) का निधन हो




गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमर सिंह ठाकुर-** प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास निवासी श्री अमर सिंह ठाकुर (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. यमुना सिंगरहा-** गढ़ा रानी दुर्गावती वार्ड निवासी श्री घनश्याम सिंगरहा की पुत्री कु. यमुना सिंगरहा (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।**श्री दिनेश सिंह-** द्वारका नगर कछियाना निवासी श्री दिनेश सिंह (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी बाई शर्मा-** संजीवनी नगर भूलन चौकी के पास निवासी श्री गौरी शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई शर्मा (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सेवंती सुनोरिया-** भानतलैया सती चौक निवासी श्री बद्री प्रसाद सुनोरिया की धर्मपनी श्रीमती सेंवती सुनोरिया (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री साजन सुखदान-** बगीचा नं. 69, सदर निवसी श्री ताराचंद सुखदान के पुत्र श्री साजन सुखदान (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुन्नी सोंधिया-** आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री रमेश सोंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी सोंधिया (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी डिड्डी-** आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री जेपी डिड्डी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी डिड्डी (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री केके रामाकृष्णन-** शुक्ला नगर गढ़ा निवासी श्री केके रामाकृष्णन (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती वैष्णो खत्री-** अशोक नगर अधारताल निवासी श्री एसवी खत्री की धर्मपत्नी श्रीमती वैष्णो खत्री (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 10x5 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 10x5 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x10 से.मी. | रंगीन | 1100/- |

# गीत-नृत्य के साथ गुंजन का होली मिलन व महिला दिवस समारोह संपन्न

**जबलपुर।** गुंजन कला सदन मध्यप्रदेश द्वारा तिलवारा के निकट घाना की ग्रीन वैली में होली मिलन एवं महिला दिवस समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति की झलक गीत, संगीत और नृत्य के माध्यम से देखने को मिली। इस अवसर पर लेखराज सिंह मुन्ना भैया, नित्यनिरंजन खंपरिया, विनय सक्सेना, अजय अग्रवाल, डॉ. प्रकाश दुबे और नलिनकांत बाजपेई ने कहा कि गुंजन के कार्यक्रमों में हमेशा भारतीय संस्कृति के प्रेरणादायक दर्शन होते हैं। समारोह में संस्था के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र साहू को साफा, माला और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया, वहीं चित्रकार प्रमोद कुशवाहा ने आकर्षक विशाल पेंटिंग भेंट की। कार्यक्रम में मिठाईलाल चक्रवर्ती, रज्जन सूर्यवंशी, अनवर हुसैन और नीरज शुक्ला ने मधुर गीतों की प्रस्तुति दी, जिस पर उपस्थित लोग झूम उठे। साथ ही चार फैमिली




की नृत्यांगनाओं और मोती शिवहरे के नवरंग कथक कला केंद्र के कलाकारों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. आनंद तिवारी ने सभी के प्रति मंगलभाव व्यक्त करते हुए अतिथियों, कलाकारों और उपस्थित जनों का स्वागत किया। कार्यक्रम में नगर एवं युवा गुंजन सहित श्रमजीवी पत्रकार परिषद, कादंबरी, पाथेय, वर्तिका, अंतस, पीएमजी, सेम सीनियर सिटीजन क्लब, शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ और बुंदेली संस्कृति संगम सहित कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रकाश जायसवाल, संतराम केवड़े, चंद्रशेखर शर्मा, शिवकुमार तिवारी, सतीश अग्रवाल, डॉ. हिमांशु तिवारी, राजेश पाठक प्रवीण, संतोष नेमा, अनुज नेमा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने 52 शिकायतों पर की सुनवाई

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने मंगलवार को अपने कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान 52 लोगों ने अपनी शिकायती पत्र प्रस्तुत किया। इनमें ज्यादातर पति पत्नी, पारिवारिक व जमीन, मारपीट और सायबर अपराध संबंधी शिकायतें थी। पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों पर त्वरित एक्शन लेकर शिकायतकर्ता को इसके निर्देश संबंधित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान डीएसपी हेडक्वार्टर बीएस गठोरिया उपस्थित रहे।

**CHANGE OF DATE OF BIRTH**
I **REKHA YADAV** is Wife of **JC-734947N** Rank **SUB SHYAM MOHAN,** presently residing at **VILL-SULTANPUR, PO- SULTANPUR, TEH - SADAR, DISTT- VARANASI, STATE-U.P.- 221007**, Presently Add- **MCMM JABALPUR M.P.**, I have changed of my date of birth **23/07/1992** ( date of birth as per my husband army service records) to **23/07/1994** (date of birth as per my **AADHAR CARD** ) vide Affidavit dated in **10/03/2026** format) before SUBHASHISH CHATTERJEE Public notary, JABALPUR M.P.
**CORRECT DATE OF BIRTH**
**23/07/1994**
**INCORRECT DATE OF BIRTH**
**23/07/1992**

## खबर संक्षेप



### गेहूं का उत्पादन 12.02 करोड़ टन रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** फसल वर्ष 2025-26 में भारत का गेहूं उत्पादन रिकॉर्ड 12 करोड़ 2.1 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के 11 करोड़ 79.4 लाख टन से दो प्रतिशत अधिक है। कृषि मंत्रालय ने कहा गेहूं की कटाई शुरू हो गई है और उम्मीद है कि आने वाले सप्ताहों में प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में इसमें तेजी आएगी। कृषि मंत्रालय ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में बताया कि कुल रबी फसल उत्पादन वर्ष 2025-26 में 3.16 प्रतिशत बढ़कर 17 करोड़ 45.1 लाख टन होने का अनुमान है।

### इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। उल्लेखनीय है कि इंडिगो पिछले तीन माह में अपने परिचालन में बड़े व्यवधान का सामना कर रही है। बयान में कहा गया है कि नए सीईओ की नियुक्ति तक एयरलाइन के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया अंतरिम व्यवस्था के तहत इंडिगो के प्रबंधन का कामकाज देखेंगे। इंटरग्लोब एविएशन के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा, राहुल एयरलाइन के प्रबंधन का कार्य संभालने लौट रहे हैं।

### मजबूत हाजिर मांग से जस्ता वायदा कीमतों में तेजी



**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार की मांग में तेजी आने के बीच वायदा कारोबार में मंगलवार को जस्ता की कीमत एक रुपये की मामूली तेजी के साथ 328.60 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अप्रैल माह की डिलिवरी वाले अनुबंध के लिए जस्ता का भाव एक रुपये या 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 328.60 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें 771 लॉट के लिए कारोबार हुए। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की मांग बढ़ने के कारण जस्ता कीमतों में तेजी आई।

### एक्सईडी ने आईपीओ की तारीख आगे बढ़ाई




**नई दिल्ली।** वरिष्ठ पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाली कंपनी एक्सईडी एक्जिक्यूटिव डेवलपमेंट ने अपने 1.2 करोड़ डॉलर के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम आईपीओ के लिए पहले तय की गई छह मार्च की तारीख से बदलकर 16 मार्च कर दिया है। यह फैसला पश्चिम एशिया में अमेरिका, इज़राइल और ईरान से जुड़ी मौजूदा भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण लिया गया है।

### कमजोर मांग से एल्युमीनियम वायदा कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में मंगलवार को एल्युमीनियम की कीमत 3 रुपये की गिरावट के साथ 335.85 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अप्रैल माह की डिलिवरी के लिए एल्युमीनियम के अनुबंध का भाव 3 रुपये यानी 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 335.85 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। इसमें 94 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि उपभोक्ता उद्योगों की मांग घटने से वायदा बाजार में एल्युमीनियम कीमतों में गिरावट आई।

# ओला, उबर और भारत टैक्सी के बाद अब आने वाला है 'नेमभारत' राइड हेलिंग ऐप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का राइड बुकिंग बाजार काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। ओला, उबर और रैपिडो जैसी कंपनियों को टक्कर देने के लिए सरकार ने हाल ही में भारत टैक्सी नामक एक नया ऐप लॉन्च किया है। इस बीच अब बाजार में एक और राइड हेलिंग ऐप जल्द लॉन्च किया जा सकता है। वर्ल्ड इकोनॉमिक मोबिलिटी लिमिटेड ने 'नेमभारत' नाम से नई सेवा शुरू करने की घोषणा की है, लेकिन इसकी लॉन्च तारीख अभी तय नहीं बताई गई है। नेमभारत कैब और ऑटो-रिक्शा जैसे अलग-अलग साधनों को एक साथ जोड़ने की योजना बना रहा है, जिससे लोगों को बेहतर सुविधा मिले।

### क्या होगी नेमभारत की खासियत

नेमभारत को प्रीपेड और कैशलेस राइड बुकिंग प्लेटफॉर्म के रूप में पेश किया जा रहा है। कंपनी का दावा है कि इस ऐप पर सर्ज प्राइसिंग नहीं होगी और किराया पहले से तय रहेगा। यह सेवा ड्राइवरों से किसी तरह का कमीशन या सब्सक्रिप्शन शुल्क नहीं लेने का वादा करती है। कंपनी का कहना है कि यह मॉडल मौजूदा राइड बुकिंग सेक्टर से जुड़ी कई पुरानी शिकायतों को दूर करने की कोशिश करेगा।




### ड्राइवर और यात्रियों को क्या होगा फायदा?

कंपनी के मुताबिक, इस प्लेटफॉर्म से जुड़ने वाले ड्राइवर अपनी हर राइड की पूरी कमाई अपने पास रख सकेंगे और किसी तरह का कमीशन नहीं देना होगा। इससे उनकी आय में स्थिरता आने और कमाई बढ़ने की उम्मीद है। वहीं यात्रियों को बिना सर्ज प्राइसिंग के पहले से तय और पारदर्शी किराए पर सफर करने का लाभ मिलेगा।

### बारिश या पीक ऑवर्स में नहीं बढ़ेगा किराया

वहीं, यात्रियों के लिए भी कंपनी ने सर्ज प्राइसिंग खत्म करने का वादा किया है यानी पीक ऑवर्स या बारिश जैसे समय में किराया अचानक बहुत ज्यादा नहीं बढ़ेगा. यह सेवा प्रीपेड और कैशलेस दोनों सिस्टम पर लागू होगी। नेमभारत का दावा है कि वह एक राष्ट्रीय परिवहन नेटवर्क बनाने की दिशा में काम कर रही है। हालांकि अभी यह साफ नहीं किया गया है कि यह सेवा किन शहरों में पहले शुरू होगी।

### ऑटो सहित कई ट्रांसपोर्ट ऑप्शन भी रहेंगे

नेमभारत सिर्फ कैब तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें ऑटो-रिक्शा जैसे अन्य परिवहन साधनों को भी जोड़ा जाएगा। कंपनी का कहना है कि उसका सिस्टम कंज्यूमर संरक्षण के नियमों के मुताबिक होगा और सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी के दिशा-निर्देशों का पालन करेगा। साथ ही सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

## निफ्टी का 24 हजार से ऊपर रहना शुभ संकेत, अब 25,000 के लक्ष्य पर निगाहें

# शेयर बाजार में लौटी बहार: निवेशकों की चांदी सेंसेक्स और निफ्टी ने लगाई जबरदस्त छलांग

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को निवेशकों की चांदी रही। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही प्रमुख सूचकांक भारी बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 639.82 अंक उछलकर 78,205.98 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं, निफ्टी ने भी 233.55 अंकों की तेजी दर्ज की और 24,261.60 पर क्लोजिंग दी। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और ग्लोबल मार्केट से मिले अच्छे संकेतों ने बाजार में जोश भर दिया। मिडकैप शेयरों में भी आज पूरे दिन उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। निफ्टी मिडकैप 50 मार्केट बंद होने तक 256 अंक के बढ़त के साथ 16,262.25 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों का मानना है कि निफ्टी का 24,000 के ऊपर रहना एक बहुत ही शुभ संकेत है। मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, अगर निफ्टी 24,370 के स्तर को पार कर लेता है, तो जल्द ही 25,000 का लक्ष्य दिख सकता है।

**कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और ग्लोबल मार्केट से मिले अच्छे संकेत**

### कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट

बाजार में तेजी का सबसे प्रमुख कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल का सस्ता होना रहा। ब्रेंट क्रूड करीब 5% गिरकर 93.83 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। दरअसल, व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई बातचीत के बाद सप्लाई की चिंताएं कम हुई हैं। तेल की कीमतों में आई इस नरमी से भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ी राहत मिली है। इससे महंगाई कम होने की उम्मीद जगी है और निवेशकों का भरोसा काफी बढ़ा है।



### एशियाई और अमेरिकी बाजारों में हरियाली

वैश्विक बाजारों से मिलने वाले संकेतों ने भी भारतीय बुल्स की मदद की। दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 5% तक चढ़ गया, जो एक बड़ी रिकवरी है। जापान का निक्केई और चीन के बाजारों में भी खरीदारी का माहौल रहा। पिछले सत्र में अमेरिकी बाजारों की मजबूती ने भारतीय निवेशकों को खरीदारी के लिए प्रेरित किया।

### इंडिया वीआईएक्स में गिरावट से डर हुआ कम

शेयर बाजार में अस्थिरता और डर को मापने वाला 'इंडिया वीआईएक्स इंडेक्स 12% तक गिर गया। यह अब 20.48 के स्तर पर आ गया है, जो काफी राहत की बात है। वीआईएक्स में गिरावट का सीधा मतलब है कि अब निवेशकों के मन में अनिश्चितता कम हो रही है। लोग अब बाजार में जोखिम लेने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। इससे आने वाले दिनों में और अधिक स्थिरता देखने को मिल सकती है।

### रुपए में सुधार और भविष्य की राह

तेल सस्ता होने का सीधा लाभ भारतीय रुपये को भी मिला है। रुपया डॉलर के मुकाबले मजबूत होकर 92.14 के करीब पहुंच गया। हालांकि, विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने रुपये की इस रफ्तार को थोड़ा नियंत्रित रखा। एशियाई बाजारों की इस रैली ने घरेलू बाजार में भी निवेशकों का सेंटीमेंट स कारात्मक बनाए रखा।

### ये शेयर रहे टॉप गेनर्स और लूजर्स

टॉप गेनर्स में आज डिक्सन टेक्नोलॉजी, श्रीराम फाइनेंस और ग्लेनमार्क ने क्रमश: 11.26 फीसदी, 7.67 फीसदी और 5.11 फीसदी की बढ़त के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। पावर फाइनेंस और पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के शेयरों में भी क्रमश: 4.93 फीसदी और 4.74 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई। पॉलीकैब, केईआई इंडस्ट्रीज, कोफोर्ज, सोलर इंडस्ट्रीज और बीपीसीएल क्रमश: 6.14 फीसदी, 5.27 फीसदी, 5.21 फीसदी, 1.72 फीसदी और 1.59 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहे।

# जहाजरानी कंपनियां अवसरवादी एवं अनुचित मूल्य निर्धारण से बचें

## नौवहन महानिदेशालय का परामर्श

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पोत परिवहन क्षेत्र के नियामक डीजीएस ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न व्यवधानों के बीच जहाजरानी कंपनियों, पोत संचालकों और उनके एजेंटों को 'अनुचित, अपारदर्शी एवं अवसरवादी' मूल्य निर्धारण से बचने की सलाह दी है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नौवहन महानिदेशालय (डीजीएस) ने सोमवार को जारी अपने परामर्श में यह भी कहा कि जहाजरानी कंपनियों को निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितधारकों को सभी लागू शुल्कों के बारे में स्पष्ट रूप से और पहले से बताना होगा। यह परामर्श ऐसे समय जारी किया गया है जब नियामक को निर्यात-आयात व्यापार से जुड़े विभिन्न हितधारकों से कई अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने की शिकायतें मिली थीं।



### निष्पक्ष व्यापार व्यवहार करना चाहिए पालन

नौवहन महानिदेशालय ने कहा कि कंपनियों को निष्पक्ष व्यापार व्यवहार का पालन करना चाहिए और ऐसे शुल्क लगाने से बचना चाहिए जिससे आयात-निर्यात व्यापार में विवाद की स्थिति पैदा हो सकती है। साथ ही सभी लागू शुल्कों की स्पष्ट जानकारी निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितधारकों को पहले ही दी जानी चाहिए। पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होने वाला व्यापार बुरी तरह बाधित हो गया है। इस वजह से जहाजों के लिए माल लेकर आना-जाना काफी मुश्किल हो गया है।

### अत्यधिक शुल्क लगाने की प्रथाओं से बचें

डीजीएस ने परामर्श में कहा, आयात-निर्यात की लॉजिस्टिक प्रणाली में पारदर्शिता, निष्पक्षता और पहले से अनुमान लगा पाने की क्षमता को बढ़ावा देने के लिए सभी जहाजरानी कंपनियों, पोत संचालकों और उनके एजेंटों को अत्यधिक शुल्क लगाने जैसी अनुचित, अपारदर्शी और अवसरवादी मूल्य निर्धारण प्रथाओं से बचने की सलाह दी जाती है।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच निर्यातकों को बीमा समर्थन देने पर विचार: गोयल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बीच निर्यातकों को मदद देने के लिए सरकार बीमा समर्थन की नई योजना लाने की संभावना तलाश रही है। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इस संबंध में निर्यात ऋण गारंटी देने वाली इकाई ईसीजीसी और अन्य विभागों के साथ परामर्श किया जा रहा है। उन्होंने कहा, /"हम निर्यातकों की मदद के लिए बीमा समर्थन जैसी कुछ नई योजनाएं विकसित करने पर भी विचार कर रहे हैं... इस बारे में ईसीजीसी और अन्य विभागों से चर्चा की जा रही है। ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच लगातार जारी हमलों से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है, जिससे तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। यह संकट भारतीय निर्यातकों के लिए इस लिहाज से अहम है कि भारत के लिए पश्चिम एशिया प्रमुख निर्यात बाजारों में से एक है।

**संकट से जुड़े घटनाक्रमों पर रखे हैं नजर :**

उन्होंने कहा कि एक अंतर-मंत्रालयी समूह पश्चिम एशिया संकट से जुड़े घटनाक्रम पर नजर रखे हुए है और निर्यातकों के साथ लगातार संपर्क में है। गोयल ने कहा कि सरकार उन निर्यातकों की मदद के उपाय तलाश रही है जिनका माल भेजा जा चुका है लेकिन मौजूदा हालात के कारण उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार चौबीसों घंटे हालात पर नजर रखे हुए है।

### कृषि व प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों में भारत शीर्ष निर्यातक

इससे पहले गोयल ने 'आहार खाद्य एवं आतिथ्य मेला' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के क्षेत्र में दुनिया के शीर्ष निर्यातकों में शामिल होने का लक्ष्य रखना चाहिए। भारत फिलहाल दुनिया का सातवां सबसे बड़ा निर्यातक है। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा अब तक किए गए नौ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) ने भारतीय उत्पादों के लिए निर्यात के बड़े अवसर खोले हैं।


**म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340, 42, Web. : www.mpstdc.com
क्रमांक 91 /यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 10.03.2026

**निविदा सूचना 112/ 2026_STDC_489025_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:- शारदा माता मंदिर जिला डिण्डोरी में बाहरी विघुतीकरण के कार्य। (03 माह)।** कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 11.58 लाख
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 25.03.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/124852/2026 **कार्यपालन यंत्री**



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

N.I.T No./PWD/e-tendring/PRO/965 **निविदा सूचना** Date 10/03/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_485329_3 Date- 10/03/2026 | सं. क्रं. 05 अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 हेतु विभिन्न स्थानों पर सड़क मरम्मत एवं अन्य कार्य (निगम मद) | 04 माह रू 4.21 लाख | रू 2,000/- रू 4210/- | 30/03/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री
लोककर्म विभाग
नगर निगम जबलपुर



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, सिविल लाईन नरसिंहपुर (म.प्र.)**

एनआईटी नं.- 06/2026/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/सीई(बी)/ जबलपुर दिनांक 02.03.2026

| सं. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में). | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWPIU _486853_1 | शासकीय उच्चतर माध्यमिक विधालय कन्या नरसिंहपुर में 100 सीटर बालक एवं 100 सीटर बालिका छात्रावास का निर्माण कार्य। | नरसिंहपुर | 639.58 | 639580 | 20000 | 12 (बारह माह) वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य अभियंता(भवन) लो.नि.वि. साउथ सिविल लाइन जी. सी.एफ. बैरियर के पास जबलपुर (म.प्र.) |
| 2 | 2026_PWPIU _486837_1 | शासकीय महाविधालय गाडरवारा जिला नरसिंहपुर में 09 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण | नरसिंहपुर | 551.94 | 551940 | 20000 | 12 (बारह माह) वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य अभियंता(भवन) लो.नि.वि. साउथ सिविल लाइन जी. सी.एफ. बैरियर के पास जबलपुर (म.प्र.) |
| 2 | 2026_PWPIU _486824_1 | शासकीय महाविधालय तेन्दुखेड़ा जिला नरसिंहपुर में बाउण्ड्रीबाल का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण | नरसिंहपुर | 100.58 | 100580 | 12500 | 06 (छै:माह) वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य अभियंता(भवन) लो.नि.वि. साउथ सिविल लाइन जी. सी.एफ. बैरियर के पास जबलपुर (म.प्र.) |

1- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
2- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 06.03.2026 समय 9.00 से दिनांक 20.03.2026 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
3- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-27047/25 "बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, नरसिंहपुर (म.प्र.)



**E Auction Sale Notice under IBC, 2016**
**M/s M.S. Mining and Consultancy Private Limited Under Liquidation**
**CIN : U13100MH2010PTC263990**
**Liquidator's Office : 1502, Ved Solitaire, Cement Road, Dharampeth Extension, Shivaji Nagar, Nagpur, 440010**

Notice is hereby given to the public at large for inviting bids for sale of following immovable properties forming part of the Liquidation Estate of Corporate Debtor viz **M.S. Mining and Consultancy Private Limited Under Liquidation ('Corporate Debtor')**, through e-auction on **"as is where is basis", "as is what is basis", "whatever there is basis" and "without recourse basis".** Sale will be done by the undersigned through E-Auction service provider **eBKray (website: https://ibbi.baanknet.com).**
The bidding shall take place through online e-auction service provider **eBKray.**

Amount in Rs.

| Sr. No. | Description of Asset | Date and Time of auction | Reserve Price | EMD | Bid Incremental Value |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Industrial Land & Building Standing on** - Lease hold land at Plot No. 13,14,52,51 and Part of 50 & 15, Industrial Area, Bhurkal Khapa, Mandla Road, Seoni, Madhya Pradesh, India | 2nd April 2026. 11.00 A.M. to 01.00 P.M | 1,01,04,843 | 10,10,484 | 50,000 |

**Last date to submit the EOI & all documents as per E-Auction Process document: 30th March 2026**
**Date of Inspection: Till 27th March 2026 with prior intimation to the liquidator.**
**Last date of submission of EMD: 30th March 2026 till 6.00 P.M.**
**Terms & Conditions of the sale is as under:**
(For detail of the assets, refer Annexure-V of the E-auction Process Document).
1. E-auction will be conducted on **"AS IS WHEREIS, AS IS WHAT IS, WHATEVER THERE IS BASIS AND WITHOUT RECOURSE BASIS"** as such sale is without any kind of warranties and indemnities, through approved service provider eBKray (website: https://ibbi.baanknet.com)
2. Contact person on behalf of Liquidator: **Mr. Suparn Naidu, Email: msmining.cirp@gmail.com, Contact no-+91 9922929919**
3. The complete and detailed information about the assets of the company, online e-auction Bid Form, Declaration and Undertaking Form, General Terms and Conditions of online auction sale are available in the "E-Auction Process Memorandum" The sale notice must be read along with the E-Auction Process Memorandum which is available at **https://ibbi.baanknet.com**
4. Prospective bidders shall deposit the Earnest Money Deposit (EMD) through their own e-wallet account on the **https://ibbi.baanknet.com** portal.
5. Prospective bidders shall submit an undertaking that they do not suffer from any ineligibility u/s 29 A to the extent applicable and if found ineligible at any stage, the earnest money deposited shall be forfeited.
6. Within 3 days of declaring highest bidder, liquidator shall conduct due diligence and verify the eligibility of the highest bidder. In case the highest bidder is found ineligible, the liquidator may, in consultation with SCC, declare next highest bidder as successful bidder.
7. It is clarified that, this invitation purports to invite prospective bidders and does not create any kind of binding obligations on the part of the Liquidator or the Corporate Debtor to effectuate the sale. The Liquidator has the absolute right to accept or reject any or all offer(s) or adjourn/postpone/cancel/modify/terminate the e-auction at any stage without assigning any reason thereof.

CMA Srigini Rajat Naidu,
Liquidator- M.S. Mining and Consultancy Private Limited (under Liquidation)
IBBI Regn. No: IBBI/IPA-003/IP-P00137/2017-2018/11513
Date: 11/03/2026
Place: Nagpur



**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सामान्य वनमंडल खैरागढ़**
**काष्ठागार ठेलकाडीह का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विवरण**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल खैरागढ़ अधिनस्थ अस्थायी डिपो ठेलकाडीह में उपलब्ध नया एवं पुराना ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल एवं अस्थायी डिपो ठेलकाडीह से प्राप्त की जा सकती है।
**नीलाम दिनांक:- 19.03.2026 नीलाम समय :- प्रात: 09.00 से**

| | नया वनोपज (काश्ठ) | | | पुराना वनोपज (काश्ठ) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रजाति | घ.मी. | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) | घ.मी. | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) |
| सागौन | 330.772 | 498 | 2196 | 417.698 | 1439 | 10150 |
| बीजा | 65.368 | 8 | 0 | 129.654 | 139 | 0 |
| साजा | 126.408 | 48 | 0 | 59.616 | 0 | 0 |
| धावडा | 53.753 | 35 | 0 | 19.672 | 262 | 0 |
| हल्दु मुंडी | 27.945 | 26 | 0 | 28.985 | 39 | 0 |
| तिन्सा | 34.692 | 39 | 0 | 36.946 | 0 | 0 |
| खम्हार | 1.819 | 0 | 0 | 0.865 | 0 | 0 |
| कसही | 22.308 | 0 | 0 | 35.626 | 0 | 0 |
| भिरहा | 26.127 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| घाटा | 2.864 | 0 | 0 | 1.091 | 0 | 0 |
| सलिहा मोदे | 1.307 | 0 | 0 | 1.832 | 0 | 0 |
| अन्य | 95.420 | 345 | 0 | 22.000 | 0 | 0 |
| योग | 788.783 | 999 | 2196 | 753.985 | 1879 | 10150 |

**पिपरिया डिपो के नया जलाऊ चट्टा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | जलाऊ चट्टा | मिश्रित | 40 चट्टा |

**साल्हेवारा डिपो के अविक्रीत जलाऊ चट्टा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | जलाऊ चट्टा | मिश्रित | 43 चट्टा |

**ठेलकाडीह डिपो के औद्योगिक बांस नया**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | औद्योगिक बांस | 2 मी. एवं 1 मी. साईज | 251.580 नो. टन |

टीप :- 1. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल मे रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी से लॉग इन करके देख सकते है। 4. ई-आक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

G-252607113/4 वन मण्डल अधिकारी, खैरागढ़ वनमंडल खैरागढ़

## चिंतन

# जमाखोरी पर कड़ी नजर से ही जरूरतमंद को मिलेगी गैस

देश में इन दिनों कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत गहराती जा रही है। कई राज्यों में सप्लाई पर रोक लगाने से होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट्स और हॉस्टलों के सामने गैस का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे हालात में सबसे बड़ी चिंता यह है कि कहीं गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी न बढ़ जाए। अगर समय रहते सरकार ने इस पर सख्त निगरानी नहीं रखी तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। इसलिए आवश्यक है कि गैस की आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि गैस वास्तव में जरूरतमंदों तक पहुंच सके। गैस की किल्लत का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव माना जा रहा है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़े टकराव के कारण हॉर्मुज जलमार्ग से गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। यह मार्ग विश्व के ऊर्जा व्यापार का एक महत्वपूर्ण रास्ता है और इसके बाधित होने से कई देशों की ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ता है। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा है। इसी वजह से देश में एलएनजी की आपूर्ति प्रभावित हुई और गैस वितरण व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया। इस स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। रसोई गैस (एलपीजी) और पाइप से मिलने वाली गैस (पीएनजी) को 100 प्रतिशत उपलब्धता के साथ सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा परिवहन क्षेत्र के लिए सीएनजी और उर्वरक संयंत्रों को भी प्राथमिकता दी गई है, क्योंकि इनका संबंध सीधे आम लोगों की जरूरतों और कृषि उत्पादन से है। गैस वितरण और प्रबंधन की जिम्मेदारी भी गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड को दी गई है। इसका असर कॉमर्शियल गैस उपभोक्ताओं पर भी पड़ रहा है। होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और छोटे उद्योग गैस की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में इन्हें भी प्राथमिकता वाले क्षेत्र में रखा जाना चाहिए। दरअसल, होटल और ढाबे सिर्फ व्यापार नहीं हैं, बल्कि लाखों लोगों की आजीविका से जुड़े हुए हैं। इनसे जुड़े रसोइयों, वेटरों, डिलीवरी कर्मियों और अन्य कर्मचारियों की रोजी-रोटी इसी पर निर्भर करती है। यदि गैस की कमी के कारण यह कारोबार ठप पड़ता है तो इसका असर सीधे रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। ऐसे संकट के समय में सबसे बड़ा खतरा जमाखोरी और कालाबाजारी का होता है। इतिहास गवाह है कि जब भी किसी जरूरी वस्तु की कमी होती है तो कुछ लोग इसका अनुचित लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन गैस की किल्लत के समय भी यही हुआ था। कई जगहों पर जमाखोरों ने ऑक्सीजन सिलेंडरों को छिपाकर रखा और जरूरतमंदों से मनमाने दाम वसूले। इसी खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने 'आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955' लागू किया है। इस कानून के तहत सरकार किसी भी जरूरी वस्तु की सप्लाई और कीमतों को नियंत्रित कर सकती है तथा जमाखोरी पर रोक लगा सकती है। गैस की मौजूदा स्थिति में यह कदम बेहद जरूरी है, लेकिन केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं होगा। इसका सख्ती से पालन भी सुनिश्चित करना होगा। सरकार को चाहिए कि गैस एजेंसियों, गोदामों और वितरण केंद्रों की नियमित निगरानी की जाए। यदि सरकार जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त नजर रखे, वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाए और सभी क्षेत्रों की जरूरतों के बीच संतुलन स्थापित करे, तो इस संकट से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। तभी यह सुनिश्चित होगा कि गैस वास्तव में उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।



जल संयंत्र
प्रमोद भार्गव

# खाड़ी देशों में पानी पर हमले से संकट

**ईरान के परमाणु हथियारों को लेकर शुरू हुई लड़ाई अब पानी पर हमले और उसकी सुरक्षा के उपायों तक पहुंच गई है। ईरान के विदेश मंत्री ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी हमले में होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट केशम द्वीप स्थित एक खारे पानी को मीठा बनाने वाला जल संयंत्र क्षतिग्रस्त हुआ है, इससे 30 ग्रामों की जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके बाद ईरान ने बहरीन के संयंत्र को निशाना बनाया। इन हमलों ने बता दिया कि ईरान-अमेरिका का यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य या तेल प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि खाड़ी देशों के जल संयंत्रों के विनाश तक पहुंच गया है। चिंता की बात यह है कि खाड़ी देशों की बड़ी आबादी शुद्ध पानी के लिए इन्हीं जल संयंत्रों पर आश्रित है।**

ईरान के परमाणु हथियारों को लेकर शुरू हुई लड़ाई अब पानी पर हमले और उसकी सुरक्षा के उपायों तक पहुंच गई है। ईरान के विदेश मंत्री ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी हमले में होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट केशम द्वीप स्थित एक खारे पानी को मीठा बनाने वाला जल संयंत्र क्षतिग्रस्त हुआ है, इससे 30 ग्रामों की जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके बाद ईरान ने बहरीन के संयंत्र को निशाना बनाया। इन हमलों नें बता दिया कि ईरान-अमेरिका का यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य या तेल प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि खाड़ी देशों के जल संयंत्रों के विनाश तक पहुंच गया है। इस परिप्रेक्ष्य में चिंता की बड़ी बात है कि खाड़ी देशों की आबादी की बड़ी संख्या पीने के शुद्ध पानी के लिए इन्हीं जल संयंत्रों पर आश्रित है। अतएव इन पर आक्रमण समूचे खाड़ी क्षेत्र में भयावह जल संकट पैदा कर सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने कहा था कि अगला विश्व युद्ध पानी के लिए होगा।

अब पूरे मध्य एशिया में जो युद्ध की भयानक स्थिति देखने में आ रही है, उससे लगता है पानी के लिए युद्ध छिड़ गया है। पानी की सुरक्षा को सबसे बड़ा संकट माना जा रहा है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि खाड़ी के देशों ने अपने समुद्री पानी को मीठा बनाने वाले संयंत्रों को तेल प्रतिष्ठानों से कहीं अधिक बड़ी सुरक्षा दे दी है। यहां तक की ड्रोन और मिसाइलें भी तैनात कर दिए हैं, जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नष्ट कर दिया जाए। संयंत्रों के साथ बिजली घर भी जुड़े होते हैं। ऐसे में विद्युत ढांचों पर हमले भी पानी के उत्पादन को प्रभावित कर सकते हैं। यदि किसी बड़े संयंत्र को गंभीर नुकसान होता है तो कई नगर कुछ ही दिनों में पेयजल संकट से जूझ जाएंगे। इस कारण ड्रोन और मिसाइलें भी तैनात कर दिए हैं, जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नष्ट कर दिया जाए। अमेरिका और इजराइल ने लड़ाकू विमानों लेबनान की राजधानी तेहरान में केमिकल टॉक्सिक बमों से भीषण हमला किया है। इस कारण तेहरान के 30 बड़े तेल भंडार तबाह हो गए हैं। तेहरान आग की लपटों से धधक उठा है। बादल धुएं से भर गए हैं। टॉक्सिक हाइड्रो कार्बन और सल्फर से तेहरान में तेल की अम्लीय बारिश देखी गई। प्राकृतिक जल की सतहों पर तेल की परत जम गई है, ऐसे में नए हमले होते हैं तो यह तेल जल उठेगा। इस कारण 90 लाख की आबादी वाले तेहरान में अघोषित कर्फ्यू के हालात बन गए हैं। दूषित पानी हो जाने के कारण सप्लाई ठप है। बिजली भी बंद कर दी गई है। ये बम लेबनान में ईरान समर्थक आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के ठिकानों पर पटके गए हैं। इन टॉक्सिक बमों में घातक रसायन होते हैं। ये फसलों को बर्बाद करने के साथ पानी को भी पूरी तरह दूषित कर देते हैं। संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, ओमान कतर जैसे खाड़ी देशों में 90 फीसदी समुद्री खारे पानी को मीठे में बदलकर आपूर्ति जल संयंत्रों से की जाती है। 10 बड़े जल संयंत्रों को ईरान निशाना बना सकता है।

एक पुराने अमेरिकी कूटनीति दस्तावेज में चेतावनी दी गई थी कि यदि सऊदी अरब के जुबेल जल संयंत्र और उसकी पाइपलाइन को नुकसान होता है तो राजधानी रियात को एक सप्ताह के भीतर खाली करना होगा। हालांकि सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात



ने अपने तलाबों और सप्लाई लाइन में बड़ा निवेश किया हुआ है। इसलिए वह जल संकट का सामना एक बार कर सकता है, किंतु बहरीन, कतर और कुवैत जैसे छोटे देशों के पास वैकल्पिक साधन कम हैं। इसलिए इन देशों के संयंत्र लड़ाई में प्रभावित हुए तो पानी के लिए घरेलू स्तर पर भी जंग छिड़ सकती है। ईरान के लिए यह अच्छी बात है कि वे खुद जल संयंत्रों पर अधिक निर्भर नहीं है। ईरान में ज्यादातर पेयजल की सप्लाई नदियों, बांधों और भूगर्भीय जल से होती है, इसलिए वह सीमित समय के लिए संकट झेलने में सक्षम है, लेकिन कई साल से सूखे के चलते तेहरान के तालाबों का पानी खतरनाक स्तर तक घट गया है। इजराइल भी समुद्र के खारे पानी को मीठा बनाने की तकनीक पर निर्भर है। इस परिप्रेक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 2050 तक जब विश्व की 40 फीसदी आबादी जल संकट भोग रही होगी, तब भी इजराइल में पीने के पानी का संकट नहीं होगा। इजराइल न सिर्फ हथियारों, बल्कि पानी के मामले में भी महाशक्ति बनकर उभरा है। इजराइल में तेल अवीव के डोर तट पर समुद्र के पानी को तत्काल पीने लायक बनाने वाले संयंत्र लगे हुए हैं। ये संयंत्र 'गेलमोबाइल वॉटर फिल्ट्रेशन प्लांट' कहलाते हैं। यह चलित फिल्टर प्लांट है। कई संयंत्र जीपों पर भी स्थापित हैं। इन्हें 'फ्यूचर जीप' कहते हैं। प्राकृतिक या युद्ध संबंधी आपदा के वक्त यह संयंत्र बेहद उपयोगी हो जाता है। इसे संकटग्रस्त इलाकों में पहुंचाकर लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध करा दी जाती है। पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी में डूबा हुआ है। 1.6 प्रतिशत पानी धरती के नीचे है और 0.001 फीसद वाष्प और बादलों के रूप में है। पृथ्वी की सतह पर जो पानी है, उसमें 97 प्रतिशत सागरों और महासागरों में है, जो नमकीन होने के कारण पीने लायक नहीं है। कुल उपलब्ध पानी में से केवल तीन प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है। इसमें से 2.4 फीसदी हिमखंडों के रूप में उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों पर बर्फ के रूप में जमा हुआ है। भूगर्भीय जल भण्डारों का बेइंतहा दोहन करने और शुद्ध पानी के प्राकृतिक भण्डारों के ऊपर बहुमंजिला इमारतें खड़ी किए जाने से दुनिया के जल भंडार सूख रहे हैं। भारत में मुंबई, चैन्नई, कोलकाता, गोवा, बापी, दमन, तिरूवनतपुरम, पुरी, एर्नाकूलम, कोझीकोड़, रन्नागिरी और विजयनगर जैसे नगरों का भूजल समाप्त होने की स्थिति में है। इनमें सबसे बुरा हाल मुंबई का है। मुंबई में जिस तेजी से जल दोहन किया जा रहा है, उससे लगता है कि 2030 तक मुंबई के मीठे पानी के जल भण्डार रीत जाएंगे। यहां वर्षा का जो पानी जमीन सोखती है, वह एक निश्चित सीमा तक पहुंच पा रहा है। इसी के नीचे समुद्री क्षार वाला पानी बह रहा है, जो खारा है। ये सभी नगर समुद्र किनारे बसे हैं, लेकिन खाड़ी देशों की तरह खारे पानी को मीठा बनाने के संयंत्र स्थापित करने में कोई नगर आगे नहीं आया है। जमीन की भीतरी बनावट ऐसी होती है कि बारिश का पानी एक निर्धारित सीमा तक ही जमीन में तैरता रहता है, जो कि प्रसंस्कृत होकर नीचे पीने के योग्य अपने आप बनता रहता है। ज्यादा खुदाई के बाद समुद्र किनारे बसे ज्यादातर महानगरों में खारा पानी आ जाता है, क्योंकि वह समुद्री जल स्तर से प्रभावित होने लगता है। यह खतरा भूमण्डल का तापमान लगातार बढ़ते जाने से और बढ़ गया है। नए अध्ययनों से पता चलता है कि पश्चिमी अंटार्कटिक में बिछी बर्फ की पट्टी बहुत तेजी से पिघल रही है। यह पानी समुद्री जल को बढ़ा रहा है। इस कारण एक ओर तो बांग्लादेश और मार्शल द्वीपों पर डूब जाने का आसन्न खतरा मंडरा रहा है, वहीं समुद्री रिहाइशी इलाकों का पीने योग्य पानी खारे पानी में विलय हो जाने का खतरा है। ऐसे में ईरान-अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध ने समुद्र तटीय खाड़ी देशों में पेयजल संकट को गहरा दिया है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

पड़ोस
अखिलेश आर्येन्दु



# नया बदलाव नेपाल-भारत रिश्तों के लिए अहम

कुछ ही दिनों में नेपाल में नई सरकार का गठन हो जाएगा। संभावना है कि बालेन शाह के नेतृत्व में नेपाल में नई युवा संसद वाला मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण करेगा। नेपाल के इतिहास में पहली बार 99 प्रतिशत सांसद युवा होंगे, जिनमें बालेन शाह की उम्र 35 वर्ष हैं। कहा जा रहा है कि नेपाल में हुए जेन जी आंदोलन की वजह से इस बार की संसद को युवा बना दिया है। दिलचस्प बात यह है कि पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड को छोड़कर इस बार कोई भी उम्रदराज नेता नेपाल की संसद में नहीं होगा। इतिहास किस तरह बदलता है और उस देश के लिए किस तरह की तस्वीर पेश कर रहा है, नेपाली संसदीय चुनाव के बाद उभरी तस्वीर को देखकर समझा जा सकता है। नेपाल में इस बार संसदीय इतिहास ही नहीं बदला है बल्कि राजनीति और नेपाल के राजनीतिज्ञों के चेहरे भी बदल गए हैं। यानी नए नेपाल की नई तस्वीर।

नेपाल के लोकतंत्रीय राजनीति के इतिहास में पहली बार हुआ है कि कोई एक दल अपने बूते पर सरकार बना रहा है। गौरतलब है कि 2008 में नेपाल में 239 साल पुरानी नेपाल की राजशाही व्यवस्था के स्थान पर लोकतंत्र कायम हुआ था और देश में नया संविधान 2015 में लागू हुआ। जिन वजहों से राजशाही व्यवस्था को खत्म किया गया था और जिन उद्देश्यों को हासिल करने के उद्देश्य से नया संविधान लागू किया गया था, इसमें किसी भी उद्देश्य को पिछली सरकारें हासिल करने में विफल रहीं थीं। शायद इसी विफलता का परिणाम था नेपाल में सत्ता के प्रति खुला विद्रोह यानी जेन जी आंदोलन। राजशाही खत्म होने के बाद केंद्र में जिन दलों के गठजोड़ से सरकारों का गठन हुआ, उनके कार्यों के प्रति जनता में संतोष और इत्मीनान देखने को नहीं मिला। यानी पिछली सरकारों के प्रति नेपाली जनता के अनुभव कभी अच्छे नहीं रहे। जेन जी आंदोलन के बाद हुए इस पहले चुनाव में पिछली चुनावी तस्वीर को एकदम बदल कर रख दिया है। अब यह तय माना जा रहा है कि स्वतंत्र पार्टी जो पूर्ण बहुमत (138 सीटें पूर्ण बहुमत के लिए चाहिए) से भी अधिक सीटें जीत कर पहली बार अकेले दम पर सरकार का गठन करने जा रही है। अब आरएसपी को जब नेपाली सांसद में पूर्ण बहुमत हासिल हो गया है, नेपाली जनता की उम्मीदों पर ही खरा नहीं उतरना है, बल्कि भारत सहित पड़ोसियों के साथ संतुलन बनाते हुए बेहतर रिश्ते कायम रखना होगा। खासकर भारत के साथ बेहतर पारंपरिक रिश्ते जगजाहिर रहे हैं। प्रधानमंत्री ओली के वक्त जो बहुत अच्छे नहीं थे, उसे भी बेहतर करने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। भारत के साथ एक संतुलित और पारंपरिक रिश्ते को कायम रखने के लिए भारत सरकार से किस तरह की नीति अपनाई जाए, इस नई सरकार को बेहद संजीदा ढंग से समझना होगा। दरअसल, चीन की लगातार कोशिश रहती है कि वह नेपाल की राजनीति में हर स्तर पर दखल ही न दे, बल्कि अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए भारत के साथ बने पारंपरिक रिश्ते में दरार पैदा कर, अपना उल्लू सीधा करे। चीन में बनी तमाम वस्तुएं नेपाली बाजारों में बेधड़क बिकती हैं। भारत की भी कोशिश रही है कि नेपाल के बाजारों में भारत में बनी ज्यादातर चीजों की खपत हो। ऐसे में नई सरकार को बेहतर संतुलन बनाकर चलना होगा जिससे उसके पड़ोसियों से रिश्ते भी खराब न हों। प्रधानमंत्री मोदी ने आरएसपी के दोनों बड़े नेताओं रबि लामिछाने और बालेन शाह को बधाई ही नहीं दी बल्कि नई सरकार को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले वक्त में दोनों देशों की साझी कोशिशों से भारत और नेपाल के संबंध नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे। बालेन शाह यदि भारत के साथ सनातन संबंधों को तरजीह देंगे तो इससे भारत के साथ पूर्ण मैत्री संबंध ही नहीं बनेंगे, बल्कि नेपाल के प्रगति, विकास और संबंधों को स्थायित्व देने में एक नई इबारत लिखी जा सकती है। हम उम्मीद कर सकते हैं कि नेपाल की नई सरकार अपनी ऐतिहासिक चुनावी जीत के रूप में ही नहीं जानी जाएगी, बल्कि भारत के साथ अपने रिश्तों को प्राथमिकता देकर नई ऊंचाई हासिल करने में कामयाब होगी। आरएसपी के घोषणापत्र में नेपाल-चीन इंडस्ट्रियल पार्क परियोजना को हटा दिया गया था। इसका मतलब नेपाल चीन की हर शर्त या योजना पर आंख मूंद कर मोहर लगाने वाला नहीं होगा। यदि वे भारत के साथ सनातन संबंधों को तरजीह देंगे तो इससे भारत के साथ पूर्ण मैत्री संबंध ही नहीं बनेंगे, बल्कि नेपाल के प्रगति, विकास और संबंधों को स्थायित्व देने में एक नई इबारत लिखी जा सकती है। उम्मीद कर सकते हैं कि नेपाल की नई सरकार अपनी ऐतिहासिक चुनावी जीत के रूप में ही नहीं जानी जाएगी, बल्कि भारत के साथ अपने रिश्तों को प्राथमिकता देकर नई ऊंचाई हासिल करने में कामयाब होगी।

(लेखक स्वतंत्र स्तम्भकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अध्यात्मवाद में समस्त समस्याओं का निदान



संकलित
दर्शन

वर्तमान की समस्त समस्याओं का एक सहज सरल निदान है, अध्यात्मवाद। यदि शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आर्थिक जैसे सभी क्षेत्रों में अध्यात्मवाद का समावेश कर लिया जाए, तो समस्त समस्याओं का समाधान साथ-साथ होता चले और आत्मिक प्रगति के लिए अवसर एवं अवकाश भी मिलता रहे। विषयों में सर्वथा भौतिक दृष्टिकोण रखने से ही सारी समस्याओं का सूत्रपात होता है। दृष्टिकोण में वांछित परिवर्तन लाते ही सब काम बनने लगेंगे। आत्म-परिष्कार से संसार परिष्कृत होता चला जाता है। अपने को सुधारने से सारी समस्याओं का समाधान होता चला जाता है। अपने को ठीक कर लेने से आसपास के वातावरण के ठीक बनने में देर नहीं लगती। यह एक सुनिश्चित तथ्य है कि जो अपना सुधार नहीं कर सका, अपनी गतिविधियों को सुव्यवस्थित नहीं कर सका, उसका भविष्य अंधकार मय ही बना रहेगा। इसीलिए मनीषियों ने मनुष्य की सबसे बड़ी बुद्धिमता उसकी आध्यात्मिक प्रवृत्ति को ही माना है। अध्यात्मवाद का व्यावहारिक स्वरूप है, संतुलन, व्यवस्था एवं औचित्य। शारीरिक समस्या तब पैदा होती है, जब शरीर को भोग साधन समझ कर बरता जाता है। आहार-विहार और रहन-सहन को विचार परक बना लिया जाता है। इसी अनौचित्य एवं अनियमितता से रोग उत्पन्न होने लगते हैं और स्वास्थ्य समाप्त हो जाता है। विभिन्न शारीरिक समस्याओं का आसानी से हल निकल सकता है, यदि इस संदर्भ में दृष्टिकोण को आध्यात्मिक बना लिया जाए।

## हर परेशानी का समाधान समय के साथ



संकलित
प्रेरणा

एक लोक कथा है। पुराने समय में किसी गांव में एक व्यक्ति हमेशा परेशानियों में घिरा रहता था। एक दिन निराशा दूर करने के लिए वह अपने गुरु के पास पहुंचा और कहा कि गुरु जी, मेरे दुख बहुत बढ़ गए हैं। कृपया मुझे कोई उपाय बताइए, जिससे मैं खुश रह सकूं। गुरु ने अपने शिष्य से कहा कि पहले तुम्हें यह समझना होगा कि सच्चा सुख किसे कहते हैं। जाओ, गांव में जो सबसे सुखी व्यक्ति है, उसके घर से मुट्ठीभर अनाज लेकर आओ। शिष्य ने गुरु की आज्ञा मानी और गांव में सबसे सुखी व्यक्ति की खोज में निकल पड़ा। शिष्य पूरे गांव में घूमने के बाद भी किसी सबसे सुखी व्यक्ति को नहीं खोज पाया। अंत में वह गुरु के पास लौट आया और सारी बात बताई। गुरु मुस्कराए और बोले कि देखो, लोग हमेशा दूसरों से तुलना करके दुखी होते हैं। हर व्यक्ति के जीवन में समस्याएं होती हैं मगर समय के साथ उनका समाधान भी हो जाता है। अगर तुम सच्चे सुख को पाना चाहते हो, तो दूसरों पर ध्यान मत दो। अपनी बुराइयों और कमजोरियों को सुधारो। शिष्य ने गुरु की बात समझी और धीरे-धीरे अपने जीवन में इसे लागू किया, उसने देखा कि कुछ ही दिनों में उसके जीवन में शांति आ गई।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### निवेशकों को नुकसान

मध्य एशिया में जो युद्ध की भयानक स्थिति बनी हुई है, उसके चलते शेयर बाजार में भारी गिरावट आ चुकी है। इसके चलते अनेक लोगों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। शेयर बाजार में इस गिरावट से उन लोगों की उम्मीदें टूटी हैं जिनका कारोबार ही शेयर बाजार पर निर्धारित है। शेयर कब औंधे मुंह गिरे, कोई पता नहीं, क्योंकि शयह बाजार कंपनियों पर ही ज्यादा निर्भर होता है। कोई बड़ी कंपनी कब घाटे में चली जाए, यह पता नहीं चल पाता है। दूसरा, शेयर बाजार दुनिया के किसी भी देश में होने वाले युद्ध से प्रभावित होते हैं। हमारे देश में कम लोग ही शेयर बाजार के बारे में जानते हैं, इसलिए हमारे यहां शेयर मार्केट में निवेश करना ही बेहतर विकल्प नहीं है।

*- मनस्वी कौशिक, हिसार*

## ट्रेंड

### जल जीवन मिशन



केंद्रीय कैबिनेट द्वारा 8.69 लाख करोड़ की लागत से जल जीवन मिशन 2.0 को मंजूरी जनकल्याण के प्रति सरकार के कमिटमेंट का प्रतिबिंब है। इससे 19.36 करोड़ ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुँचेगा और जल सेवाओं का ऑपरेशन व मेंटेनेंस और अधिक प्रभावी होगी।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### शी बॉक्स पोर्टल



कार्यस्थल पर महिलाओं के विरुद्ध यौन उत्पीड़न की शिकायतों के समाधान हेतु शी बॉक्स पोर्टल महिलाओं को शिकायतें सहज, सुरक्षित और गोपनीय तरीके से ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा प्रदान करता है।

-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### अर्थव्यवस्था को नुकसान



पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध हमारी अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री में इस पर चर्चा करने का साहस नहीं है। शेयर बाज़ार गिर रहा है, गैस की कीमतें बढ़ रही हैं, इसका सीधा असर आम आदमी, घरेलू बजट और छोटे व मध्यम व्यवसायों पर पड़ रहा है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### गैस-तेल की किल्लत



शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को छोड़कर, बाक़ी सभी कमर्शियल संस्थानों को एलपीजी गैस की सप्लाई बंद कर दी गई है। केवल घरेलू उपयोग के लिए गैस दी जाएगी। आने वाले दिनों में गैस और तेल की स्थिति और ख़राब होने के आसार हैं।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

### सैन्य अभ्यास से चुनौती दी तो भयानक परिणाम भुगतने पड़ेंगे



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने ईरान में जारी जंग के बीच अमेरिका और दक्षिण कोरिया के सालाना संयुक्त सैन्य अभ्यास की कड़ी आलोचना की है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया 'वारियर शील्ड' नाम का फील्ड ट्रेनिंग कार्यक्रम भी चलाते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक सुरक्षा के इस खतरनाक समय में यह अभ्यास क्षेत्र की स्थिरता को नुकसान पहुंचा रहा है। मंगलवार को जारी किए गए बयान में किम यो जोंग ने चेतावनी दी कि उत्तर कोरिया की सुरक्षा को कोई भी चुनौती देने पर 'भयानक परिणाम' भुगतने पड़ेंगे। बता दें कि सोमवार को अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने अपना 11 दिन का 'फ्रीडम शील्ड' अभ्यास शुरू किया था जिसमें हजारों सैनिक शामिल हैं। किम यो जोंग ने ईरान के युद्ध का नाम लिए बिना कहा कि अमेरिका-दक्षिण कोरिया के ये अभ्यास क्षेत्रीय स्थिरता को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जब वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था तेजी से ढह रही है और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में युद्ध छिड़ रहे हैं, तब इन लापरवाह और बदमाश अंतरराष्ट्रीय गुंडों के कृत्यों के कारण यह सब हो रहा है।' 'फ्रीडम शील्ड' अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाओं द्वारा हर साल किए जाने वाले 2 कमांड-पोस्ट अभ्यासों में से एक है।

## ऑफ बीट

### महर्षि दुर्वासा की तपोभूमि है श्री दुर्वेश्वर महादेव

देवभूमि हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला शहर से लगभग दस किलोमीटर दूर नड्डी के समीप डल क्षेत्र में स्थित श्री दुर्वेश्वर महादेव मंदिर ऐसा ही एक पावन तीर्थ है, जहां श्रद्धा, इतिहास और प्राकृतिक सौंदर्य एकाकार हो उठते हैं। मंदिर के ठीक सम्मुख स्थित शांत जलराशि से युक्त डल झील इस स्थल की आध्यात्मिक आभा को और भी गहन बना देती है। मान्यता है कि प्राचीन काल में महर्षि दुर्वासा ने इसी तपोभूमि पर कठोर साधना की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें वरदान मांगने को कहा। महर्षि ने अपने लिए कुछ नहीं मांगा, बल्कि जनकल्याण की भावना से तपस्थली के समीप जल की व्यवस्था का वर चाहा। शिव ने उनकी कामना स्वीकार की और सप्तऋषियों के प्रतीक रूप में सात जलधाराएं फूट पड़ीं। वही जलधाराएं आगे चलकर एकत्रित हुईं और डल झील के रूप में प्रतिष्ठित हुईं। कालांतर में यहां महादेव की स्थापना हुई और यह स्थल (छोटा मणिमहेश) के रूप में विख्यात हो गया। श्रद्धालुओं की आस्था है कि यहां स्नान एवं परिक्रमा से वही पुण्यफल प्राप्त होता है, जो भरमौर स्थित पवित्र मणिमहेश यात्रा से मिलता है। इतिहास के अनुसार इस मंदिर का निर्माण लगभग दो शताब्दी पूर्व घरोह निवासी कलेशर सिंह राणा ने करवाया था।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### सीएम, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी ने किया कार्यशाला को संबोधित

# कार्यकर्ताओं को गढ़ने के लिए प्रशिक्षण वर्ग की आवश्यकता अनुशासन हमारी कार्य पद्धति का अहम हिस्सा: शिवप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हम एक विचार, एक लक्ष्य के लिए कार्य करने वाले कार्यकर्ता हैं। भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है। कार्यकर्ताओं को गढ़ने के लिए प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक हैं। अनुशासन हमारी कार्य पद्धति का हिस्सा है, अनुशासन से ही लक्ष्य हासिल होते हैं। यह बात भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कही। जबलपुर में सोमवार को भाजपा संभागीय कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत विषय वक्ता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला को भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने संबोधित किया। इस दौरान जिन विषयों पर प्रशिक्षण वर्ग में विषय वक्तागण विचार रखेंगे, उन विषयों को लेकर समानांतरण सत्रों में प्रशिक्षकों ने विषय वक्तागणों को प्रशिक्षण प्रदान किया। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि हमें एकाग्र होना होगा, हमें सीखने की मानसिकता बदलनी होंगी। हम एक विचार, एक लक्ष्य के लिए कार्य करने वाले कार्यकर्ता हैं। यह कार्यकर्ताओं को गढ़ने का प्रशिक्षण है। केवल भाषण से ही नहीं सीखा जाता, अपित कार्य व्यवहार से भी सीखा जाता है। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को अपने संगठन के इतिहास, संघर्षों और योगदान की भी जानकारी होनी चाहिए।



प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते शिवप्रकाश।

### भाजपा प्रशिक्षण और कार्यपद्धति से दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनी: डॉ. यादव



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण और कार्यपद्धति से विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है। यह केवल एक राजनैतिक दल नहीं है, बल्कि एक विचारधारा है, जो राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता और एकात्म मानववाद पर आधारित है। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश की सेवा और उसकी रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

### पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रशिक्षण आवश्यक : प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग भाजपा की कार्यपद्धति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यकर्ताओं के लगातार प्रशिक्षण और पार्टी की कार्य पद्धति की वहज से ही भाजपा अजेय पार्टी बनी है। जब हम लगातार सत्ता में रहते हैं तो जनता की नजर भी हम पर रहती है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है कि कार्यकर्ता अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ संगठन तथा समाज के लिए कार्य करें।

### संगठन और विचारधारा से ही पार्टी को मिली सफलता: डॉ. सिंह

*भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारा संगठन राष्ट्रवादी विचारधारा पर आधारित है। यह संगठन सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता विचारधारा से प्रेरित होते हैं और यही विचारधारा हमारे संगठन को मजबूत बनाती है। यह विचारधारा किसी एक व्यक्ति से नहीं, बल्कि पूरे संगठन से जुड़ी होती है, और संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता के अंदर इस विचारधारा का समावेश जरूरी है।*



## खबर संक्षेप

### युवाओं में राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का मंच है एनएसएस



**भोपाल।** राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सामाजिक संवेदनशीलता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच है। यह बात मंत्री परमार ने चित्रकूट स्थित उद्यमिता विद्यापीठ के विवेकानंद सभागार में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर कही। मंत्री परमार ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और उन्हें निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं और अपने ज्ञान व ऊर्जा का उपयोग जनकल्याण के कार्यों में करें। युवाओं की भागीदारी से ही समाज और राष्ट्र के विकास को गति मिलती है। यह शिविर 14 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।

### पीएम श्रम योगी मान-धन योजना अंतर्गत पंजीयन में मप्र चौथे स्थान पर

**भोपाल।** पीएम श्रम योगी मान-धन योजना में 15 जनवरी से 8 मार्च तक आयोजित विशेष पंजीयन अभियान में श्रमिकों के पंजीयन में मप्र ने देश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। मध्यप्रदेश के बैतूल में सर्वाधिक 1771 पंजीयन हुए है। बैतूल जिला देश के जिलों में दूसरे स्थान पर तथा नर्मदापुरम जिला 1501 पंजीयन के साथ तीसरे स्थान पर रहा है। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले रेहड़ी-पटरी वाले, रिक्शा चालक, घरेलू कामगार आदि जिनकी आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच है तथा मासिक आमदनी 15 हजार रूपये से कम है, उनके लिये केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना प्रारम्भ की गई है। योजना में पंजीकृत श्रमिक को 60 वर्ष की आयु के बाद प्रतिमाह 3 हजार रुपये निश्चित मासिक पेंशन दिये जाने का प्रावधान है।

### महिलाओं के लिए जबलपुर में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर को सीएम ने किया संबोधित

# सर्वाइकल कैंसर से बेटियों को बचाएगा एचपीवी वैक्सीन का एक टीका: डॉ.यादव

**बहनों से सुरक्षा की गारंटी वाले टीके का लाभ लेने का किया आव्हान, राज्य सरकार लाड़ली बहनों और लाड़ली लक्ष्मी बेटियों के साथ महिलाओं को बना रही है**





मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने जबलपुर के गीता भवन में फिट इंडिया वुमन्स वीक-2026 अंतर्गत राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के कार्यक्रम को संबोधित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में माताओं-बहनों के स्वास्थ्य की चिंता करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सर्वाइकल कैंसर बेटियों की जिंदगी में सबसे कठिन समय होता है। मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर एचवीपी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई है। इसमें 14 वर्ष से अधिक आयु की बेटियों को 4 हजार रुपए मूल्य का यह टीका निःशुल्क लगाया जा रहा है।

वैक्सीन का एक टीका गर्भाशय एवं ग्रीवा कैंसर के प्रति भविष्य में बेटियों को जीवनभर की सुरक्षा की गारंटी देगा और उन्हें गंभीर रोग से बचाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जबलपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंफोर्मेशन सेंटर में महिलाओं के लिए आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आहवान किया कि बहनें और बेटियां सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण का लाभ लेकर टीका अवश्य लगवा लें। सीएम ने टीका लगवा चुकी बेटियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। साथ ही जबलपुर में 37 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार लाड़ली बहनों से लेकर लाड़ली लक्ष्मी बेटियों तक निरंतर जनकल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ा रही है। लाड़ली बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार योजना की राशि को निरंतर बढ़ा रही है। प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को अब 1500 रुपए की राशि हर माह उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है।

#### 37 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में 10.51 करोड़ लागत से आधुनिक जनपद भवन का भूमि-पूजन और 27.16 करोड़ लागत से नवनिर्मित गीता भवन सहित 3 अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 21 स्वास्थ्य एवं उप स्वास्थ्य केंद्र और सोलर ट्रैफिक सिस्टम शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संस्कार धानी जबलपुर की छटा देश में सबसे अलग है।

#### नेत्र दिव्यांग बालिकाओं का किया सम्मान

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एचपीवी टीकाकरण पूर्ण कर चुकी बालिकाओं जिया सेन और अंशी विश्वकर्मा को प्रतीकात्मक रूप से प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने नेत्रहीन कन्या विद्यालय जबलपुर की बालिकाओं से भेंट कर उनका सम्मान भी किया।

### अधिकारियों-कर्मचारियों का बढ़ाया मनोबल

## आईजी झा ने किया जशपुर जिले का वार्षिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर

सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा ने मंगलवार को जशपुर जिले का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रक्षित केंद्र जशपुर पहुंचकर परेड की सलामी ली। उन्होंने पुलिस बल के अनुशासन, वेश-भूषा और कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया। आईजी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने रक्षित केंद्र में शासकीय वाहनों की स्थिति का जायजा लिया। वाहन शाखा, कैश शाखा, स्टोर शाखा और पुलिस कैंटीन की व्यवस्थाएं भी देखीं।



#### आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत

पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिसकर्मियों को नशे और भ्रष्टाचार से दूर रहने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी पुलिसकर्मी की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। हाल ही में गांजा तस्करी के मामले में संलिप्त दो पुलिसकर्मियों को जेल भेजा गया है। यह दर्शाता है कि ऐसे मामलों में कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

#### आईजी ने लगाया पुलिस दरबार

आईजी ने सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद आयोजित पुलिस दरबार में उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। आईजी ने पुलिसकर्मियों को अनुशासन, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने की नसीहत दी। उन्होंने आधुनिक पुलिसिंग के लिए कंप्यूटर ज्ञान को आवश्यक बताया। सभी पुलिसकर्मियों को तकनीकी रूप से दक्ष होने की सलाह दी। लंबित प्रकरणों की ली जानकारी आईजी दीपक झा ने सिटी कोतवाली जशपुर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। आईजी ने सभी लंबित मामलों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह, एएसपी राकेश पाटनवार सहित जिले के सभी एसडीओपी, थाना प्रभारी और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### विधानसभा में गलत जानकारी देने का मामला

## उपायुक्त सस्पेंड, जबकि आईएएस समेत नौ अफसरों की टेबल से होकर गया था जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में गलत जानकारी भेजने के मामले में सरकार ने इंदौर नगर निगम की उपायुक्त लता अग्रवाल को निलंबित कर दिया है। हालांकि जिस जवाब को लेकर कार्रवाई की गई, वह आईएएस अधिकारियों समेत नौ वरिष्ठ अफसरों की टेबल से गुजरने के बाद विधानसभा में भेजा गया था। ऐसे में सिर्फ एक अधिकारी पर कार्रवाई होने से प्रशासनिक हलकों में सवाल उठने लगे हैं।

मामला इंदौर नगर निगम से जुड़े एक सवाल का है, जिसमें विधानसभा में यह जानकारी दी गई कि शहर में एक भी सफाई निरीक्षक (सैनिटरी इंस्पेक्टर) नहीं है। बाद में यह जानकारी गलत पाई गई। इसके बाद सरकार ने जवाब तैयार करने में लापरवाही मानते हुए उपायुक्त को सस्पेंड कर दिया। जानकारी के मुताबिक, विधानसभा में भेजे जाने वाले जवाब की फाइल नगर निगम के कई स्तरों से होकर गुजरती है। इसमें संबंधित शाखा, वरिष्ठ अधिकारी और आईएएस स्तर के अधिकारी भी शामिल रहते हैं। इसके बावजूद कार्रवाई केवल उपायुक्त तक सीमित रहने से पूरे मामले पर चर्चा तेज हो गई है।

> इंदौर नगर निगम में एक भी सफाई निरीक्षक के न होने की दी थी जानकारी, जो गलत निकली

सूत्रों के अनुसार, विधानसभा के प्रश्नों के जवाब तैयार करने की प्रक्रिया में हर स्तर पर तथ्यों का परीक्षण होना चाहिए। लेकिन इस मामले में कई स्तरों पर फाइल गुजरने के बावजूद गलती पकड़ में नहीं आई। प्रशासनिक जानकारों का कहना है कि यदि जवाब कई अधिकारियों की टेबल से होकर गया था तो जिम्मेदारी भी सामूहिक रूप से तय होनी चाहिए। फिलहाल सरकार ने इस मामले में उपायुक्त को निलंबित करते हुए आगे की जांच के संकेत दिए हैं।

## सोफे के अंदर फुफकार रहा था जहरीला कोबरा, बाल-बाल बचे परिवार के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के रिसदी क्षेत्र में लक्ष्मी के घर उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब परिवार के लोगों को सोफे के अंदर से फुंकारने की आवाज सुनाई दी। ध्यान से देखने पर पता चला कि सोफे के भीतर एक जहरीला कोबरा छिपा हुआ था। यह देखकर घर के लोग घबरा गए और तुरंत घर से बाहर भाग खड़े हुए।

उन्होंने तत्काल सर्प मित्र को सूचना दी और बचाव अभियान शुरू किया गया। हालांकि, यह बचाव कार्य इतना आसान नहीं था। कोबरा सोफे के अंदर गहराई में छिपा था और लगातार अपनी जगह बदल रहा था। कुछ समय तक मानो कोबरा और बचाव दल के बीच लुका-छिपी का खेल चलता रहा। स्थिति को देखते हुए सोफे को सावधानीपूर्वक थोड़ा काटना पड़ा। आखिरकार कोबरा बाहर निकला और दल ने उसे सुरक्षित पकड़ लिया।



#### सुरक्षित पकड़ाया कोबरा, ली राहत की सांस

*काफी सतर्कता और अनुभव के साथ दल ने कोबरा को सुरक्षित पकड़ा। बचाव सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद घर के लोगों ने राहत की सांस ली। उन्होंने बचाव दल के इस सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद दिया। राहत दल लगातार क्षेत्र में वन्यजीवों को सुरक्षित बचाने का कार्य कर रहा है। यह दल लोगों में जागरूकता फैलाने का भी सराहनीय कार्य कर रहा है। सर्प विशेषज्ञ ने बताया कि सांप अक्सर चूहों की मौजूदगी के कारण शिकार की तलाश में घरों में पहुंच जाते हैं। संभवतः सोफे के अंदर चूहे की गंध होने के कारण कोबरा वहां छिपा था। उन्होंने लोगों से घर के आसपास साफ-सफाई रखने की अपील की। चूहों को पनपने न देने और किसी भी वन्यजीव को देखकर घबराने की बजाय तुरंत बचाव दल को सूचना देने को कहा।*

### पुसौर थाना क्षेत्र का मामला, चोरों की तलाश जारी

## सो रहे थे परिवार के सदस्य, चोरों ने उड़ा लिया लाखों रुपए का माल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में अज्ञात चोरों ने एक मकान में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात के अलावा नगदी रकम समेत लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस अपराध दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है। मामला पुसौर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, राजीव कुमार डनसेना निवासी छपोरा ने पुसौर थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह एनटीपीसी में पिछले पांच साल से डेस्क ऑपरेटर के पद पर पदस्थ है। पीड़ित ने बताया कि 8 मार्च की रात सभी खाना खाकर परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। इसी बीच देर रात अज्ञात चोर उनके मकान में घुसकर खुंटी से कमरे की चाबी निकालकर एक कमरे में रखे आलमारी एवं पेटी से सोने चांदी के जेवरात के अलावा नगदी रकम 60 हजार रूपये निकालकर फरार हो गए।



#### सुबह सोकर उठे तो मिली घटना की जानकारी

*पीड़ित ने बताया कि सुबह 6 बजे जब उसकी पत्नी उठी तो देखा कि कमरे का ताला निकला हुआ था एवं पेटी खुली हुई थी। जिसके बाद ही उन्हें घर में चोरी होने की जानकारी हुई। राजीव कुमार डनसेना ने बताया कि अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के जेवरात के अलावा नगदी रकम मिलाकर कुल 3 लाख 10 हजार की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बहरहाल राजीव कुमार डनसेना की सूचना के बाद पुसौर पुलिस के अलावा डॉग स्वायड, फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच की।*

### सीएजी की रिपोर्ट से अवैध कब्जे का खुलासा

## 126 अवैध निर्माण कर बनाए मैरिज गार्डन, खड़े किए होटल-कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में शासकीय जमीन और नालों पर कब्जा कर बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। ऑडिट में खुलासा हुआ है कि प्रदेश में 126 स्थानों पर अवैध निर्माण कर मैरिज गार्डन बना दिए गए, जबकि कई जगह नालों को पाटकर होटल, कॉलेज और अन्य व्यावसायिक इमारतें खड़ी कर दी गईं।

रिपोर्ट के मुताबिक इन मैरिज गार्डन संचालकों को अवैध निर्माण हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन अधिकांश मामलों में न तो जवाब दिया गया और न ही कार्रवाई आगे बढ़ाई गई। कई मामलों में तो दूसरा नोटिस तक जारी नहीं किया गया।

ऑडिट में यह भी सामने आया कि कई शहरों में नालों और नदियों के किनारे खाली जगह छोड़ने के नियमों का पालन नहीं किया गया। कई जगह नालों को पाइप में डालकर ढंक दिया गया।

#### बड़े शहरों में ज्यादा मामले

रिपोर्ट के अनुसार भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में नालों के आसपास बड़े पैमाने पर निर्माण हुआ है।

- भोपाल – 150 स्थान
- इंदौर – 150 स्थान
- ग्वालियर – 128 स्थान
- जबलपुर – 70 स्थान
- उज्जैन – 36 स्थान

इस तरह कुल 539 स्थानों पर नालों के आसपास निर्माण पाया गया है।

#### नोटिस के बाद भी कार्रवाई अधूरी

जांच में 132 मैरिज गार्डन अनाधिकृत पाए गए थे, जिन्हें नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इनमें से पांच संचालकों ने गार्डन बंद कर दिए, लेकिन 126 मैरिज गार्डन अब भी संचालित हो रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कई मामलों में विकास अनुमति देते समय लेआउट में नालों को दिखाया ही नहीं गया।

### ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने के संबंध में कलेक्टर्स को जारी होंगे निर्देश

**रोजाना 400 से अधिक फाइलों का हो रहा ऑनलाइन मूवमेंट**

## मुख्य सचिव जल्द करेंगे ई-ऑफिस सिस्टम की समीक्षा, अब तहसील और ब्लॉक स्तर के कार्यालयों में लागू करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में सरकारी कामकाज को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में सरकार ई-ऑफिस सिस्टम को निचले स्तर तक लागू करने की तैयारी में है। मंत्रालय, विभागाध्यक्ष कार्यालयों और जिला स्तर के सरकारी दफ्तरों में लागू होने के बाद अब तहसील और ब्लॉक स्तर के कार्यालयों में भी ई-ऑफिस सिस्टम लागू किया जाएगा।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्य सचिव कार्यालय जल्द ही ई-ऑफिस सिस्टम के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा करेगा। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा तहसील और ब्लॉक स्तर के सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने के संबंध में सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किए जाएंगे प्रदेश में एक जनवरी 2025 से मंत्रालय में ई-ऑफिस सिस्टम लागू किया गया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसका शुभारंभ किया था।

इस व्यवस्था का उद्देश्य मंत्रालय के कामकाज में पारदर्शिता और गति लाना तथा फाइलों के मूवमेंट को ऑनलाइन करना है। शुरुआत में अधिकारियों और कर्मचारियों को नए सिस्टम पर काम करने में दिक्कतें आईं, लेकिन धीरे-धीरे वे इसके अभ्यस्त हो गए। वर्तमान में मंत्रालय में विभिन्न विभागों में रोजाना 400 से अधिक फाइलों का ऑनलाइन मूवमेंट हो रहा है।



अनुराग जैन

#### ई ऑफिस में काम करना कर्मचारियों के लिए अनिवार्य

*मंत्रालय के बाद दूसरे चरण में विभागाध्यक्ष कार्यालयों और तीसरे चरण में जिला मुख्यालयों के सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम लागू किया गया। हालांकि जिलों में अभी भी कई अधिकारी-कर्मचारी ई-ऑफिस सिस्टम पर पूरी तरह काम करने से कतरा रहे हैं, लेकिन मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से स्पष्ट निर्देश हैं कि सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस पर काम करना अनिवार्य होगा। अब वे मंत्रालय, विभागाध्यक्ष कार्यालयों और जिला स्तर के कार्यालयों में इसके क्रियान्वयन की स्थिति का फीडबैक लेंगे और इसे लागू करने की तैयारियों पर भी अधिकारियों से चर्चा करेंगे।*

#### 2017 में बनी थी कार्ययोजना

यह कार्ययोजना वर्ष 2017 में तैयार की गई थी। इसके तहत मंत्रालय में नए कंप्यूटर और स्कैनर खरीदे गए थे और राष्ट्रीय सूचना केंद्र (एनआईसी) के माध्यम से अधिकारियों-कर्मचारियों को सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण दिया गया था। मार्च 2018 में तत्कालीन सरकार के कार्यकाल में मंत्रियों को भी इसका प्रशिक्षण दिया गया था।

#### मंत्री अब भी मेनुअली निपटा रहे फाइलें

मंत्रालय में ई-ऑफिस सिस्टम लागू हुए एक साल से अधिक समय हो चुका है, लेकिन प्रदेश सरकार के मंत्री अब भी अधिकांश फाइलों को मैनुअल तरीके से ही निपटा रहे हैं। जबकि उनके निजी स्टाफ को ई-ऑफिस सिस्टम का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

#### ई-ऑफिस सिस्टम के फायदे

- फाइलों का मूवमेंट तेज हुआ
- हर फाइल की लोकेशन ट्रेस करना आसान
- फाइल निपटाने की समय-सीमा तय होने से जवाबदेही बढ़ी
- कागज की खपत में कमी और रिकॉर्ड प्रबंधन आसान
- एक क्लिक पर फाइल कंप्यूटर या लैपटॉप पर उपलब्ध



# धुरंधर 2 का नया पोस्टर जारी ईश्वर के प्रकोप का दिया संकेत

**मुंबई।** रणवीर सिंह की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' का एक नया पोस्टर जारी हो चुका है। फैंस पोस्टर में रणवीर सिंह के दोनों लुक को लेकर काफी उत्सुक हैं। 'धुरंधर 2' के नए पोस्टर में रणवीर सिंह दो अलग-अलग किरदारों में दिख रहे हैं- जसकिरत सिंह रंगी और हमजा अली मजारी। उन्होंने पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'ईश्वर का प्रकोप आ रहा है'। फिल्म के पोस्टर को देखने के बाद फैंस काफी उत्साहित हैं। फैंस 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के लुक को देखकर बहुत खुश हैं। सोशल मीडिया पर लोग तारीफ कर रहे हैं और फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।

लाइफ Style



# अनीत
## बायोपिक में कास्टिंग की खबरें बेबुनियाद

लेजेंडरी एक्ट्रेस मधुबाला की बायोपिक की चर्चा काफी लंबे समय से चल रही है। हाल ही खबर आई कि इसमें मधुबाला का किरदार 'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा निभाएंगी, पर ऐसा नहीं है। अब इंडस्ट्री के सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह गलत बताया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनीत पड्डा फिल्म में मधुबाला का किरदार नहीं निभाएंगी। एक सोर्स ने साफ किया कि अनीत पड्डा का नाम मधुबाला बायोपिक से जोड़ना एकदम गलत है। सोर्स ने कहा कि अनीत पड्डा को लेकर जो भी खबरें उड़ रही हैं, उनमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। मधुबाला भारतीय सिनेमा का एक बहुत बड़ा नाम हैं, इसलिए इन अफवाहों ने फिल्म प्रेमियों के बीच काफी हलचल मचा दी थी। पर सोर्स ने फिर से जोर देकर कहा कि अनीत पड्डा के प्रोजेक्ट (मधुबाला की बायोपिक) से जुड़ने की बात सिर्फ एक अफवाह है और फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। इससे पहले खबरें आई थीं कि मधुबाला की बायोपिक में कियारा आडवाणी दिवंगत एक्ट्रेस का किरदार निभाएंगी, पर वो खबरें भी अफवाह साबित हुईं। अनीत पड्डा की बात करें, तो उन्होंने साल 2022 में फिल्म 'सलाम वैंकी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, पर स्टारडम 2025 में रिलीज हुई 'सैयारा' से मिला। अब अनीत पड्डा फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आएंगी। फिल्म में 'होमबाउंड' फेम विशाल जेठवा भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है।

हॉलीवुड मसाला



# पति बेनी को दी जन्मदिन की बधाई

**लॉस एंजिल्स।** सेलेना गोमेज ने अपने पति बेनी ब्लैंको के जन्मदिन पर खास शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ अनदेखी शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी शादी के पल और निजी जीवन की झलक दिखाई दी। सेलेना ने अपनी इस पोस्ट में शादी की कई रोमांटिक फोटोज शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ सेलेना ने कैप्शन में पति बेनी ब्लैंको को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। मैं तुम्हें पूरे दिल से प्यार करती हूं।'



# डॉल्बी थिएटर में होगा 98वां ऑस्कर अवॉर्ड समारोह...

**लॉस एंजिल्स।** कुछ ही दिनों में ऑस्कर 2026 का आयोजन होने वाला है और अब इसे लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस साल का कार्यक्रम और ज्यादा खास होने वाला है, क्योंकि इसे कोनन ओ'ब्रायन होस्ट करने वाले हैं। इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह में प्रियंका चोपड़ा भी शामिल होने वाली हैं। 98वां अकादमी अवॉर्ड समारोह 15 मार्च को हॉलीवुड के लॉस एंजेलिस स्थित मशहूर डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्री की नजरें इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह पर टिकी हुई हैं। भारत में टाइम डिफरेंस की वजह से दर्शक इस समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देख सकेंगे। आप जियो हॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर सुबह 4:30 बजे से इसकी लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।



# है जवानी तो इश्क... की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े सहित कई कलाकार नजर आएंगे। इस रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस पोस्ट के हिसाब से 'है जवानी तो इश्क होना है' अब 5 जून की जगह 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक आधिकारिक बयान में लिखा, 'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' मूल रूप से 5 जून को रिलीज होने वाली थी, जिसकी घोषणा हमने कई महीने पहले की थी। इस महीने की शुरुआत में, यश अभिनीत फिल्म 'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज तारीख की घोषणा की। 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' पहले 19 मार्च को रिलीज होने वाली थी।



# लाहौर 1947 का नहीं बदला टाइटल...

**मुंबई।** राजकुमार संतोषी की फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल को लेकर फिर से नया अपडेट सामने आया है। पहले खबर थी कि इसका नाम बदलकर 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है लेकिन, ऐसा नहीं है और इसकी पुष्टि आमिर खान ने की है। सनी देओल के फैंस 'बॉर्डर 2' के बाद उनकी अगली और चर्चित फिल्म 'लाहौर 1947' की रिलाज का इंतजार कर रहे हैं, जिसे राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है और आमिर खान प्रोडक्शन में बनी है। इस मूवी के टाइटल को लेकर बीच में अपडेट आया था कि उसे बदल दिया गया और उसका नया नाम 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है। लेकिन, प्रोड्यूसर ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है। आमिर खान से जब फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल में बदलाव के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'ये आपने कहां सुना?

टीवी मसाला



# कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो जरूर अनुपमा में करूंगा वापसी

**नई दिल्ली।** अनुपमा में अनुज की भूमिका निभाकर पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले गौरव खन्ना किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। गौरव को इस शो में इतना पसंद किया गया कि फैंस उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। स्टार प्लस के शो अनुपमा में अनुज का कैरेक्टर बहुत ही मजबूत तरीके से दिखाया गया था। इस शो में दर्शकों ने अनुज के कैरेक्टर को इतना पसंद किया कि गौरव खन्ना हर किसी के फेवरेट बन गए। इस शो का हिस्सा बनने के बाद गौरव खन्ना को बिग बॉस 19 में देखा गया। इस शो के वो विनर बने. उसके बाद से फैंस को लगने लगा कि बिग बॉस के बाद गौरव खन्ना अब अनुपमा में वापसी करेंगे। अब गौरव खन्ना ने खुद इस बात को कंफर्म कर दिया है कि वो इस शो का हिस्सा बनेंगे या नहीं। एक इंटरव्यू में जब गौरव खन्ना से पूछा गया कि क्या वो फिर से अनुपमा में अनुज के तौर पर वापसी करेंगे। ऐसे में गौरव खन्ना ने जो जवाब दिया वो काफी मजेदार था। गौरव खन्ना ने कहा,'आप गलत इंसान से इस बारे में पूछ रहे हैं। क्योंकि, अनुपमा में वापसी करना मेरे हाथ में नहीं है। ये हमारे प्रोड्यूसर राजन शाही और चैनल स्टार प्लस पर डिपेंड करता है। अगर स्टोरी में मेरे लिए कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो मैं जरूर वापस आऊंगा। लेकिन, अगर ट्रैक एक्साइटिंग नहीं है तो मैं वापस नहीं आऊंगा।

## गुस्सा जायज है, घाव गहरे थे

**नई दिल्ली।** निक्की तंबोली कुछ दिन पहले ही रियलिटी 'द 50' से बाहर हुईं। हाल ही में उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी शो से बाहर हो गए। अब शो में कुछ इंफ्लुएंसर, टीवी आर्टिस्ट बाकी रह गए हैं। अपनी हालिया पोस्ट में



बिना किसी का नाम लिए निक्की तंबोली ने 'द 50' के कुछ प्रतियोगियों पर निशाना साधा है। निकी तंबोली ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इसमें वह लिखती हैं, 'मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स करवाने से ज्यादा मेहनत अगर अपनी लाइफ पर करते तो शायद कोलेबोरेशंस से जिंदगी नहीं चलती। मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स खरीदने से अच्छा है, अपनी रिस्पेक्ट खरीद लो। शायद ज्यादा काम आ जाए।' वह आगे लिखती हैं, 'गुस्सा जायज है। घाव गहरे थे।' निक्की तंबोली ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि वह टीवी एक्टर प्रिंस नरुला और टीवी पर्सनालिटी शिव ठाकरे पर निशाना साध रही हैं। यह दोनों इस वक्त 'द 50' शो का हिस्सा हैं। जब निक्की और उनका बॉयफ्रेंड शो में थे तो शिव ठाकरे और प्रिंस नरुला से कई बार झगड़ा हुआ। 'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं।

# पद्मा कभी अमिताभ की बनी थीं हीरोइन खूब चलाया था कैबरे डांस का जादू ...

*नई दिल्ली। भोजपुरी फिल्मों से अपना फिल्मी सफर शुरू करने वालीं पद्मा खन्ना ने अमिताभ बच्चन के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' और देवा आनंद के गाने 'हुस्न के लाखों रंग' में नजर आईं। फिल्मी और टीवी की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे हैं जो अपने नाम से अधिक अपने किरदार की वजह से जाने जाते हैं। ऐसे ही कलाकारों की लिस्ट में एक नाम पद्मा खन्ना का रहा है जो टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में रानी कैकेयी के किरदार से घर-घर में पहचानी जाती थीं। 70 और 80 के दशक में खन्ना अपनी खूबसूरती, डांस और एक्टिंग से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी। शायद बहुत कम लोगों को ये पता हो कि उनके फिल्मी सफर की शुरुआत के पीछे की वजह मशहूर एक्ट्रेस वैजयंती माला थीं, जिन्होंने पद्मा का डांस देखकर उन्हें फिल्मों में किस्मत आजमाने की सलाह दी थी। एक्ट्रेस से मिली यही छोटी सी सलाह आगे चलकर उनके जीवन का बड़ा मोड़ साबित हुई।*



## अमिताभ के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' गाना

पद्मा खन्ना के करियर का एक और अहम पड़ाव फिल्म 'सौदागर' रही, जिसमें वह महानायक अमिताभ बच्चन के साथ नजर आईं। इस फिल्म का गाना 'सजना है मुझे सजना के लिए' उस दौर का बेहद लोकप्रिय गाना बना। धीरे-धीरे वह हिंदी और भोजपुरी दोनों फिल्म इंडस्ट्री में एक जानी-मानी एक्ट्रेस बन गईं और अपने डांस के लिए खास तौर पर पहचानी जाने लगीं।

## 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से शुरुआत

पद्मा खन्ना ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत भोजपुरी फिल्म 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से की। उस समय उनकी उम्र लगभग 14 साल थी। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय फिल्मों में गिनी जाती है। इसके बाद उन्होंने कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे इस इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली। 'बिदेसिया', 'बलम परदेसिया', 'धरती मइया', और 'भैया दूज' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी पसंद किया गया।

# ताहिर ने पूरी की अनाम फिल्म की शूटिंग, साझा की तस्वीरें...



**मुंबई।** ताहिर राज भसीन जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर कई तस्वीरें साझा की हैं। अभिनेता ताहिर राज भसीन ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह विक्रम फडनिस के निर्देशन में बना प्रोजेक्ट है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभिनेता ने अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है। ताहिर राज भसीन ने शूटिंग पूरी करने के बाद इंस्टाग्राम पर शूटिंग से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में ताहिर अपने किरदार में और कुछ अहम सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ बिताए मजेदार पलों की भी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने शूटिंग के बीच आराम करते और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए कलाकारों और क्रू की तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में फिल्म की बाकी कास्ट सयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी नजर आ रहे हैं। तस्वीरें साझा करते हुए ताहिर ने प्रोजेक्ट के पूरा होने पर एक भावुक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शूटिंग पूरी हो गई। यह एक शानदार सफर रहा। विक्रम फडनिस आपका धन्यवाद जिन्होंने एक दिल को छू लेने वाला किरदार लिखा और निर्देशित किया, जिसे निभाना मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। आपकी इस मेहनत से बनी फिल्म को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है। ओजाजय, लेंस के जादूगर हैं। हर दिन अपनी उत्कृष्टता लाने और कलात्मकता के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए धन्यवाद। हद से

## हम घास की गठरियों पर आराम करते थे : सुप्रिया

# 80 के दशक में न वॉशरूम होते थे, और न ही वैनिटी वैन

*नई दिल्ली। 'खिचड़ी' एक्ट्रेस सुप्रिया पाठक ने 80 के दौर के फिल्म सेट की कहानी सुनाई और बताया कि तब वॉशरूम, वैनिटी वैन या आराम करने के लिए उचित जगह जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी कैसा अभाव रहा करता था। शाहिद कपूर की सौतेली मां सुप्रिया पाठक ने 'मिर्च मसाला' की शूटिंग के दौरान का एक किस्सा सुनाया। इस फिल्म की शूटिंग के लिए मिर्च फैक्ट्री में बिताए अपने अनुभव को शेयर किया और बताया कि कैसे एक दर्जन महिलाएं वहां घास और भूसे के गठरियों पर आराम करती थीं। हालांकि, 'खिचड़ी' एक्ट्रेस ने कहा कि इस तरह के माहौल में काम करने के पीछे की वजह एक्टर्स का जुनून होता था।*

## 80 से 90 के दशक में कैसा होता था फिल्मों का सेट

बातचीत में सुप्रिया ने 80 से 90 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री को लेकर बातें करते हुए बताया कि तब कैसे एक्टर्स वैनिटी वैन के बिना काम करते थे। उन्होंने कहा, 'जो जुनून था हमारे अंदर एक्टिंग का या किरदार बनाने का, उसकी वजह से बाकी सारी चीजों की अहमियत कम लगती थीं। पर धीरे-धीरे एहसास हुआ कि नहीं, ये भी जरूरी है।'

## बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए

उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा, 'आपको कोई एक बैठने की जगह चाहिए और खासकर महिलाओं के लिए, आपको एक बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए। मतलब मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं या तो उपलब्ध नहीं कराई जाती या होती ही नहीं थी।' मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं होती थीं।



## घास के बड़े-बड़े बंडल पर हम पूरे दिन बैठते थे

सुप्रिया पाठक ने कहा, 'मैंने एक फिल्म की थी मिर्च मसाला, जिसे केतन मेहता जी ने डायरेक्ट किया था। उसमें हम सारी औरतें थीं, करीब 10 महिलाएं थीं। तब हम मिर्ची की फैक्ट्री में शूट कर रहे थे। वो एक छोटा सा गांव था और वहां बेतहाशा गर्मी थी। वहां पीछे एक शेड जैसा था जहां घास रखे हुए थे। शायद मिर्ची को साफ करने का कोई प्रोसेस वहां होता था। तो बड़े-बड़े बंडल बनाकर रख दिए थे और हम पूरे दिन उसी पर बैठते थे।'

## कुछ भी करके बैठ जाते थे

पाठक ने कहा, 'एक एक्टर के लिए जैसे हमारे वहां स्पॉट बॉय होते थे, चाय लाना, अगर आप सर्दी में शूट कर रहे हो, कहीं भी शूट कर रहे हो तो बुनियादी सुविधाएं तो चाहिए ही। खाना, पानी, चाय, ये सब बेसिक चीजें जरूरी होती हैं। फिर मुझे लगता है कि धीरे-धीरे ये सारे बदलाव होंगे। हमारी इंडस्ट्री में आने लगे। आज शूटिंग करना काफी कंफर्टेबल होगा, चाहे आप कहीं भी हों। पहले के टाइम से काफी अलग है। हमारा वक्त तो हम सचमुच कहीं भी, कुछ भी करके बैठ जाते थे। '

## बाजार व राम-लीला के लिए मिले थे अवॉर्ड

बताते चलें की सुप्रिया पाठक ने अपनी मां दीना पाठक के साथ थिएटर से एक्टिंग की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने 'कलयुग' (1981) से फिल्मों में कदम रखा। पाठक को 'बाजार' (1982) और 'राम-लीला' (2013) के लिए अवॉर्ड भी मिले। उन्होंने 'मासूम' और 'मिर्च मसाला' जैसी फिल्मों, 'खिचड़ी' (हंसा के रूप में) और 'साराभाई वर्सेस साराभाई' जैसे टीवी शो में भी जानदार एक्टिंग की। इन सबके अलावा पाठक ने 'सरकार', 'वेक अप सिड', 'रेड 2' और 'खिचड़ी 2' में भी काम किया। एक्टिंग के अलावा सुप्रिया अपने पति पंकज कपूर के साथ एक प्रोडक्शन हाउस चलाती हैं।